www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 19 मई , 2024

वर्ष – 17 | अंक –43 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

साहित्य

उपन्यास : चुप क्यों हो बसंती पृष्ठ 06

झारखंड में पांचवें चरण में उन तीन सीटों पर मतदान जहां ... पृष्ठ 10

भाजपा का अहंकार है चार सौ सीटें जीतने का नारा : अखिलेश पृष्ठ 02

- स्वाति मालीवाल मामला राजनीतिक षड्यंत्र : आप
- भाजपा की हताशा को दर्शाता है कन्हैया कुमार पर ... 03

- हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है इजरायल : रक्षा मंत्री
- अफगानिस्तान में बारिश, तूफान और बाढ़ से 50 की मौत 07

सार संक्षेप

भाजपा को संघ की जरूरत नहीं, उस पर लगाएगी प्रतिबंध : उद्धव

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की जरूरत नहीं है, वह जल्द ही उस पर प्रतिबंध लगाएगी। मुंबई में आयोजित इडिया-एमवीए संयुक्त मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक साक्षात्कार का जिक्र किया।

अकाली दल की हंस राज हंस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने चुनाव आयोग से फरीदकोट से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार हंस राज हंस द्वारा किसान संगठनों को दी गई कथित धमकियों का संज्ञान लेने और पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश देने का आग्रह किया। शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा, 'हंस राज हंस ने किसान संगठनों को खुलेआम धमकियां दी हैं और घोषणा की है कि चुनाव के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

मणिपुर में फिर हिंसा, एक को गोली मारी

इंफाल। मणिपुर की राजधानी के खुंबोंग जिले में शनिवार को एक युवक को को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी गई जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद युवक को यहां एक अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है और गोली किसने चलाई थी और अपराध का मकसद क्या था। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

'फल पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का प्रतिबंध सुनिश्चित करें'

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड पर प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार फल कारोबारियों को फल, विशेष रूप से आम पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

आकाश व पोयमंती बैस्या की जोड़ी ने जीता खिताब

नेवसेहिर। भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने शुक्रवार को तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता।

स्वाति मालीवाल मामले में बिभव गिरफ्तार

'आप' नेता आतिशी ने कहा, इन सबके पीछे भाजपा का हाथ

- केजरीवाल के निजी सचिव हैं बिभव कुमार
- मालीवाल ने मारपीट का आरोप लगाया

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सिविल लाइन थाने में बिभव कुमार से पूछताछ की । पुलिस ने बिभव कुमार को पहले हिरासत में लिया था। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी से पहले बिभव कुमार ने दिल्ली पुलिस को दो मेल किए थे। पहले मेल में उन्होंने स्वाति मालीवाल की शिकायत की थी और दूसरे मेल में उन्होंने दिल्ली पुलिस की जांच में सहयोग करने की बात की थी। इस मामले में बिभव कुमार के वकील का आरोप है कि अभी तक उन्हें एफआईआर कॉपी नहीं मिली है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के नेता पहले ही इसे दिल्ली के मुख्यमंत्री को फंसाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल करने की साजिश बता चुके हैं। आप नेता आतिशी ने भी इसके पीछे भाजपा को हाथ बताया। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था और आज आरोपी बिभव कुमार को सीएम आवास से गिरफ्तार कर लिया है। उधर बिभव कुमार ने तीस हजारी कोर्ट अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जो खारिज हो चुकी है। इस घटना से सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। बीजेपी के नेता आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर हमलावर हैं।

बिभव कुमार केवल एक कठपुतली : भाजपा

केजरीवाल को बताया मारपीट मामले का मास्टरमाइंड

नई दिल्ली। *दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि मालीवाल की पिटाई का आरोप निराधार है। वे भाजपा की मोहरा बन गई हैं। इसके बाद भाजपा ने पलटवार किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहाकि बिभव कुमार केवल एक कठपुतली है। चलाने वाला केजरीवाल हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को स्वाति के साथ मारपीट मामले का मास्टरमाइंड करार देते हुए विभव कुमार को केवल हथियार बताया।*

मेडिकल रिपोर्ट में चोट लगने की पुष्टि

स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वाति के बाएं पैर, दाहिनी आंख, चेहरे और सिर पर चोट लगने की पुष्टि हुई है।स्वाति शुक्रवार को मेडिकल जांच कराने एम्स पहुंची थीं। उन्होंने सिर पर भी चोट लगने की बात कही थी। उन्होंने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर पेट और दूसरे अंगों पर हमला करने का आरोप लगाया था।

बिभव की गिरफ्तारी पर केजरीवाल बोले

मोदी जेल का खेल बंद कर हमें एक साथ जेल में डाल दें

आप नेताओं के साथ भाजपा मुख्यालय पर जताएंगे विरोध

नई दिल्ली। आज स्वाति मालीवाल मामले में दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद अब केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रविवार को 12 बजे अपने नेताओं के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं, मोदी जी जेल का खेल बंद कर जिसे जेल में डालना चाहते हैं जेल में डाल दें। केजरीवाल ने कहा कि आप देख रहे हैं कि ये लोग किस तरह से आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। एक के बाद एक नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। इन्होंने मुझे जेल डाल दिया सत्येंद्र जैन को जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया, संजय सिंह को जेल में डाल दिया। आज मेरे पीए को जेल में डाल दिया। अब ये कह रहे हैं कि राघव लंदन से आए हैं तो उन्हें भी जेल में डालेंगे।

लोकसभा चुनाव

पांचवें चरण का चुनाव प्रचार पर थमा

49 सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा कल

- ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी पड़ेंगे वोट
- चुनाव आयोग ने मतदान के लिए सभी तैयारियों पूरी की
- उप्र की 14, महाराष्ट्र की 13, प. बंगाल की 7 सीटें शामिल

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों तथा ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 35 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया।

इन सीटों पर मतदान सोमवार को होगा। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर भी इसी दिन मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 265 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हुआ था। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के लिए 49 सीटों के लिए कुल 1586 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 उम्मीदवार रह गए और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 695 रह गए।

चुनाव आयोग ने पांचवें चरण की वोटिंग को लेकर सभी तैयारियों कर ली हैं और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

भीषण लू की चपेट में उत्तर भारत

- राजस्थान-दिल्ली समेत इन राज्यों में प्रचंड गर्मी की अलर्ट
- 21 तक भयंकर लू चलने की आशंका

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी से इन दिनों आम जनजीवन प्रभावित चल रहा है। मौसम विभाग ने 21 मई तक कई राज्यों में लू (हीटवेव) का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत इन दिनों भीषण लू की चपेट में है और राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में 21 मई तक भयंकर लू चलने की आशंका है।

पश्चिमी राजस्थान में लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान के लिए लू का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश, झारखंड, बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों और ओडिशा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ चुका है कि शुक्रवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका देश में सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया। नजफगढ़ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। उत्तर प्रदेश, गुजरात के कई इलाकों में 21 मई तक, बिहार में 20 मई तक, झारखंड में 20 मई, उत्तर मध्य प्रदेश में 21 मई, बंगाल में 20 मई और ओडिशा में 20-21 मई को हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। बता दें जब मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच जाता है और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तो उस स्थिति को हीटवेव की स्थिति माना जाता है।

राहुल गांधी ने दिल्ली में जनसभा को किया संबोधित

हर माह महिला मुखिया के खाते में भेजेंगे 8500 रुपए

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवारों के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चॉदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अशोक विहार के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा में राहुल गांधी के संबोधन से पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल, उदित राज और कन्हैया कुमार ने राहुल गांधी को सूत की माला और फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली के व्यापारियों, छोटे मझोले कारोबारियों, दुकानादारों की रक्षा और उनके काम धंधे के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा सरकार ने छोटे व्यापारियों, फैक्टरी वालो, गरीबों, मजदूरों का कभी कर्जा माफ नही किया बल्कि मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड़ कर्जा माफ करके देश के आर्थिक ढ़ांचे को ध्वस्त कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि 5 न्याय और 25 गारंटी के तहत हम 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर अपनी महिला बहनों को महालक्ष्मी योजना के तहत हम एक सूची बनाऐंगे और हर घर की महिला मुखिया के खाते में 8500 रुपया महिला 4 जुलाई से उनके खाते में भेजेंगे। 30 लाख खाली पदों को भरेंगे।

भाई-भतीजावाद की राजनीति से सावधान रहे जनता : मोदी

- पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में की चुनावी रैली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर दिवालेपन का आर्थिक एजेंडा अपनाने और भाई-भतीजावाद की नीति पर चलने का आरोप लगाते हुए जनता को उनके प्रति आगाह किया है। श्री मोदी ने शनिवार शाम को पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गरीब और मध्य वर्ग के जीवन को आसान बनाने और उनके लिए खुशियां लाने के काम में लगी है, पर विपक्षी दल लोगों की सम्पत्ति छीनना चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत के युवाओं के लिये नये अवसर बनाने के लिये है, उस परम्परा और सोच को पराजित करने के लिये है, जिसने वर्षों तक भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बढ़ावा देकर युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। उन्होंने जनता से ऐसी ताकतों को परास्त करने की अपील की जो देश को कमजोर करना चाहती हैं।

बंगाल में राजभवन के तीन अफसरों के खिलाफ एफआईआर

- आरोप लगाने वाली महिला के बयान पर की गई कार्रवाई
- महिला ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था

कोलकाता, 18 मई (एजेंसियां)। राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के लिए राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजभवन की एक संविदा कर्मचारी महिला ने छेड़छाड़ मामले में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा, 2 मई को महिला ने बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की।

सेक्स वीडियो कांड की सीबीआई जांच हो: बीवाई विजयेंद

बेंगलुरु। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने शनिवार को कहा कि सेक्स वीडियो कांड में बड़े नेताओं का नाम जुड़ा है। विशेष जांच दल (एसआईटी) के लिए मामले की जांच करना संभव नहीं है। ऐसे में इसे सीबीआई को सौंप देना चाहिए। वह बेंगलुरु में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन के वर्तमान सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का यौन शोषण करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक के राजनीतक व सामाजिक हलकों में तूफान खड़ा हो गया है।

बस में लगी आग, 10 की मौत

- केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना

गुरुग्राम, 18 मई (एजेंसियां)। हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गई। पुलिस ने बताया बस पर बच्चों, महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने किया स्पष्ट

चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की खबर गलत

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर चिनूक के मॉडल के लखनऊ में गायब होने की खबरों का खंडन किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर मीडिया में इस संबंध में आई खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में 2020 में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। अमेरिकी कंपनी चिनूक हेलीकॉप्टर बनाती है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने लखनऊ में कभी भी इस हेलीकॉप्टर का मॉडल न तो प्रदर्शनी में लगाया और न ही इसका प्रदर्शन किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा प्रदर्शनी 2020 में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई।

चुनाव | *सबसे अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 1989 के चुनावों में थी*

जम्मू कश्मीर में निर्दलीय प्रत्याशियों को अहमियत नहीं देते मतदाता

- सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 18 मई(देशबन्धु)। अभी तक तत्कालीन जम्मू कश्मीर में होने वाले लोकसभा चुनावों में सिर्फ 6 निर्दलीय प्रत्याशियों को ही जम्मू कश्मीर के मतदाताओं ने सांसद के रूप में चुना है और इस संदर्भ में यह बात नहीं भूली जा सकती कि जिन निर्दलीय प्रत्याशियों को मतदाताओं ने सांसद पद के लिए चुना उन्हें उनके व्यक्तित्व के आधार पर ही चुना गया था।

- सिर्फ 6 निर्दलीय प्रत्याशियों को ही अब तक लोकसभा पहुंचाया

मगर इसमें सबसे आगे बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख के मतदाता रहे हैं जिन्होंने चार बार- 2009, 2004, 1989 तथा 1980 में- निर्दलीय प्रत्याशी को जिताया और जम्मू तथा श्रीनगर के मतदाताओं ने एक-एक बार- क्रमशः 1977 तथा 1971 में ही निर्दलीय प्रत्याशी को चुना था। जो प्रत्याशी इन चुनावों में निर्दलीय रूप से विजयी हुए थे वे हैं: 1971 में श्रीनगर की सीट से शमीम अहमद शमीम, 1977 में जम्मू की सीट से ठाकुर बलदेव सिंह, 2009, 2004, 1989 तथा 1980 में लद्दाख की सीट से क्रमशः हसन खान, थुप्स्टन छेवांग, मुहम्मद हसन कमांडर और पी नामग्याल हैं। 1996 के पहले के तीन चुनावों को ही अगर पैमाना माने तो करीब 138 निर्दलीय प्रत्याशियों ने राज्य की छह संसदीय सीटों पर अपने भाग्य को आजमाया था और इन तीन चुनावों के दौरान सिर्फ दो को, लद्दाख में, छोड़ सभी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। मजेदार बात यह है कि इन तीन चुनावों में जितने निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने में कूदे थे उस संख्यां की आधी संख्यां से भी अधिक ने 1996 के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी। आज तक सबसे अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्यां 1989 के चुनावों में 49 थी। अगर आंकड़ों को देखा जाए तो जैसे जैसे चुनावों की संख्यां बढ़ती गई ठीक उसी प्रकार किस्मत आजमाने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्यां में भी वृद्धि होती गई। वर्ष 1980 तथा 1984 में क्रमशः 20 तथा 23 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में रह गए थे।

लेकिन यह बात भी सच है कि अगर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव न भी जीत पाए हों लेकिन वे तत्कालीन राज्य की चार सीटों पर दूसरे स्थान पर रहते आए हैं।

देश

उवाच “ प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के पिछले चार चरणों और पांचवें चरण के दौरान जब भी बोला है, विवाद पैदा किया है और ऐसा केवल इसलिए हुआ क्योंकि उनके दस साल के काम का कोई रिपोर्ट कार्ड ही नहीं है, भाजपा के पास लोगों को अपनी उपलब्धियां बताने के लिए कुछ नहीं है: **पवन खेड़ा,कांग्रेस नेता**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	37.0	27.0
मुंबई	32.0	30.0
कोलकाता	32.0	27.0
चेन्नई	32.0	31.0

भाजपा का अहंकार है चार सौ सीटें जीतने का नारा : अखिलेश यादव

श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में जनसभा कर भाजपा पर कसा तंज

लखनऊ/बलरामपुर, 18 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शहर के छोटा परेड ग्राउंड में जनसभा कर भाजपा पर तंज कसा। कहा कि दस सालों में भाजपा वालों का झूठ उजागर हो चुका है। भाजपा का 400 पार का नारा उसका अहंकार है।

नारे की गणित भी अब जनता के समझ में आ गई है। भाजपा का कहना है कि देश की 543 लोकसभा सीटों में 400 के पार के बाद जो 143 सीटें बच रही है वही जीतने जा रहे हैं। जबकि इस बार जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा झूठ बोलकर किसानों नौजवानों व बेरोजगारों को ठगने का काम करने वाली पार्टी है, जिसे जनता ने हटाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आरक्षण न देना पड़े इसलिए सारी नौकरियां संविदा पर कर दी हैं। सरकारी संस्थाओं को बेचकर प्राइवेट किया जा रहा है। देश का संविधान खतरे में है। बेरोजगारों को नौकरी न देनी पड़े इसलिए सारे पेपर

भाजपा झूठ बोलकर किसानों नौजवानों व बेरोजगारों को ठगने का काम करने वाली पार्टी है : अखिलेश यादव

लीक हो रहे हैं। चार चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अन्य भाजपा नेताओं की भाषा बदल गई है। उन्हें चुनाव हारने का डर सताने लगा है। इसीलिए वह हिंदू, मुस्लिम और मंदिर की बात कर रहे हैं।

उन्होंने सभा में मौजूद पुलिसकर्मियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि कहीं ऐसा न हो की अगली बार सरकार बनने पर उनकी नौकरी भी अग्निवीर की चार साल की नौकरी से भी कम तीन साल की कर दी जाए। सपा मुखिया ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि खाद की बोरी में चोरी हो रही है। भाजपा ने जिस व्यक्ति को नैनो यूरिया बनाने का काम दिया था वह भी देश छोड़कर भाग गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही खटाखट भाजपा के सारे नेता व पूंजीपती विदेश भाग जाएंगे।

भाजपा इस चुनाव में नौ दो ग्यारह होगी : सपा

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस के साथ आने पर हम एक एक ग्यारह हो गए हैं और भारतीय जनता पार्टी नौ दो ग्यारह हो जाएगी। सुलतानपुर निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल के समर्थन में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि इस बार अमेठी, रायबरेली ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की जनता इनको 79 सीटें हराने जा रही है। यह पार्टियों का गठबंधन हैं, व्यक्तियों का नहीं, इसलिए पार्टी के गठबंधन के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रायबरेली के पूर्व विधायक मनोज पांडेय का नाम लिए बगैर बोले भारतीय जनता पार्टी धोखेबाज लोगो के सहारे चुनाव जीतने का गलत सपना देख रही है जो दूसरों का गड्ढा खोदते हैं वह पहले गिरते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति के रिश्ते बहुत गहरे होते हैं। जनता ये देखती है की रिश्ते के साथ साथ आपने दिया क्या क्या है, आपकी योजनाओं के लिए क्या किया है। सुलतानपुर की जनता को भाजपा की सरकार ने बेरोजगार बना दिया है, किसानों की फसल से लूट कर ली, जानवरों से खेत नही बचा पा रहे। बिजली मंहगी कर दी, डीजल पेट्रोल महंगे कर दिए । इसका जवाब बीजेपी के पास क्या है। सपा प्रत्याशी राम भुआल जीतते हैं तो चीनी मिल सही करवाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारी साइकिल महंगी कर दी। नौजवानों की नौकरी छीनने वाले सत्ताधारियों ने महंगी कर दी नैनो, यूरिया। सरकार के लोग एपर लीक करा रहे हैं, जिससे नौजवानों को ओकरी न देनी पड़े।

मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर लू चलने के आसार

भोपाल, 18 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच राज्य के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर मौसम विभाग ने कहीं-कहीं लू चलने की संभावना के साथ ही कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। भोपाल मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश के गुना जिले के अलावा ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और निवाड़ी जिले में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। तो दूसरी तरह प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के साथ ही बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर तथा पांढुर्णा जिले को यलो जोन रखा गया है, इन सभी स्थानों पर कहीं-कहीं हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है। शेष राज्य के अन्य स्थानों पर मौसम का मिजाज शुष्क बने रहने के आसार हैं। राज्य में सबसे कम न्यूनत तापमान सिवनी में 23.0 डिग्री सेल्सिय और सबसे अधिक अधिकतम तापमान दतिया में 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल की पछुआ पवना के बीच मध्य समुंद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर धुरी बनाते हुए एक ट्रफ के रुप में अवस्थित है।

पाक ने अगर कोई गलती की तो गोलों से करेंगे सफाया : अमित शाह

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को किया संबोधित

लखनऊ/झांसी, 18 मई (देशबन्धु)। बुंदेलखंड की वीरभूमि पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को हुंकार भरी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में तुवन मैदान पर आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि देशी अंग्रेजों के सामने बुंदेलों को एक बार फिर से लड़ाई लड़नी है और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में आतंकवाद का सफाया कर दिया है। अब अगर पाकिस्तान ने कोई गलती की तो बुंदेलखंड के बने गोलों से उसे साफ कर देंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर दुनिया राम उत्सव में मग्न थी, लेकिन अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और उनकी बहन प्रियंका को निमंत्रण देने के बाद वह नहीं गए। राहुल बाबा अपने वोट बैंक से डरते हैं, क्योकि उनके वोट बैंक में बांग्लादेश

से आए घुसपैठिए नाराज हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लालच में मणिशंकर अय्यर ने यहां तक कह दिया कि पाक को सम्मान दो उसके पास एटम बम है, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार में पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और रहेगा। शाह ने कहा कि कोरोना काल में देश की 130 करोड़ जनता को निशुल्क टीका लगाकर उन्हें सुरक्षित करने का काम प्रधानमंत्री ने किया। जब राहुल बाबा को पता चला तो रात के अंधेरे में उन्होंने भी टीका लगवा लिया। कांग्रेस सरकार में ईद-बकरीद में 20 घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन आज पूरे प्रदेश में 20 घंटे नियमित बिजली मिल रही है।

विपक्ष पर देश को बांटने का लगाया आरोप

कांग्रेस पर देश को दो टुकड़ों में बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बांटना चाहती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के रहते कोई भारत को तोड़ नहीं सकता है। जनता से पूछा कि एक ओर राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले हैं तो दूसरी ओर भव्य राम मंदिर बनवाने वाले हैं, तय आपको करना कि किससे साथ जाएंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव में राहुल बाबा के इंडिया एलाइंस का सूपड़ा साफ हो रहा है।

सार संक्षेप

जम्मू-कश्मीर में भूकंप के हल्के झटके

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में स्थानीय समयानुसार 08:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.36 डिग्री उत्तरी अक्षांश, 76.65 पूर्व देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 10 किमी की गहराई पर रहा। राज्य में कहीं से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की रिपोर्टें नहीं है।

मुंबई में 18 से 20 मई तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

मुंबई। मुंबई और उपनगरीय जिले के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों ठाणे, कल्याण और पालघर में लोकसभा चुनाव के पांचवें व अंतिम चरण के मतदान के मद्देनजर शनिवार शाम से सोमवार शाम तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी और तीन दिन पूरे मुंबई में ड्राई डे का एलान किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने न केवल चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों बल्कि निकटवर्ती निर्वाचन क्षेत्रों को भी मतदान दिवस तक ड्राई डे का पालन करने के निर्देश दिए। इस कदम का उद्देश्य पूरे राज्य में निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि आज शाम पांच बजे से 20 मई पांच बजे तक सभी बार और शराब की दुकानें बंद करने के आदेश दिए।

आंध्र में कार-लॉरी की टक्कर में पांच की मौत

अनंतपुर। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार तड़के एक कार और लॉरी के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। गूटी सर्कल इंस्पेक्टर वेंकटरामी रेड्डी ने कहा कि जिले में गूटी मंडल के बाहरी इलाके में एनएच 44 पर रानी नगर कॉलोनी के रहने वाले एक परिवार के आठ सदस्य 27 मई को होने वाली युवक सुरुज बाशा की शादी के लिए खरीदारी करने हैदराबाद गए थे। जब वे हैदराबाद से वापस अनंतपुर आ रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में सुरुज सहित चार और लोगों की मौत हो गई।

मिजोरम में डेंगू से दो साल में सात की मौत

इंफाल। मिजोरम में डेंगू से पिछले दो सालों में सात लोगों की मौत हुई है। राज्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारियों ने बताया। उनकी रिपोर्ट के अनुसार मिजोरम में डेंगू का पहला मामला 2013 में दर्ज किया गया था। वहीं 2022 में डेंगू से पहली मौत भी दर्ज की गई। इसके बाद इसी साल 5 और मौतें हुईं। वहीं 2023 में डेंगू से दो लोगों की जान गई। अधिकारियों का कहना है कि सभी सात पीड़ित आइजोल जिले के थे। वर्ष 2013 से अब तक 5,100 से अधिक डेंगू के मरीज मिले है।

तेलंगाना में टीजी ईएपीसीईटी के परिणाम घोषित

हैदराबाद, 18 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बुर्रा वेंकटेशम ने शनिवार को इंजीनियरिंग, कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपीसीईटी) के परिणाम घोषित किए। तेलंगाना के टीजी ईएपीसीईटी परीक्षा में कुल 3,32,251 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 91,633 छात्र कृषि और फार्मेसी से और 2,40,618 छात्रों ने इंजीनियरिंग स्ट्रीम से परीक्षा दीं। कृषि और फार्मेसी स्ट्रीम में 89.66 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण दर 90.18 प्रतिशत और लड़कों का 88.25 प्रतिशत रहा। कृषि और फार्मेसी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा देने वाले 91,633 छात्रों में से 82,163 छात्र उत्तीर्ण हुए। इंजीनियरिंग स्ट्रीम में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 74.98 रहा, जिसमें 75.85 प्रतिशत लड़कियां और 74.98 प्रतिशत लड़कों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। इंजीनियरिंग परीक्षा देने वाले 2,40,618 छात्रों में से 1,80,424 उत्तीर्ण हुए।

इंजीनियरिंग की परीक्षा में शीर्ष 10 स्थान पाने वालों में श्रीकाकुलम के पालकोंडा से ज्योतिरादित्य, कुरनूल के पंचलिंगलु से हर्षा, सिंकदराबाद के तिरुमलागिरी ऋषि शेखर शुक्ल, हैदराबाद के माधापुर से संदेश, कुरनूल से साई यशवंत रेड्डी, अनंतपुर के आरके नगर से पुट्टी कुशल कुमार, हैदराबाद के पुप्पलगुडा से हुंडीकर विदित, हैदराबाद के एल्लारेड्डी गुडा से रोहन, वारंगल के घनपुर से कोन्थेम मनितेजा और विजयनगरम से धनुकोंडा श्रीनिधि शामिल है।

मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं गौड़ा : शिवकुमार

बंगलूरू, 18 मई (एजेंसियां)। हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित दुष्कर्म और यौन शोषण के वीडियोज लीक होने के बाद कर्नाटक की राजनीति गरमाई हुई है। अब कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रेवन्ना से जुड़े वीडियो लीक करने के मामले में भाजपा पर निशाना साधा है। दरअसल भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया था कि शिवकुमार ने प्रज्वल रेवन्ना के कथित वीडियोज को लीक किया था। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। देवराजे गौड़ा के आरोपों पर पलटवार करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि गौड़ा को लोकायुक्त या किसी और एजेंसी के समक्ष मामला दर्ज करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के सभी

गौड़ा को लोकायुक्त या किसी और एजेंसी के समक्ष मामला दर्ज करवाना चाहिए : शिवकुमार

- रेवन्ना से जुड़े वीडियो लीक करने के मामले में भाजपा पर साधा निशाना
- शिवकुमार ने भाजपा के आरोपों को सिरे से किया खारिज

आरोप आधारहीन हैं। शिवकुमार के अनुसार 'गौड़ा मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं और भाजपा को जल्द से जल्द उनका इलाज करवाना चाहिए।' कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार उन महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनका यौन शोषण किया गया। इससे पहले कर्नाटक के भाजपा नेता जी देवराजे गौड़ा ने डीके शिवकुमार पर बड़ा आरोप लगाया। भाजपा नेता ने दावा किया कि डीके शिवकुमार ने पूर्व सीएम और जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि खराब करने के लिए 100 करोड़ रुपए देने की पेशकश की थी। देवराजे गौड़ा को बीते दिनों यौन उत्पीड़ने के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को गौड़ा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, इसी दौरान मीडिया से बात करते हुए देवागौड़ा ने बड़ा दावा किया। उधर कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे का कहना है कि देवराजे गौड़ा द्वारा शिवकुमार और सिद्धारमैया को बदनाम करने के लिए ऐसा बयान दिया गया है। खरगे ने कहा 'अगर गौड़ा के पास 100 करोड़ रुपये की पेशकश थी, तो उन्हें गृहमंत्री अमित शाह को इस बारे में बताना चाहिए था।

किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए : देवेगौड़ा

अपने पोते पर लगे आरोपों पर आखिरकार पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने शनिवार को कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। देवेगौड़ा ने अपने बेटे कुमारस्वामी के बयान से सहमति जताई कि अगर दोषी पाए जाते हैं तो किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उनके बेटे और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ महिला का अपहरण करने और यौन शोषण करने का आरोप झूठा है। यह मामला तैयार किया गया है। उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ बोलने से परहेज किया क्योंकि मामला विचाराधीन है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी

छपरा, 18 मई (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण संसदीय क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है। दस साल किसान कंगाल, दस साल युवा-छात्रा बेहाल, दस साल तरक्की फटे-हाल, दस साल प्रगति का बुरा हाल, दस साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मालामाल, दस साल फैलाया महा-जाल, दस साल बर्बाद भविष्य-काल, दस साल उम्मीदों का इंतकाल, दस साल भाषणों का भंवर-जाल, दस साल व्यापारियों का जी का जंजाल। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए यानि हर महीने 8,333 मिलेंगे। 10 किलो राशन मिलेगा। सिलेंडर सस्ता होगा। महंगाई कम होगी।

राजद प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को किया संबोधित

मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है : तेजस्वी यादव

बिहार के मुद्दे पर बात नहीं करते मोदी

राजद ने कहा कि प्रधानमंत्री 10 से ज्यादा सभा बिहार में कर चुके हैं और यहां रात्रि विश्राम भी कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद बिहार के मुद्दे पर बात नहीं कर रहे। बिहार में लोकल मुद्दे पर चुनाव हो रहा है जबकि राष्ट्रीय मुद्दे को जबरन थोपा जा रहा है। छपरा की अधिकांश समस्याएं जस की तस है। दवाई, सिंचाई, पढ़ाई, महंगाई, कमाई, रोजगार ये सब लोकल मुद्दे इस समय देश में हावी हैं लेकिन पीएम मोदी जब जब बिहार आते हैं केवल हवा हवाई बातें करते हैं।

घाटशिला में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे मोदी

रांची, 18 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में 11:00 बजे दिन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप ने सभास्थल से लेकर चॉपर की लैंडिंग स्थल तक सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। एसपीजी ने शुक्रवार को गोल्फ मैदान में एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की दो बार लैंडिग कराकर स्थल की जांच की। रविवार की सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री चॉपर से इसी स्थल पर लैंडिंग करेंगे। उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो को इस बार फिर अपना उम्मीदवार बनाया है।

ऑर्किड्स स्कूल ने पहली बार इंटर-स्कूल स्पोर्ट्स फेस्ट यूफोरिया- समर एडिशन शुरू किया

गुरुग्राम 18 मई (एजेंसियां)। स्कूलों की अग्रणी के12 चेन में से एक, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने पहली बार अपने इंटर-स्कूल स्पोर्ट्स फेस्ट 'यूफोरिया- समर एडिशन 2024' सफलतापूर्वक शुरू किया है। इसमें दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के युवा एथलीटों की असाधारण प्रतिभा एवं खेलभावना की प्रशंसा की गई। 17 मई से शुरू होकर 19 मई, 2024 तक चलने वाले इस फेस्ट के दौरान स्कूल के मैदानों में भरपूर रोमांच देखने को मिल रहा है, क्योंकि फेस्ट में भाग लेने वालों ने खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर दिलचस्पी ली।

इस आयोजन में नेशनल बास्केटबॉल कोच और भूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम गुर्जर, फिटनेस कोच अभिषेक वर्मा और टीन फैशन मॉडल रिशिधा कटना ने शिरकत की।तीन दिन के आयोजन में खेलों का अद्भुत नजारा दिखा, जैसे कि बास्केटबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस, स्कैटिंग, शतरंज और ताइक्वॉन्डो। इस आयोजन में एक स्पेशल डांस सेशन भी हुआ। यूफोरिया- समर एडिशन 2024 में 20 प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भाग लिया। इनमें जाने-माने नाम जैसेकि शिव नाडर स्कूल, जीडी गोयनका सिग्नैचर स्कूल, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यूरो इंटरनेशनल स्कूल, आदि शामिल हैं। यूफोरिया वास्तव में एकता और खेलभावना का प्रतीक बन गया।नेशनल बास्केटबॉल कोच और भूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम गुर्जर इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने उभरते खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण जानकारी और प्रोत्साहन दिया। अपने विचार रखते हुए, विक्रम ने कहा, ''यूफोरिया- समर एडिशन 2024 में इन नन्हे खिलाड़ियों की प्रतिभा देखना वाकई प्रेरक है। इस तरह के आयोजन न सिर्फ शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देते हैं, बल्कि टीम के साथ काम करने, अनुशासन तथा खेलभावना जैसे महत्वपूर्ण मूल्य भी सिखाते हैं।

चुनाव *महाराष्ट्र में पांचवें चरण के लिए चुनावी शोर थमा*

मुंबई जीतने के लिए राजनीतिक दिग्गजों ने लगाया जोर

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के लिए पांचवें चरण में 13 सीटों पर पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव प्रचार शाम पांच बजे खत्म हो गया। महाराष्ट्र में पांचवें और अंतिम चरण मुंबई मेट्रोपॉलिटिन रीजन की 10 सीटों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। इन सीटों में लिए अंतिम वक्त प्रचार के लिए सभी दलों ने जोर आजमाइश की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में जहां पहली बार रोड शो किया तो वहीं शिवाजी पार्क में 17 मई को महायुति और महाविकास आघाड़ी ने बीकेसी ग्राउंड पर सभाएं की। आम चुनाव के पांचवें चरण में मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई दक्षिण मध्य, ठाणे, भिवंडी, कल्याण, पालघर, नासिक, डिंडोरी (एसटी) और धुले में सोमवार को मतदान होगा। इस चरण में कुल 264 उम्मीदवार 24 हजार 579 मतदान केंद्रों पर दो करोड़ 48 लाख मतदाताओं से वोट मांगेंगे। पहले चार चरणों में 35 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई और 13 मई को पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र में मतदान के अंतिम चरण में मैदान में उतरने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल (भाजपा-मुंबई उत्तर), एडवोकेट उज्वल निकम (भाजपा-मुंबई उत्तर मध्य), केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार (भाजपा-डिंडोरी), पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष भामरे (भाजपा-धुले) शामिल है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल (भिवंडी), अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव गुट -मुंबई दक्षिण), अनिल देसाई (शिवसेना उद्धव गुट-मुंबई दक्षिण मध्य), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस-मुंबई उत्तर मध्य), राजन विचारे (शिवसेना उद्धव गुट-ठाणे), रवींद्र वायकर (शिंदे सेना-मुंबई उत्तर पश्चिम) और शोभा बच्चव (कांग्रेस-धुले) प्रमुख नाम है। मुख्य मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली महायुति और इंडिया समूह के नेतृत्व वाले महाविकास अगाढ़ी के बीच देखने को मिलेगा। शनिवार को प्रचार के आखिरी दिन, उद्धव ठाकरे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित प्रमुख नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी रैलियां और रोड शो आयोजित किए गए। मोटे तौर पर यह महाराष्ट्र की इन 13 सीटों में शिवसेना के दोनों खेमों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। मुंबई की जिन 13 सीटों पर अंतिम और पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। 2019 लोकसभा चुनावों इन सभी सीटों पर बीजेपी+शिवसेना गठबधंन ने जीत हासिल की थी। सात सीटें बीजेपी और छह सीटें शिवसेना ने जीती थीं।

- 13 सीटों पर पर कल डाले जाएंगे वोट

2024 लोकसभा चुनावों में छह सीटों पर शिवसेना के दो खेमों के बीच लड़ाई है। मुंबई में लोकसभा चुनावों के समाप्त होने से पहले महायुति और महाविकास आघाड़ी की तरफ से जोरआजमाइश देखने को मिली।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

स्वाति मालीवाल मामला राजनीतिक षड्यंत्र : आप

दिल्ली लोकसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब आम आदमी पार्टी की ही एक अन्य राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को स्वाति मालीवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी ने इस पूरे मामले को भाजपा का एक राजनीतिक षड्यंत्र बताया, ताकि 25 मई को दिल्ली में होने वाले चुनाव में 'आप' को नुकसान पहुंचाया जा सके। राघव चड्ढा लंबे समय से इंग्लैंड में थे। पार्टी के मुताबिक वे इंग्लैंड अपनी आंखों के ऑपरेशन के लिए गए थे। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान जहां पार्टी के कई सांसद व विधायक सड़कों पर उतरकर गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे, उस समय भी राघव इंग्लैंड में ही थे। दिल्ली से आम आदमी पार्टी के तीन राज्य सभा सांसद हैं। इनमें से एक स्वाति मालीवाल, दूसरे राघव चड्ढा और तीसरे संजय सिंह हैं। अरविंद केजरीवाल के

मुख्यमंत्री के ड्राइंग रूम के वीडियो में मालीवाल नहीं लग रहीं पीड़ित : राघव चड्ढा

तिहाड़ जेल में रहने के दौरान राघव चड्ढा और स्वाति मालीवाल दोनों ही लंबे समय तक विदेश में रहे। अब स्वदेश पहुंचने पर राघव चड्ढा सीधे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंचे। राघव चड्ढा ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की है और वह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट है। बीते वर्ष उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा से शादी की थी। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम के ड्राइंग रूम के वीडियो में स्वाति मालीवाल कहीं से भी पीड़ित नहीं लग रही हैं, बल्कि वो सुरक्षाकर्मियों को धमकाते और बिभव कुमार को अपशब्द बोलते हुए दिख रही हैं।

भाजपा के संपर्क में हैं स्वाति मालीवाल

आप की नेता आतिशी का कहना है कि स्वाति मालीवाल भाजपा के संपर्क में हैं। उन पर दिल्ली महिला आयोग में भर्ती घोटाले का एक केस चल रहा है। इसी मामले में भाजपा द्वारा धमकी देकर उनसे यह सब करवाया जा रहा है। वैसे भी भाजपा का फार्मूला रहा है कि वो अपने राजनीतिक फायदे के लिए विपक्ष के नेताओं पर केस का दबाव बनाती है। स्वाति मालीवाल पर भी इसी फार्मूले का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ दिनों बाद ही मतदान होने वाले हैं। इससे ठीक पहले अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए यह षड़यंत्र रचा गया है। पुलिस जांच करे कि स्वाति मालीवाल भाजपा किन नेताओं के संपर्क में हैं, ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने कहा कि वीडियो में मालीवाल दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को ही धमकाते हुए दिख रही हैं। वह जो मारपीट और कपड़े फाड़े जाने का आरोप लगा रही हैं, उस वीडियो में ऐसा कुछ नहीं दिख रहा। वह तो आराम से बैठी हुई हैं। आप नेता ने कहा कि एसीबी ने मालीवाल पर केस किया

जांच एजेंसियों के दवाब में मालीवाल ने लगाए झूठे आरोप : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने सांसद स्वाति मालीवाल के आरोपों को झूठा करार देते हुए शनिवार को कहा कि जांच एजेंसियों के दवाब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार पर आरोप लगाए गए हैं जो एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। 'आप' नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री आवास के आये वीडियो ने साफ कर दिया कि मालीवाल ने जो आरोप लगाए हैं उनमें कोई सच्चाई नहीं है। वीडियो में वह आराम से सोफे पर बैठी हैं और सुरक्षा कर्मियों को धमका रही हैं तथा बिभव कुमार के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रही हैं। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के गेट का शनिवार को एक सीसीटीवी फुटेज आया है जिसमें मालीवाल सारे आरोप झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनको बुरी तरह से पीटा गया, उनके कपड़े फाड़ दिए गए लेकिन गेट से बाहर वह तेजी से निकल रही हैं। इस फुटेज को देखकर नहीं लगता कि वह लंगड़ाकर चल रही है। 'आप' नेता ने कहा कि मालीवाल के झूठे आरोपों से साबित हो रहा है कि यह किसी बड़ी साज़िश का हिस्सा है जो केजरीवाल के खिलाफ रचा जा रहा है।

राजधानी में आवारा कुत्तों की समस्या बन रही है चुनावी मुद्दा

बाहर जाने से कतराते हैं बुजुर्ग व बच्चे

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई आवासीय सोसाइटी और बस्तियों में कुत्तों के काटने की बढ़ रही घटनाओं से चिंतित कुछ प्रबुद्ध नागरिकों ने चुनाव के इस माहौल में राजनीतिक दलों का ध्यान आवारा कुत्तों की समस्या की ओर आकृष्ट किया है। दिल्ली में बसन्त कुंज गंगा, यमुना, नर्मदा और सरस्वती आवास की रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और लगभग 500 स्थानीय रेजीडेंट ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक पत्र भेजकर कहा है, पार्किंग स्थल, पार्क, सीढ़ियां और टेरेस सभी जगह पर मौजूद आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण समाज में भय का माहौल है। बुजुर्ग और बच्चे बाहर जाने से कतराते हैं। पत्र लिखने वालों ने कहा है, हम उसी पार्टी का समर्थन करेंगे, जो उन्हें आवारा कुत्तों से निजात दिलाने का वादा करेगी। इन कालोनियों के निवासियों ने कहा कि भाजपा सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित एनजीओ 'पीपल्स फॉर एनिमल्स के एक्टिविस्ट्स' द्वारा कुत्तों को पोषित किया जाता है। ये कार्यकर्ता सरकारी कानूनों की परवाह किये बिना ही आवारा कुत्तों को घनी आबादी के क्षेत्रों में फीड करते हैं और अनेक जगह पर पानी तथा खाने के बर्तन रख देते हैं, जिससे कुत्ते घनी आबादी में रहना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर लोग इन गतिविधियों पर आपत्ति जताते हैं तो कुत्तों को पोषित करने वाले एनजीओ के लोग कानूनी कार्रवाई की धमकियां देना शुरू कर देते हैं, जिससे समाज में भय और डर का महौल पैदा हो जाता है। समाज के पीड़ित वर्गों ने पत्र में लिखा कि कुछ कार्यकर्ता फ्लैट के बाहर ही कुत्तों को फीड कराना शुरू कर देते हैं, जब कोई इसका विरोध करता है, तो वह नागरिक को लीगल नोटिस भेजते हैं और उनके खिलाफ थाने में फर्जी शिकायत दर्ज करवाते हैं। इससे अलावा वे पुलिस पर पीड़ित नागरिक को गिरफ्तार करने का दबाव बनाते हैं। नागरिकों ने एनजीओ कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है कि

सार संक्षेप

वीकफील्ड जैली ने कार्टून डोरेमॉन के साथ हाथ मिलाया

नई दिल्ली। इन गर्मियों में जादूई अनुभव पाने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि स्वादिष्ट व्यंजनों के पावरहाउस वीकफील्ड फूड्स प्रा. लिमिटेड ने देश भर में खुशी और उत्साह को बढ़ाने के लिए बच्चों के पसंदीदा कार्टून डोरेमॉन के साथ हाथ मिलाया है। आज की दुनिया में, जहां ढेरों विकल्प हैं, यह साझेदारी न सिर्फ बेहतरीन प्रोडक्ट्स का वादा करती है बल्कि यादगार अनुभवों के साथ बच्चों को खूशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। इस अवसर पर वीकफील्ड फूड्स प्रा. लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अश्विनी मल्होत्रा ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वीकफील्ड में हम सिर्फ प्रोडक्ट्स नहीं बेचते, हम ऐसा अनुभव लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़ जाए। हमारी ओर से पेश की गई भारत की पहली 100 फीसदी वैजीटेरियन जैली एक आम व्यंजन से कहीं बढ़कर है, यह असीमित कल्पना और खुशियों का पोर्टल है। डोरेमॉन के साथ वीकफील्ड जैली कैंपेन के माध्यम से हम सिर्फ जैली ही नहीं लेकर आए, बल्कि एक असाधारण अनुभव का टिकट भी लेकर आए हैं।

एमिटी यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। एमिटी यूनिवर्सिटी में चल रहे तीन दिवसीय आईईईई कॉन्फ्रेंस ऑन कम्यूनिकेशन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के पहले संस्करण समापन किया गया। बता दें कि इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में लभभग 100 स्पीकर्स ने 35 से ज्यादा सेशन में अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पोलरिस और इंटेलेक्ट डिजाइन के फाउंडर अरुण जैन रहे। बता दें कि इस समापन समारोह में आईईईई यू पी सेक्शन के मेंटर डॉक्टर श्रीनिवास सिंह स्पेशल गेस्ट के तौर पे मौजूद रहे और उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ अजय राणा और कॉन्फ्रेंस टीम मेंबर्स को बधाई देते कहा कि ऐसी कोई वजह नहीं है कि अगले सत्र में भी एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा को कॉन्फ्रेंस ऑन कम्यूनिकेशन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिम्मेदारी ना दी जाए।

रोहित शर्मा को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली। टेलीविज़न और होम अप्लायंसेज़ में अग्रणी ग्लोबल ब्रांड, टीसीएल ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान, रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जो राईज़ वर्ल्डवाईड लाईन के प्रतिनिधित्व में ब्रांड की पहुँच का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर होंगे। बाजार में शर्मा की गुडविल और देश के सबसे लोकप्रिय खेल के साथ उनके जुड़ाव को देखते हुए, टीसीएल का उद्देश्य भारतीय बाजार में अपने ब्रांड, खासकर टेलीविज़न और वॉशिंग मशींस की विज़िबिलिटी और विश्वसनीयता बढ़ाना है। इस बारे में टीसीएल इंडिया के जनरल मैनेजर फिलिप शिआ ने कहा, "हमें वन एंड ओनली 'हिटमैन' का टीसीएल इंडिया परिवार में स्वागत करने की खुशी है। वर्ल्ड कप के नजदीक होने के साथ, रोहित शर्मा हमारे सबसे अच्छे पार्टनर हैं, जिनके साथ हम अपने भारतीय समुदाय को बढ़ा सकते हैं।

भाजपा की हताशा को दर्शाता है कन्हैया कुमार पर हमला : कांग्रेस

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर हुए हमले को पार्टी ने भाजपा की हताशा बताया है। कांग्रेस का कहना है कि यह हमला न केवल राष्ट्रीय राजधानी में बल्कि पड़ोसी राज्य हरियाणा में भी भगवा पार्टी के खिलाफ जाएगा। इस संबंध में दिल्ली के एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया ने बताया कि हमारे उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर हमला बेहद निंदनीय है, यह भाजपा की हार को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ये सभी जेएनयू छात्र संघ नेता को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता जानती है कि सच्चाई क्या है। यह भाजपा है जो वास्तव में विभाजनकारी राजनीति करती है और हमारे उम्मीदवार को

■ एआईसीसी पदाधिकारी ने की भाजपा की आलोचना

बदनाम करने की कोशिश कर रही है। बाबरिया ने कहा कि कन्हैया को मिल रही प्रतिक्रिया से वे चिंतित हैं। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कमलनाथ ने दावा किया है कि इस हमले से बीजेपी की हताशा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बता दें कि कन्हैया कुमार को कांग्रेस उत्तर-पूर्व दिल्ली से अपना प्रत्याशी बनाया है जिनपर शुक्रवार को भीड़ में खड़े एक व्यक्ति ने माला पहनाने के बहाने हमला कर दिया था। कमलनाथ ने लिखा, डूबते को हिंसा का सहारा। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कि यही हालत हो गई है। गत दिनों जिस तरह से दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ मारपीट की गई

हमले से भाजपा बेनकाब हो गई

एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र में ऐसी हिंसा का कोई स्थान नहीं है, लेकिन इसका हम पर कोई असर नहीं होगा। बल्कि इस हमले से बीजेपी बेनकाब हो गई है और पूरे देश में नकारात्मक संदेश गया है। इससे न केवल दिल्ली में बल्कि हरियाणा में भी भगवा पार्टी को नुकसान होगा। एआईसीसी पदाधिकारी ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि हमलावर भगवा पार्टी से जुड़ा था और उसने समाचार चैनलों पर घटना को उचित ठहराने का दुस्साहस किया।

■ दिल्ली में चढ़ते पारे के बीच मटके से पानी पीते कबूतर। राजधानी में तापमान 44.31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फोटो इम्तियाज खान

एंटी औरत पार्टी बन चुकी है आप : भाजपा

स्वाती मालीवाल का चरित्र हनन किए जाने पर बोला हमला

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा अपनी ही पार्टी की सांसद स्वाती मालीवाल का चरित्र हनन किए जाने पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि इस पार्टी में नेताओं का अभद्रता करने का लंबा इतिहास है और आम आदमी पार्टी अब एंटी औरत पार्टी बन चुकी है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 'आप' की नेता आतिशी मर्लेना द्वारा पीड़िता मालीवाल का चरित्र हनन करने की आलोचना की और इस मामले में आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित इंडिया समूह के नेताओं की चुप्पी साधने पर जमकर प्रहार किया। पूनावाला ने कहा दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर एक महिला सांसद के साथ इतनी भयानक घटना



घटती है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब तक कुछ बोल नहीं पाए। जबकि इस मामले का आरोपी बिभव कुमार उनके साथ लखनऊ एयरपोर्ट पर भ्रमण करते नजर आए। दिल्ली पुलिस आरोपी को मुख्यमंत्री आवास से पकड़ कर ले जाती है, सवाल उठता है कि एक महिला सांसद से दुर्व्यवहार करने वाला आरोपी केजरीवाल के आवास पर क्यों था। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने 14 मई को बयान दिया था, कल एक बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। स्वाती मालीवाल, केजरीवाल के घर गई थीं और उनके ड्रॉइंग रूम में प्रतीक्षा कर रही थीं, लेकिन बिभव कुमार ने उनके

वीडियो पेश कर किए कई सवाल खड़े

पूनावाला ने सिंह की प्रेस वार्ता की वीडियो पेश करते हुए कई सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा, बहत्तर घंटे में सर्लेना को यू टर्न क्यों लेना पड़ा। क्या आप सासंद संजय सिंह झूठ बोल रहे थे। आतिशी का कहना है कि संजय सिंह को एक ही पक्ष की जानकारी है अर्थात क्या संजय सिंह एक ही पक्ष की बात सुनकर प्रेस वार्ता कर रहे थे। आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस पूरे मामले पर चुप क्यों है। एक घंटे के घटनाक्रम में से 20-20 सेकंड के वीडियो जारी करके आम आदमी पार्टी क्या नैरेटिव बनाना चाहती है।

गोविंदपुरी में मुफ्त चिकित्सा शिविर को आयोजन

भारी संख्या में लोगों ने अर्जित किया लाभ

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के अंतर्गत ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की ओर से शनिवार को गोविंदपुरी स्थित हनुमान मंदिर में 83वें मुफ्त यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। एडवोकेट शबी शाह जबी काजी और विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से कैंप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिन्दू मुस्लिम एकता के रूप में लोगों ने सहयोग दिया। शबनम निरंजन चौधरी , डॉ. सैयद अहमद खान, डॉ. अतहर इलाही, डॉ. अल्ताफ अहमद, डॉ. इलियास मजहर हुसैन, हकीम अताउर्रहमान अजमली, हकीम मुर्तजा देहलवी, हकीम तौहीद अहमद, डॉ जुवै रिया, हकीम मोहम्मद कैफ, हकीम अफ्फान आदि ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया। शिविर में भारी संख्या में लोगों ने लाभ अर्जित किया। विशेष रूप से जोड़ों के दर्द, गठिया, चर्म रोग, पेट एवं लिवर के रोगियों को परामर्श के साथ निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

खत्री समाज ने किया महासभा का आयोजन

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा की ओर से पूर्वी दिल्ली में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी का सम्मान समारोह में खत्री समाज का महासभा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खत्री समाज के लोगों ने भागीदारी की। इसमें महिला की खासी तादाद रही। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा मौजूद रहे। समारोह में समाज की ओर से पहुंचे प्रमुख समाजसेवी और कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने विरेंद्र सचदेवा को सम्मानित किए। सचदेवा ने भाजपा को सर्मथन के लिए मल्होत्रा का आभार जताया। इस मौके पर पहुंचे खत्री समाज के महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजन से मल्होत्रा ने आग्रह किया कि 25 मई को भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी को सर्मथन कर क्षेत्र की विकास में आहुति दें। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूरे भारत में प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का और राष्ट्रवाद के लिए भाजपा का सर्मथन करती है, इसी लिए दिल्ली की सातों सीटों पर कार्यक्रम कर रहे है। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि उत्तरी पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने देश विरोधि ताकतों को टिकट दिया है जो नारा लगाते है कि भारत तेरे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समर्थन के लिए चरणजीव का जताया आभार

मंचन *हंसी और मनोरंजन की फुहार से परिपूर्ण नाटक का हुआ मंचन*

जुड़वा भाइयों के दो जोड़े पर केंद्रित है नाटक

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। पूरे देश सहित दिल्ली में भी इलेक्शन और आईपीएल का खुमार चरम पर है। चारों ओर चुनावी सरगर्मी के बीच कुछ हल्के-फुल्के मनोरंजन की तलाश में दिल्लीवासियों के लिए आकर्षक नाटकों के मंचन की अपनी लंबी परंपरा को बनाए रखते हुए, श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स एसआरसीपीए रिपर्टरी ने हंसाते गुदगुदाते नाटक 2बाय2 का मंचन किया।

दिल्ली में पहली बार आयोजित यह नाटक शेक्सपियर की कॉमेडी ऑफ एरर्स का रूपांतरण है। जिसे गुलजार ने लिखा और जाने-माने निर्देशक सलीम-आरिफ ने निर्देशित किया है। राम सेंटर ऑडिटोरियम, मंडी हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एवं एसआरसीपीए रिपर्टरी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत यह नाटक हंसी और मनोरंजन की फुहार लिए हुए है, एक जैसे नाम वाले, एक जैसे जुड़वा बच्चों का अजीब संयोग है, उनकी गलत पहचान और घटनाक्रम हंसी का दंगा करते हैं। नाटक का

मंचन रविवार, 19 मई को भी किया जाएगा। सलीम आरीफ ने बताया कि शेक्सपियर की कॉमेडी ऑफ एरर्स एक क्लासिक है जिसके आधार या मूल कारण के रूप में 'गलत पहचान' की धारणा है। गुलजार साहब के 2बाय2 के रूपांतरण में, बैचलर अशोक और बहादुर एक दिन के लिए, शादीशुदा अशोक और बहादुर के शहर में भ्रम पैदा करने के लिए उतरते हैं, जिसे उनके परिवार, और शहर के लोग संभाल नहीं सकते हैं। नाटक 2बाय2, जुड़वा भाइयों के दो जोड़े की कहानी है, जिनमें दोनों के नाम अशोक हैं। इसी तरह अन्य दो जुड़वा भाइयों के नाम बहादुर हैं। परिस्थिति के कारण जुड़वा भाई बिछड़ जाते हैं। अशोक और बहादुर का एक जोड़ा एक परिवार पालता है, जबकि अशोक और बहादुर के दूसरे जोड़े को दूसरे शहर में कोई अन्य परिवार पालता है। कहानी में मजेदार मोड़ तब आता है, जब संयोग से चारों एक ही शहर में आ जाते हैं। एक-दूसरे से

राम सेंटर ऑडिटोरियम में किया जा रहा है नाटक का मंचन

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

1.	NIT-27	कार्य का नामः सहायक मंडल अभियंता शामली के तहत SSE/PWAY/SMQL के अनुभाग में LHS का की डिवाटरिंग का कार्य कार्य की अनुमानित लागत (रूपये): IREPS पर NIT के अनुसार बयाना राशि (रूपये): IREPS पर NIT के अनुसार
2.	NIT-28	कार्य का नामः सहायक मंडल अभियंता शामली के तहत SSE/PWAY/BTU के अनुभाग में LHS का की डिवाटरिंग का कार्य कार्य की अनुमानित लागत (रूपये): IREPS पर NIT के अनुसार बयाना राशि (रूपये): IREPS पर NIT के अनुसार
3.	निविदा बोली प्रस्तुत करने की तिथि और समय	28.05.2024 से 11.06.2024 at 15:00 Hrs
4.	निविदा खोलने की तिथि और समय	11.06.2024 15:00 Hrs
5.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: NIT-27 & 28-24-25-W-II
दिनांक:- 17.05.2024 1506/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कैपिटल ज़ोन

उवाच “

जो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं उनकी पहचान शुभम जिंदल, तरुण जिंदल और ऋषभ जैन के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। तीनों फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर ठगी कर रहे थे। लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्त में आए तीनों आरोपी उद्यमी हैं और इनका मेटल समेत अन्य का कारोबार है : **शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी क्राइम**

जीडीए उपाध्यक्ष ने की विधि अनुभाग की समीक्षा, बोले

लंबित वादों की पैरवी में कोताही बर्दाश्त नहीं

- **विधि अनुभाग में चार लिपिकों व दो सहायक अभियंताओं की हुई तैनाती**
- **अब सचिव स्तर पर हर सप्ताह होगी समीक्षा**

गाजियाबाद, 18 मई (देशबन्धु)। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार को विधि अनुभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक ने उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अदालतों में लंबित वादों में जीडीए अपनी पैरवी मजबूती के साथ करें। कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि काम को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए विधि अनुभाग में चार लिपिक और तैनात किए गए हैं। साथ ही दो सहायक अभियन्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हर 15 दिनों विधि से सम्बंधित कार्यों की जीडीए उपाध्यक्ष तथा प्रत्येक सप्ताह सचिव समीक्षा करेंगे।

बैठक में उपाध्यक्ष ने जनपद-न्यायालय स्तर पर लम्बित सीलिंग वादों, उच्च न्यायालय में लम्बित वादों, उच्चतम न्यायालय में लम्बित वादों, उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में लम्बित वादों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्राधिकरण स्तर पर वादों के कम्प्यूटर फीडिंग कार्य व एससी/एसटी, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग आयोग में लम्बित वादों की समीक्षा भी की गई।

जीडीए उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालयों से सम्बन्धित विचाराधीन समस्त वादों की प्रभावी पैरवी अधिवक्ताओं के माध्यम से की जाए।

समीक्षा में यह पाया गया कि वादों की नियमित समीक्षा के लिए एक पोर्टल बनाया गया था, परंतु उसका उपयोग न होने के कारण वह अप्रचलित हो गया था। इसमें डाटा फीड कर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि यदि किसी मुक़दमे में प्राधिकरण के विपरीत आदेश हुआ है तो अग्रिम कार्यवाही के लिए जीडीए अधिवक्ता स्पष्ट विधिक परामर्श उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावी पैरवी एवं समीक्षा के अभाव में प्राधिकरण के वादों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। अतः यह आवश्यक है कि प्राधिकरण से सम्बन्धित महत्वपूर्ण वादों को ससमय पटल प्रभारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उच्चाधिकारियों को भी व्यक्तिगत रूप से सूचित करते हुए प्राथममिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। भविष्य में सहायक प्रभारी विधि का यह दायित्व होगा कि वह अपने न्यायालय से संबंधित अधिवक्ता से एक सप्ताह पूर्व केस के तथ्यों पर चर्चा कर अधिवक्ता को अवगत करा दें। तथा नई दायर याचिकाओं की maintainability पर भी उन्हें challenge करे। इसके अतिरिक्त सभी स्थानीय न्यायालयों में विचाराधीन समस्त वादों का डेटा प्राधिकरण के पैरोकार व लिपिक को अद्यतन किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, विशेष कार्यकारी गुंजा सिंह, कनिका सिंह, वित्त नियंत्रक एके बाजपेयी, सहायक प्रभारी विधि रुद्रेश शुक्ला उपस्थित रहे।

नोएडा के फार्म हाउस में चल रही थी मुजरा व हुक्का पार्टी

- **पुलिस ने दो महिला समेत 13 लोगों को पकड़ा**
- **सोशल मीडिया से मिली थी जानकारी**

नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-135 यमुना डूब क्षेत्र के फार्म हाउस में पुलिस को बीयर और हुक्का पार्टी होने की जानकारी मिली। एक्सप्रेस वे पुलिस ने मौके पर छापा मारकर 2 महिला समेत 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग यहां बने राजमहल फार्म हाउस पर पार्टी रहे थे। इनके पास से 5 स्पीकर, 2 स्पीकर स्टैंड, 2 डीजे एम्पलीफायर, 1 डीजे लाइट, 7 हुक्के भिन्न-भिन्न प्रकार, 11 डिब्बे तम्बाकू व शराब-2 बोतल यूपी मार्का भरी हुई, 6 बोतल दिल्ली व हरियाणा मार्का बरामद हुए है। एक अन्य व्यक्ति राहुल उर्फ विक्की इसी फार्म हाउस से फरार है। बताया जा रहा है कि राहुल ही इस पार्टी का आयोजन कर्ता था। बता दे यहां बने अवैध फार्म हाउस में पहले भी इस प्रकार की पार्टी होती थी। जहां छापामार कर पुलिस ने युवक और युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े युवक और युवतियों से पूछताछ कर रही है।

एडीसीपी ने बताया कि फार्म हाउस के मालिक से पूछताछ में सामने आया कि इस पार्टी की कोई भी अनुमति नहीं ली गई थी। दरअसल पुलिस को सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म से राजमहल फार्म हाउस में पार्टी होने की जानकारी मिली। मुखबिर और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से मामला कंफर्म होने पर पुलिस ने राजमहल फार्म हाउस पर छापा मारा। जिस समय छापा मारा गया यहां हुक्का और शराब का सेवन किया जा रहा था। पुलिस ने सभी हिरासत में लिया। इनका मेडिकल कराया जा रहा है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि इनकी पहचान अमृत गुप्ता, कुशाल केशवानी, दलजीत सिंह, रवि कुमार, आदित्य आनंद, शुभम सिंह, साहिल मसीह, रवि कुमार, हरिदर्शन सिंह रावत, मनोज कुमार गुप्ता समेत के साथ 2 महिलाओं पूजा और उपासना को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि जिस समय छापेमारी की गई। वहां दो लड़कियां डांस कर रही थी। साथ ही लोग शराब और हुक्का का सेवन कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में फार्म हाउस का मालिक कुशाल केशवानी भी शामिल है। यहां होने वाली पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें पार्टी का नाम मुजरा बताया गया। इसके अलावा एंट्री फीस की दो श्रेणी पहली 5000 और दूसरी 3000 रखी गई थी। डीसीपी ने बताया कि ये पोस्टर पर जिस फार्म हाउस का नाम था वहां ऐसा कुछ नहीं था।

सार संक्षेप

नशेड़ियों का अड्डा बन गए खाली भूखंड व चौराहे

खोड़ा। खाली भूखंड और चौराहे नशेड़ियों के अड्डे बन गए है। असामाजिक तत्व और नशेड़ी दोपहर और शाम को इकट्ठे हो जाते है। इससे शाम को लोगो को खाली प्लाटों के सामने और चौराहों से निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगो का कहना है कि अपराधिक घटना होने का डर बना रहता है। लोगो ने बताया कि खोड़ा के लोकप्रिय विहार मयूर विहार फेज 3 सी एन जी पेट्रोल पंप के सामने चौधरी चरण सिंह गेट लोधी चौक मंगल बाजार प्रवेश के रास्ते थापर गेट मुर्गा मंडी दीपक विहार नानक पुलिया बिहारी कालोनी आदि चौराहों पर शाम को शराबियों और गंजेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। इसके अलावा बड़े खाली भूखंड भी इनके लिए मुफीद अड्डे बन गए है। कालोनी के कई क्षेत्रों में गांजे की खुलेआम धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। शराबी शाम को नशे में धुत होकर उत्पात मचाते है। गली-गलौज करते है आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसते है। शराबियों द्वारा मारपीट की कई घटनाएं हो चुकी है। लोगो का आरोप है कि गांजे की तस्करी करने वालो को पकड़कर पुलिस को सौंपने के बाद छोड़ दिया जाता है।

सेक्टर-104 स्थित एक होटल में लगी आग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-104 स्थित एक होटल में आग लग गई। आग होटल के चौथे फ्लोर पर लगी थी। इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर 10 दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। लेकिन एक ही दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस आग में एक लड़का एक लड़की फंस गई थे। जिनको रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया। धुआं ज्यादा होने से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-104 में ए बैंक्वेट होटल में शाम करीब 5 बजकर 35 मिनट पर आग लगने की जानकारी कंट्रोल रूम से अग्निशमन विभाग को मिली।

असलाह तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

गाजियाबाद। क्राईम ब्रान्च पुलिस ने शनिवार को अवैध असलहों की तस्करी करने वाले अन्तरराज्यीय तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 पिस्टल मय मैगजीन व 6 तमंचे बरामद किए हैं। यह गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर में असलहों की तस्करी करता है। एडीसीपी (अपराध) सच्चिदानन्द ने बताया कि गिरफ्तार असलाह तस्करों में अनस निवासी सरला रोड मौहल्ला तेलियान नियर नमरा मस्जिद मुरादनगर,अनस पहलवान निवासी रावली रोड जीतपुर रामा कृष्णा गार्डन मुरादनगर, आरिफ निवासी मौहल्ला कुरैशियान फरूखनगर थाना टीलामोड तथा ईनाम निवासी मिल्लू का मकान मौहल्ला कस्साम डासना गेट हैं।

100 मुकदमे, 100 वारदात पुलिस ने पैर में मारी गोली

- **नोएडा पुलिस व दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया ज्वाइंट ऑपरेशन**

नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। 100 से अधिक चेन और छीना छपटी करने वाले भूरा उर्फ नजाकत उर्फ केटीम को दिल्ली क्राइम ब्रांच और नोएडा की थाना सेक्टर- 49 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इसको जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। वहीं कांबिंग के दौरान इसके साथी हर्ष को गिरफ्तार किया। नजाकत पर नोएडा और दिल्ली एनसीआर में 100 मुकदमा दर्ज है। आज भी ये लूटी गई सोने की चेन सुनार को बेचने जा रहा था।

दरअसल दिल्ली क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि नजाकत अपने साथी के साथ वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सर्विलांस और मुखबिर से जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम केटीएम बाइक का पीछा रही थी। इस दौरान बदमाश नोएडा में प्रवेश कर गए। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नोएडा पुलिस से संपर्क किया। बताया गया कि दोनों बदमाश सेक्टर-50 की ओर भाग सकते है। वहीं पर चेकिंग की जाने लगी। इस दौरान एक केटीमए बाइक आते दिखी। पुलिस को देखकर बाइक सावर सेक्टर-50 खाली प्लाट की तरफ मुड़ गए। नोएडा पुलिस ने करीब 1 किमी तक पीछा किया। इस दौरान बदमाशों की बाइक स्लिप हो गई। नजाकत मौके पर गिर गया और हर्ष भागने लगा। पुलिस से घिरता देखकर नजाकत ने पुलिस ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया। नजाकत के पैर में गोली लगी। वहीं कांबिंग के दौरान हर्ष को भी गिरफ्तार किया गया।

इसके दूसरे साथी हर्ष को भी गिरफ्तार किया गया। इसके ऊपर दो मुकदमे है। हर्ष का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

गर्मियों में पेयजल का संकट गहराया

खोड़ा, 18 मई (देशबन्धु)। गर्मियों में बढ़ते तापमान के साथ पेयजल की कमी की वजह से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैतीस वर्ष पहले आबाद हुई कालोनी में पेयजल की समस्या है। बारह लाख आबादी वाली कालोनी को मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। पानी माफियाओं द्वारा बोरो से अत्यधिक जल दोहन करने से धरती की कोख सूख रही है। कालोनी में लगभग एक सौ पचास से ज्यादा निजी आर ओ प्लांट है। आधे अधूरे मानकों वाले आर ओ प्लांट के सहारे ही अधिकतर लोग प्यास बुझा रहे है। नगर पालिका परिषद की ओर से पेयजल के नाम पर सिद्धार्थ विहार स्थित गंगाजल प्लांट से टैंकरों से गंगाजल आपूर्ति की व्यवस्था भी नाकाफी है।

कालोनी के 34 वार्डो में टैंकरों से गंगाजल आपूर्ति का प्रावधान किया गया है। कालोनी के वार्डो में हजारों की संख्या में भवन है। एक वार्ड में टैंकरों द्वारा एक या दो चक्कर लगाने के उपरांत सौ घरों को बमुश्किल पेयजल मिल पाता है। बचे लोगों को निजी प्लांट के ऊपर आश्रित रहकर प्यास बुझानी पड़ती है। कुछ पानी माफिया निजी बोरों से जल दोहन करके आस पास के क्षेत्रों में बोतलबंद पानी तीस से चालीस रुपए में बेचकर मोटी कमाई कर रहे है। स्थानीय निवासी नमन शुक्ला ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा की जा रही गंगाजल आपूर्ति खोड़ा के पांच हजार घरों तक नहीं पहुंच रही है। लोग पेयजल की किल्लत से जूझ रहे है।

भाकिसं ने किया संगठन का विस्तार

- **रोहताश शर्मा को बनाया नोएडा महानगर अध्यक्ष**

नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। भारतीय किसान संगठन की गांव हल्द्वानी में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में एक बैठक हुई। जिसमें संगठन ने विस्तार करते हुए रोहताश शर्मा को नोएडा महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नोएडा पूर्व महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र वशिष्ठ को मेरठ मंडल सचिव और रवीन्द्र शर्मा को जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर नियुक्त किया गया।इस मौके पर राजेन्द्र यादव ने कहा कि देश में चुनाव चल रहे हैं। सभी पार्टियां अपने अपने वादे कर रही है। आज सिर्फ वोट बैंक की तरह किसानों और मजदूरों को देखा जा रहा है। सिर्फ और सिर्फ लुभावने वादे मिल रहे हैं। लेकिन किसान आज भी अपनी मांग पर अडिग है। स्थानीय मांगों के साथ किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी रूप दिया जाए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू की जाए। नोएडा, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण अपनी मनमानी चला रहा है। किसानों ने निरंतर विरोध प्रदर्शन और धरना दिया। लेकिन हमेशा आश्वासन दिया। किसानों ने भी ठानी है कि आखिर कब तक प्राधिकरण ऐसा करेगा।

उन्होंने कहा कि जब बात किसानों के अस्तित्व की जाए तो किसान पीछे हटने वाला नहीं है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव यादव, सुनील शर्मा , रविन्द्र, सलीम ,अमित ,विपुल ठाकुर, रवि यादव आदि की संख्या में सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

विवेक त्यागी व विक्रम हत्या कांड के तीन आरोपी मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

गाजियाबाद, 18 मई (देशबन्धु)। पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार के रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस का दावा है कि तीनों ही बदमाशों में पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जिसमें पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और तीनों ही पुलिस की गोली से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन बदमाशों में दिल्ली निवासी आमिर 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश है और वह तीन मई को शालीमार गार्डन क्षेत्र में टाटा प्रवेश के सेल्स हेड विवेक त्यागी हत्याकांड में वांछित चल रहा था। उधर अंकुर विहार पुलिस ने भी मुठभेड़ में जो बदमाश मुठभेड़ के दौरान मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए हैं। दोनों हो बदमाश लोनी बॉर्डर इलाके में विक्रम मावी हत्याकांड में शामिल थे। उनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

डीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस सेक्टर 2/5 की पुलिया वैशाली पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल को रुकने का इशारा करने पर वह नहीं रुका और बाईं ओर कच्चे रास्ते से एलिवेटिड के नीचे यूपी गेट की ओर भागने लगा । पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा किया गया तो कुछ दूर चलने के बाद इसकी मोटर साइकिल फिसल गई मोटर साइकिल सवार द्वारा पुलिस पार्टी की ओर फायर किया गया। जिसकी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है।

नोएडा में तोड़ी जाएंगी 50 से ज्यादा अवैध इमारत

- **15 को किया गया है सील**
- **गिराने के लिए एजेंसी का चयन**
- **3 से 5 फ्लोर तक का है निर्माण**

नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। नोएडा में पिछले दो महीने से चल रहे अभियान के तहत 35 से ज्यादा इमारतों पर लिखा ‘ये अवैध निर्माण’ है। 15 इमारत को सील किया गया। यानी इन 50 इमारत को अब तोड़ा जाएगा। जून में मतगणना के बाद बड़ा एक्शन देखले को मिलेगा। तोड़ने का काम बाहरी एजेंसी करेंगी। पहले फेज में सर्किल-3 ने इसकी शुरुआत की है। प्राधिकरण ने बीआर चावला नाम की एजेंसी का चयन किया है। इसका बॉन्ड भी तैयार हो गया है। ये एजेंसी 10 इमारत को पहले फेज में तोड़ेगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इमारतों को तोड़कर निकलने वाले मलबे को बेचकर एजेंसी अपना खर्च निकालेगी और प्राधिकरण को भी रुपए देगी। एजेंसी के पास मशीनें होंगी, जो आस-पड़ोस की इमारतों को बिना नुकसान पहुंचाए और बगैर खतरे के आसानी व तेजी के साथ तोड़ सकेंगी। अब पुलिस बल की मांग की गई है। दूसरी तरफ इमारतों को स्वयं ध्वस्तीकरण के लिए अंतिम नोटिस भी जारी किया गया है। पुलिस मिलते ही निजी एजेंसी से इन इमारतों को तोड़ने की शुरुआत की जाएगी।

अवैध निर्माण को लेकर अब तक प्राधिकरण ने दी 133 शिकायत

प्राधिकरण दो महीने से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा है। प्राधिकरण को अपना लैंड बैंक बढ़ाना है। इसलिए अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसा दोबारा न हो इसलिए लगातार भू माफियाओं को चिन्हित किया जा रहा है। अब तक 133 शिकायत प्राधिकरण ने नोएडा पुलिस की है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। ये सभी शिकायत नोएडा के दस सर्किल की ओर से अपने क्षेत्र में हो रही अवैध निर्माण को लेकर दी गई थी।

दो महीने में खाली कराई गई 656 करोड़ की जमीन

प्राधिकरण ने दो महीने में 1 लाख 33 हजार 362 वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अपने कब्जे में लिया। इस जमीन की कीमत करीब 656.71 करोड़ रुपए है। ये जमीन प्राधिकरण अधिसूचित और अर्जित जमीन है। जिस पर मास्टर प्लान 2031 के अनुसार प्लानिंग नियोजित है। इसलिए इस जमीन पर बिना प्राधिकरण आवंटन बनाई गई हर निर्माण अवैध है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बरौला की जो 10 इमारतें तोड़ने के लिए चिन्हित हुई हैं, उनमें से कई नाले के किनारे हैं। इसके साथ ही अवैध इमारतें भी हैं। बात अगर इनकी जमीन की करें तो राजस्व रिकॉर्ड में दो खसरा नंबर पर हैं। नियमों को ताक पर रखकर यहां इमारतें खड़ी कर दी गई। यह पूरा एरिया वर्क सर्किल-3 के क्षेत्र में आता है। कई मंजिल की ये इमारतें एक दिन में नहीं बनी हैं। धीरे-धीरे निर्माण होता रहा। प्राधिकरण के जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे रहे। अब जब निर्माण तोड़ना चुनौती बन गया है तो एजेंसी का चयन किया गया है।

हिंडन नदी की स्वच्छता को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों संग की बैठक

- **प्रदूषण को कम करने व स्वच्छता के लिए बनाई कार्य योजना**
- **बायोरेमेडीएशन की कार्यवाही को रफ्तार दे जलकल विभाग के अधिकारी : नगर आयुक्त**

गाजियाबाद, 18 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को हिंडन नदी की स्वच्छता को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंडन नदी की स्वच्छता पर विशेष कार्यवाही करने के निर्देश दिए। हिंडन नदी से जुड़े 9 नालों पर अभियान के रूप में कार्य करने के लिए कहा गया। स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, तथा जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की गई उनको हिंडन नदी की स्वच्छता बेहतर करने तथा नालों की गंदगी को दूर करने के निर्देश दिए।

पॉल्यूशन सोर्सेस मैपिंग ऑफ रिवर हिंडन और एक्शन प्लान के अंतर्गत नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्य योजना बनाई गई। जिसमें हिंडन विहार, सिटी फॉरेस्ट, केला भट्टा, नंदग्राम, डासना, प्रताप विहार, राहुल विहार, अर्थला, करहेड़ा के नाले जो कि सीधा हैंडल नदी से कनेक्ट हैं उनकी विशेष सफाई करने के लिए योजना बनाई गई। शहर के बड़े 09 जो की हिंडन नदी को प्रभावित कर रहे हैं, उनकी साफ सफाई की मॉनिटरिंग करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भी कहा गया। जल निगम अधिकारियों को टपिंग की कार्यवाही तेज करने के लिए कहा गया ताकि, नालों को एसटीपी तक ले जाकर दूषित जल का ट्रीटमेंट प्रक्रिया को शुरू किया जाए तथा हिंडन नदी की स्वच्छता में एक बड़ा प्रभावपूर्ण प्रयास किया जा सके।

बैठक में सीवर समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पर चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग को बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनिदर कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, जल निगम के सहायक अभियंता बलबीर सिंह, वी ए टेक विभाग से सुनील सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर वन सिटी वन ऑपरेटर व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही।

जीएसटी फर्जीवाड़े में शामिल तीन इनामी उद्यमी गिरफ्तार

- **अरबों रुपए के फर्जीवाड़े में थी तीनों की संलिप्तता**
- **47 आरोपी अब तक चढ़ चुके हैं पुलिस के हत्थे**

नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। 2600 से अधिक फर्जी कंपनी खोलकर भारत सरकार के राजस्व को 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के तीन कारोबारियों को क्राइम रिस्पांस टीम, एसओजी और सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। तीनों बीते आठ माह से फरार चल रहे थे। इस मामले में नोएडा पुलिस अब तक 47 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है, जिनमें कई इनामी भी हैं। आठ आरोपी अभी भी पुलिस के निशाने पर हैं।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं उनकी पहचान शुभम जिंदल, तरुण जिंदल और ऋषभ जैन के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। तीनों फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर ठगी कर रहे थे। लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्त में आए तीनों आरोपी उद्यमी हैं और इनका मेटल समेत अन्य का कारोबार है। शुभम और तरुण सगे भाई हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कई ऐसी कंपनी और फर्म बनाई जिसका वजूद सिर्फ कागजों पर रहा। धरातल पर वह कंपनी थी ही नहीं।

उवाच "

जेवर एयरपोर्ट पर आधुनिक सुविधाओं के साथ विमानन यात्रा का हिस्सा बनना बेहद रोमांचक है। जेवर एयरपोर्ट के जल्द संचालन को लेकर हम उत्साहित है और इस समझौते के माध्यम से कंपनी भारतीय व विदेशी यात्रियों को ड्यूटी फ्री प्रोडेक्ट की खरीददारी का अनोखा अनुभव प्रदान करेंगे : **मालिन वॉन प्लेटों, सीईओ हैनीमैन एशिया पैसिफिक**

कैपिटल ज़ोन

नोएडा एयरपोर्ट पर खुलेंगे प्रीमियम ब्रांडों के आउटलेट, सिंगापुर की कंपनी को मिली जिम्मेदारी

ग्रेटर नोएडा, 18 मई (देशबन्धु)। जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट पर आने वाले यात्री प्रीमियम ब्रांडों के ड्यूटी फ्री आउटलेट में शॉपिंग का लुत्फ उठा पाएंगे। जेवर एयरपोर्ट पर प्रीमियम ब्रांडों के आउटलेट डवलप करने के लिए सिंगापुर की नामी कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है जेवर एयरपोर्ट

हैनीमैन एशिया पैसिफिक और बीडब्लूसी फरवर्डर्स कंपनी आगे आए। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयपोर्ट) का निर्माण तेजी के साथ चल रहा है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जेवर एयरपोर्ट के रनवे, भवन व अन्य तकनीकि कामों को लगभग पूरा कर लिया गया है। जेवर एयरपोर्ट पर यात्रियों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की कवायद की जा रही है। जेवर एयरपोर्ट पर सितंबर 2024 तक विमान उड़ाने की तैयारी है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट (यापल) के सीईओ क्रिस्टोक श्नेलमैन ने हैनीमैन कंपनी के साथ हुए समझौते पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह साझेदारी ड्यूटी-फ्री और खुदरा खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करेगा, जेवर एयरपोर्ट पर यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधा मिलेगी। हैनीमैन एशिया पैसिफिक के सीईओ मालिन वॉन प्लेटों ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर आधुनिक सुविधाओं के साथ विमानन यात्रा का हिस्सा बनना बेहद रोमांचक है। जेवर एयरपोर्ट के जल्द संचालन को लेकर हम उत्साहित है और इस समझौते के माध्यम से कंपनी भारतीय व विदेशी यात्रियों को ड्यूटी फ्री प्रोडेक्ट की खरीददारी का अनोखा अनुभव प्रदान करेंगे। बीडब्लूसी फारवर्डर्स के निदेशक राजा बोम्मिडाला ने कहा कि यह साझेदारी भारत में विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव लाएगी। कंपनी भारत के लिए दुनिया के सबसे बड़ा प्रवेश द्वार जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करती है।



आए दिन आ रही लिफ्ट में फंसने की घटनाएं

ग्रेटर नोएडा,18 मई(देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के सोसाइटियों में लिफ्ट में फंसने की घटनाएं आए दिन आ रही हैं, भीषण गर्मी में लिफ्ट में फंसकर लोग बेहोस भी हो रहे हैं। लोगों का ओरोप है कि बिल्डर लिफ्ट का समय पर मेन्टिनेस नहीं करता जिसकी वजह से घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को अजनारा होम्स सोसाइटी में लिफ्ट दो बार फंस गई। पहली बार में घरेलू सहायिका और दूसरी बार एक परिवार के चार सदस्य 15 मिनट तक फंसे रहे। वहीं, नील कंठ प्लाजा में भी आधे घंटे तक दो लोग लिफ्ट में फंसे रहे। फंसे लोगों को किसी तरह सकुशल बाहर निकाला गया। दो दिन से लगातार सोसाइटी में लिफ्ट फंसने की घटनाएं हो रही हैं। सोसाइटी निवासी दिनकर पांडे ने बताया कि सोसाइटी के टावर बी-1 में शनिवार सुबह घरेलू सहायिका ऊपर जाने के लिए बेसमेंट से लिफ्ट में सवार हुई। थोड़ा ऊपर चलते ही अचानक लिफ्ट अटक गई। करीब 15 मिनट बाद मेंटनेंस के कर्मचारियों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सहायिका को बाहर निकाला। वहीं, दोपहर में करीब साढे चार बजे बच्चे समेत परिवार के चार लोग भूतल से ऊपर जाने के लिए सवार हुए। तभी अचानक लिफ्ट दूसरी मंजिल के बीच में अटक गई। काफी देर तक परिवार के लोगों ने इमरजेंसी कॉल और सिक्योरिटी अलार्म का बटन दबाया। लेकिन कोई मदद नहीं मिली। 15 मिनट बाद मेंटेनेंस की टीम मौके पर पहुंची। दूसरी मंजिल पर लिफ्ट बीच में अटकने के कारण मेंटेनेंस के कर्मचारियों ने अंदर कुर्सी रखी। कुर्सी पर चढ़ाकर सभी लोगों को बाहर निकाला गया। वहीं नीलकंठ प्लाजा में दो लोग तीसरी मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुए थे। जैसे ही लिफ्ट चली। अचानक बिजली चली गई। लिफ्ट के लिए कोई पावर बैकअप नहीं होने के कारण बीच में ही रुक गई। लिफ्ट में दो लोग करीब 30 मिनट तक फंसे रहे। सूचना मिलने के बाद गार्ड ने लिफ्ट को चाबी से खोलकर दोनों लोगों को बाहर निकाला।

अवैध कब्जे पर चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा, 18 मई(देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम खेड़ी, सुनपुरा व हैबतपुर में जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ सर्कल एक व दो की टीम ने कार्रवाई की। प्राधिकरण ने दोनों गांव में करीब 25000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

■ ग्राम खेड़ी, सुनपुरा व हैबतपुर के डूब क्षेत्र की 25000 वर्ग मीटर जमीन खाली कराई

■ अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की जुगत में थे कॉलोनाइजर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग के वर्क सर्कल एक और दो की टीम ने शनिवार को इन दोनों गांव की जमीन पर अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्कल दो की टीम ने ग्राम खेड़ी के खसरा संख्या-126,127,128,129,138 व सुनपुरा के खसरा संख्या 590, 592, 593, 594 पर लगभग 5000 वर्ग मीटर जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन मुक्त करा ली है, जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसी तरह वर्क सर्कल एक की टीम ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र (खसरा संख्या 72, 73 व 74) की लगभग 20,000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में लगभग 3 घंटे चली। इस कार्रवाई के लिए पांच जेसीबी व दो डंफरों का इस्तेमाल किया गया। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि अनुचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक की मौत

रबूपुरा, 18 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार मूल रूप से मैनपुरी गांव सोथारा थाना बरनाहल निवासी अरविंद कैंटर चालक था। शनिवार को यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते वह कैंटर लेकर आगरा जा रहा था। इसी दौरान जीरो पॉइंट से 25 किलोमीटर की दूरी पर रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उसके कैंटर को पीछे से आए एक सीमेंट से लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना में कैंटर चालक अरविंद (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस व सुरक्षाकर्मियों ने घायल को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पानी के प्रेशर की समस्या को लेकर प्राधिकरण से लगाई गुहार

ग्रेटर नोएडा,18 मई(देशबन्धु)। गर्मी बढ़ने के साथ सेक्टरों में पानी की मांग बढ़ गई है। ऐसे में अगर सप्लाई की पाइप लाइन में कहीं लीकेज हो जाए तो लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। सेक्टर डेल्टा-एक आरडब्ल्यूए महासचिव ऋषि पाल सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन सुनवाई में सेक्टर में पानी की समस्या को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से प्राधिकरण के सीईओ एवं अधिकारी गणों से पत्राचार एवं फेडरेशन के साथ जनसुनवाई में भी पानी की समस्या को रखा। सेक्टर डेल्टा-1 एवं डेल्टा-दो और तीन में सप्लाई के लिए एक ही टंकी है, जो सेक्टर ईटा 1 में स्थित है। किसी कारण अगर कहीं भी लीकेज हो जाती है तो उसका खामियाजा दूसरे सेक्टरों को भुगतना पड़ता है और इसी वजह से तीनों सेक्टरों में आए दिन पानी की कमी रहती है और पानी का दबाव कम आता है, जिससे इस गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया का पानी का प्रेशर कम होने की वजह से मकान के द्वितीय तल पर पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने मांग की है कि पानी की समस्या का समाधान प्राधिकरण के अधिकारी जल्द निकालें ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

■ सप्लाई की पाइप फट जाने से कई सेक्टरों को होती है परेशानी

रोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं ने लिया हिस्सा

■ मेले में 32 कंपनियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार के साथ किया चयन

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के एक्सीक्युटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार, निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता, फार्मेसी निदेशक प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह सागर, चीफ प्रोक्टर डा. डी.पी. सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर बी. शरण, कार्यक्रम संयोजक एवं संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी प्रोफेसर शरद माहेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मेगा जाब फेयर में देश के विभिन्न शहरों के विभिन्न कालेजों से 575 छात्रों ने हिस्सा लिया। आयोजित रोजगार मेले में टेक महिंद्रा, कृष्णा मारुति, जे.एन.एस. आटोमोटिव, अतुल्या मैडिलिंक, ट्रोयका फार्मा सुमी मदरसन समेत 32 कंपनियों ने छात्रो की विभिन्न पदों हेतु नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया। छात्रों को विभिन्न स्तर के साक्षात्कार के दौर से गुजरना पड़ा। रोजगार मेले के आयोजन में टेक्नोलैज का सहयोग रहा। संस्थान के प्लेसमेट अधिकारी प्रो. शरद माहेश्वरी ने बताया कि 180 छात्रों को रोजगार मेले के समापन उपरान्त चयनित किया गया। कुछ छात्रों को अगले दौर के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने में प्रोफेसर मनोज प्रभाकर, हेमंत गंगवार, शिवानी सोलंकी, प्रो. राज कमल बत्रा समेत सभी शिक्षक एवं छात्रों का विशेष सहयोग रहा।

स्कूलों में गर्मी की हुई छुट्टियां, बच्चों के खिले चेहरे

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। निजी स्कूलों व सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी कर दी गई है। वहीं परिषदीय स्कूलों में करीब एक महीने के लिए अवकाश घोषित किया गया है। 18 जून को स्कूल यथासमय खुलेंगे। बच्चों की शिक्षा पर कोई असर नहीं पड़े इसके लिए विभाग की ओर से शिक्षकों को अवकाश के दौरान ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से अभिभावकों के पास गृह कार्य भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

करीब एक माह 18 दिन कक्षाएं चलने के बाद गर्मी की छुट्टियां होने से शनिवार को विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। करीब एक महीने का अवकाश होने से विद्यार्थियों ने घूमने, समर कैंप ज्वाइन करने समेत अन्य कई प्लान तैयार करने शुरू कर दिए हैं।

शनिवार को भीषण गर्मी को देखते हुए बीएसए ने 17 जून तक स्कूलों को बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि विभाग की ओर से जल्द से जल्द सभी विद्यालयों को निपुण बनाने की तैयारी भी की जा रही है।

कोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को सुनाई तीन साल की सजा

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। जिला न्यायालय ने एक नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले की सुनवाई अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो दो) सौरभ द्विवेदी ने की। विशेष लोक अभियोजक चवनपाल सिंह ने बताया कि थाना जारचा क्षेत्र में वर्ष 2017 में पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी वसीम ने उनकी नाबालिग भांजी के साथ रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ की थी। पीड़िता अपना मामा के घर आई हुई थी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

नर्सिंग खेल दिवस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं आयोजित

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंस एण्ड रिसर्च ने डीएसडब्ल्यू की स्पोर्ट्स सोसायटी के सहयोग नर्सिंग खेल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया। विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी, पदक और प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर माधवी शर्मा ने बताया कि नर्सिंग छात्रों के बीच खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेलों में टी-10 क्रिकेट चौंपियनशिप, फुटबॉल, बैडमिंटन और दौड़ आयोजन हुआ। क्रिकेट टी-10 चौंपियनशिप और फुटबॉल की विजेता बीएससी प्रथम वर्ष की टीम रही। बैडमिंटन डबल में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अजित व शिवम, बैडमिंटन एकल में विजेता कुमारी आंचल बीएससी तृतीय वर्ष रही। वहीं दौड़ में लड़कों में रोहित बीएससी प्रथम वर्ष और लड़कियों में मनीषा जीएनएम तृतीय वर्ष की विजेता रहे। इस दौरान नर्सिंग स्कूल एसोसिएट डीन प्रोफेसर आर राजा कुमार, डॉ.कपिल दवे खेल निदेशक, डॉ.प्रमोद कुमार डीन छात्र कल्याण विभाग, लेफ्टिनेंट यशोधरा राजे समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

जमीन विवाद में हमला करने के मामले में 8 नामजद सहित 28 पर मुकदमा दर्ज

दनकौर,18 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के डेरीन गुजरान गांव में जमीन के विवाद के चलते एक वकील पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित वकील की शिकायत पर 8 नामजद समेत शनिवार को 28 के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। ढाकवाला गांव के रहने वाले देवराज नागर वकील हैं। आरोप है कि 5 मई को डेरीन गुजरान गांव के अजीत सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रेमराज, मेघराज, धर्मपाल, सूरज और अजीत और बिजेंद्र के लड़के व करीब 20 अज्ञात लोग उनकी जमीन पर जेसीबी से मिट्टी डालकर कब्जा कर रहे थे।

आरोप है कि इसका विरोध करने पर जानलेवा हमला किया गया। कुछ लोगों ने पीड़ित वकील की गर्दन दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित का कहना है कि शोर मचाने पर उनके परिवार के अन्य लोगों के मौके पर पहुंचने के कारण उनकी जान बच सकी। मामले की शिकायत डायल 112 पर की गई जिसके चलते पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जिम्स में तपेदिक व औषधि संवेदनशीलता प्रयोगशाला चिकित्सकों ने लिया प्रशिक्षण

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, एक आगामी तृतीयक देखभाल शीर्ष संस्थान है, जो उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, सहयोगात्मक अनुसंधान और सभी रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

संस्थान का लक्ष्य रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और बायोमेडिकल अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल करना है। रोगी देखभाल और अनुसंधान को और बेहतर बनाने के लिए जीआईएमएस ने संस्थान में राज्य तपेदिक और दवा संवेदनशीलता प्रयोगशाला स्थापित करने की पहल की है। तपेदिक लैब शुरू करने के लिए, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा की फैकल्टी, रेजिडेंट्स और तकनीशियनों की एक टीम को राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला (एनआरएल), आईसीएमआर-नेशनल जाल्मा इंस्टीट्यूट फॉर लेप्रोसी एंड अदर माइकोबैक्टीरियल डिजीज, (एनजेआईएल और ओएमडी), आगरा में प्रशिक्षण लिया। डॉ. हरि भान सिंह (महामारी विज्ञान विभाग, एनआरएल जालमा के प्रमुख) और डॉ प्रवीण पचौरी (माइक्रोबायोलॉजिस्ट एनआरएल जालमा) की देखरेख में 13 से 17 मई 2024 तक लिक्विड कल्चर-ड्रग संवेदनशीलता परीक्षण प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनटीईपी के तहत सभी टीबी रोगियों को तपेदिक निदान और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के बाद प्रयोगशाला तकनीशियनों के साथ डॉ स्नेहा मोहन (सहायक प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी), डॉ स्नेहा डे (सीनियर रेजिडेंट), कुशल सिंह (ट्यूटर) को प्रमाण पत्र सौंपे गए। डॉ. अब्दुल माबूद खान, प्रभारी निदेशक, एनजेआईएल एवं ओएमडी, आगरा, उत्तर प्रदेश विजय, आकाश, युवराज और मोहित मौजूद रहे। तपेदिक भारत का प्रमुख स्वास्थ्य संकट बना हुआ है।

श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने विभिन्न मांगों को लेकर खोला मोर्चा

ग्रेटर नोएडा,18 मई (देशबन्धु)। श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार दूसरे सप्ताह भी चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर की नाजायज लूट एवं मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने के खिलाफ मोर्चा खोला।

सुबह सबसे पहले सोसाइटी के निवासी बिल्डर के हाई ग्रीन्स कंपनी वाले मेंटेनेंस ऑफिस में पहुंचे जहां पर सभी जिम्मेदार अधिकारी नदारद थे। सोसाइटी के लोग जब भी निवासीगण बिल्डर के किसी जिम्मेदार व्यक्ति, अधिकारी या फिर डायरेक्टर्स से मिलने की कोशिश करते है तो निवासियों को या तो निराशा हाथ लगती है। शनिवार को निवासियों के इतने निवेदन के बाद बड़े ही शार्ट नोटिस पर ईमेल के माध्यम से एक एग्जीक्यूटिव एवं रिसेप्शन लेवल के किसी महिला एग्जीक्यूटिव को निवासियों से मिलने के लिए अधिकारित कर दिया जोकि सिर्फ और सिर्फ निवासियों की मूलभूत एवं जानलेवा समस्याओं के साथ एक खिलवाड़ है। आज की इस मीटिंग में हम निवासियों के तरफ से भी सिर्फ और सिर्फ सोसाइटी की महिलाएं शामिल हुई जिसमे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। क्योकि इन दोनों फ्रॉड बिल्डर्स ने निवासियों के साथ एक भद्दा मजाक किया था और सिस्टम को एक सवाल के घेरे में खड़ा कर दिया कि इन फ्रॉड बिल्डरों से ज्यादा पावरफुल कोई और नहीं है और वो जो चाहे वो पूरा कर सकते है। उसके बाद निवासी बिल्डर के सेल्स एवं प्रोजेक्ट ऑफिस पहुचे। वहां पर भी कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला और जो मिले उन्हें भी निवासियों का सालों पुराना दर्द एवं जानमाल के साथ होने वाले खतरे को समझने की कोशिश करते और उल्टा वो सब तो निवासियों के इन दर्द एवं मांगो पर हसते हुए देखे गए। जोकि अपने आप में बहुत दर्दनीय है। और यही बात निवासियों को इस कड़ी धूप एवं दोपहर में अपनी मांगो को रखने के लिए मजबूर कर रहे है।

■ प्रदर्शन करते हुए बिल्डर के आफिस पहुंचे, फिर भी नहीं हुआ कोई समाधान

सस्टेनेबिलिटी चैलेंज में पैसिफिक वर्ड स्कूल को मिला तीसरा स्थान

ग्रेटर नोएडा,17 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट स्थित पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल एमबी फाउंडेशन और आईबीएम स्किल बिल्ड द्वारा संचालित सस्टेनेबिलिटी क्लब चैलेंज में अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष तीन में अपना स्थान हासिल किया। इस चैलेंज में पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल ने सस्टेनिबिलिटी और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। सस्टेनेबिलिटी क्लब चौलेंज के दौरान पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने एआई एंड सस्टेनेबिलिटी इंटर्नशिप कार्यक्रम में हिस्सा लिया और ब्रेनस्टॉर्मिंग, सिस्टम थिंकिंग, रिस्क एनालिसिस, प्रोटोटाइपिंग और पिचिंग जैसी व्यावहारिक अवधारणाओं में अमूल्य जानकारी प्राप्त की। स्कूल की प्रिंसिपल पूजा बोस ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पेसिफिक वर्ल्ड स्कूल भविष्य के प्रतिभाशाली बच्चों का पोषण करने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल शैक्षणिक रूप से कुशल हैं बल्कि सामाजिक रूप से भी जिम्मेदार हैं।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-मायचा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एम.ए.आई.01343, भूखण्ड संख्या-273, क्षेत्रफल-180 वर्ग मीटर सर्वश्री विजयपाल, जगमाल, शंकर पुत्रगण श्री सुखवीर, निवासी-ग्राम-मायचा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री शंकर पुत्र श्री सुखवीर की मृत्यु के उपरांत इनके श्रीमती पल्लवी पत्नी स्व० श्री शंकर, नीलम ना०बा०, राधिका ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री शंकर सरंक्षिका माता स्वयं श्रीमती पल्लवी, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती पल्लवी पत्नी स्व० श्री शंकर, नीलम ना०बा०, राधिका ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री शंकर सरंक्षिका माता स्वयं श्रीमती पल्लवी, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

उपन्यास : चुप क्यों हो बसंती
लेखिका : जयंती रंगनाथन
प्रकाशक : शिवना प्रकाशन
मूल्य : पेपर बेक संस्करण 200 रूपये

उपन्यास : चुप क्यों हो बसंती

स्त्री जीवन के आत्म संघर्षों का ताना बाना और समाज की रूढ़ियों से जूझने की अविरल कथा

■ रमेश शर्मा

'चुप क्यों हो बसंती' जयंती रंगनाथन का सद्य: प्रकाशित उपन्यास है। कथा कहानी के क्षेत्र में जयंती रंगनाथन एक जाना पहचाना नाम है । वे वरिष्ठ कथा लेखिका हैं और उनकी कहानियां पाठकों के बीच शिद्दत से पढ़ी जाती रही हैं। जयंती रंगनाथन ने अपनी भूमिका में स्वयं स्वीकारा है कि यह उपन्यास 1975 के आसपास की घटनाओं पर केंद्रित है जो बहुत पहले उन्होंने लिखा था। एक लंबा समय बीत जाने के इतने वर्षों बाद प्रकाशित इस उपन्यास को जब मैंने पढ़ा तो मुझे ऐसा कुछ भी नहीं लगा कि तीन बहनों और विधवा माँ वाले पितृविहीन निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन संघर्षों में आज भी कोई बहुत परिवर्तन हुए हैं। एक विधवा माँ और उसकी तीन बेटियों कीर्ति, बसंती और प्रीति की शिक्षा दीक्षा को लेकर, उनकी परवरिश को लेकर, उनके शादी ब्याह और पारिवारिक जीवन संघर्षों को लेकर उपन्यास की घटनाएं बहुत उतार चढ़ाव से भरी हुई हैं। उतार चढ़ाव से भरी इन घटनाओं में निम्न मध्यवर्गीय जीवन के सजीव चित्रण हैं।एक स्त्री के जीवन में प्रेम एक गुदगुदाता हुआ कोमल और मुलायम बिषय है पर इस उपन्यास के स्त्री पात्रों के जीवन में आया हुआ प्रेम इतना सहज और सरल प्रसंग नहीं है। उस प्रेम के साथ एक तरफ सामयिक संघर्षों से भरी परिस्थिति जन्य कई कई रुकावटें हैं तो दूसरी तरफ एक ऑर्थोडॉक्स समाज की रूढ़िगत परंपराएं मुंह बाएं खड़ी मिलती हैं। %चुप क्यों हो बसंती% दरअसल उन्हीं रुकावटों , उन्हीं परंपराओं के विरूद्ध एक स्त्री के शालीनता से भरे हुए संघर्ष और उसके मुखरित होने की कथा है। पिता की मृत्यु फिर बड़ी बहन कीर्ति के विवाह के उपरांत परिवार की जिम्मेदारी बसंती के कांधे पर आती है। आर्थिक , सामाजिक तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी यह कांधा कहीं से भी कमजोर नज़र नहीं आता। परिवार की आजीविका चलाने के लिए बसंती छोटे से कपड़े की दुकान भी चलाती है। बसंती , प्रीति और उनकी विधवा माँ की मुम्बई यात्रा, मुम्बई में दुर्घटना उपरांत कीर्ति के पति की मृत्यु , विधवा हुई कीर्ति की मनोदशा, एक कमरे के फ्लेट में रहता उनका तंगहाल संयुक्त परिवार के जीवन संघर्ष के दृश्य बहुत मर्माहत करते हैं। इन सबके बावजूद एक चीज जो सबसे ज्यादा अप्रिशिएट करती है , वह है बसंती की हिम्मत और उसका संघर्ष।

निम्न मध्यवर्गीय स्त्रियों के जीवन में प्रेम प्रसंग की घटनाएं उन्हें बहुत थका देती हैं , उन्हें बहुत रुला देती हैं। कई बार उनकी हिम्मत, उनका संघर्ष टूटने भी लगता है। बसंती के जीवन में शेखर जैसे युवा का आना, जिसकी शादी एक अन्य लड़की मौलश्री से होने को रहती है,उसे जद्दोजहद से भर देता है। इस प्रेम की राह पर अनेक उतार चढ़ाव आते हैं। प्रेम में घर परिवार बस ही जाए , यह जरूरी नहीं होता ।परिवार बसते बसते भी कई बार बसने से रह जाता है। विधवा हो चुकी कीर्ति का स्थायी ठिकाना भी अब ससुराल नहीं बल्कि माँ का घर ही है । मां की नापसंदगी के बावजूद यहां उसकी मुलाकातें पूर्व प्रेमी कमल से होने लगती हैं। कमल उसे शादी के सपने भी दिखाता है। दोनों घर छोड़कर चले भी आते हैं पर कमल का रूढ़िवादी ठाकुर परिवार किसी भी हद में जाकर इस शादी को रोक देता है। मझधार में कमल जैसे पुरुष के पीछे हट जाने की वृत्ति का सदमा कीर्ति बर्दास्त नहीं कर पाती और अंतत: अपने को जलाकर आत्महत्या कर लेती है।

बसंती जिसके जीवन में अपने खुद के संघर्ष और दु:ख हैं। प्रेम का संघर्ष अलग है। बैंक की नौकरी का संघर्ष अलग है। इन संघर्षों के समानांतर उसका पारिवारिक संघर्ष और भी बड़ा है। दु:खी विधवा माँ को संभालने और छोटी बहन प्रीति को पढ़ा लिखा कर अपने पैरों पर खड़ा करने की एक बड़ी जिम्मेदारी उसके ऊपर आती है।

बसंती इन सारी बाधाओं को अपने जीवन संघर्षों के माध्यम से पार भी करती जाती है । छोटी बहन प्रीति पढ़ लिखकर आई ए एस बनकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाती है। अनेक रूकावटों के बाद बसंती की शादी शेखर से होती है और वह एक बच्चे की मां भी बन जाती है।

> बसंती इन सारी बाधाओं को अपने जीवन संघर्षों के माध्यम से पार भी करती जाती है । छोटी बहन प्रीति पढ़ लिखकर आई ए एस बनकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाती है। अनेक रूकावटों के बाद बसंती की शादी शेखर से होती है और वह एक बच्चे की मां भी बन जाती है। इस उपन्यास में शेखर की भाभी इंदु एक ऐसी पात्र है जो दया ,करुणा, प्रेम इत्यादि जीवन मूल्यों के लिए पाठकों का ध्यान खींचती है। मुंबई यात्रा के दौरान इस इंदु नामक पात्र से बसंती के परिवार की मुलाकात कब एक स्थायी रिश्ते का रूप लेती है पता ही नहीं चलता। यह रिश्ता अंत तक बहुत आश्वस्त करता है।

इस उपन्यास में शेखर की भाभी इंदु एक ऐसी पात्र है जो दया ,करुणा, प्रेम इत्यादि जीवन मूल्यों के लिए पाठकों का ध्यान खींचती है। मुंबई यात्रा के दौरान इस इंदु नामक पात्र से बसंती के परिवार की मुलाकात कब एक स्थायी रिश्ते का रूप लेती है पता ही नहीं चलता। यह रिश्ता अंत तक बहुत आश्वस्त करता है।

यह पूरा उपन्यास बसंती के जीवन के इर्द-गिर्द ही बुना गया है। एक स्त्री के जीवन में जो द्वंद होते हो , उसकी जो हिम्मत होती है , निडर होकर समाज की रूढ़ियों से टकराने की उसकी जो मुखर प्रतिबद्धता होती है , यही इस उपन्यास की कथावस्तु है। 70 के दशक की परिस्थितियों को लेकर कथा लेखिका ने जब इसे लिखा होगा तब यह नहीं सोचा होगा कि 40 साल बाद भी परिस्थितियों में बहुत बदलाव हो पाना संभव नहीं होगा । इस उपन्यास के माध्यम से स्त्री जीवन की भीतरी तहों को झांकने और एक बड़े समय अंतराल में स्त्री जीवन के सामाजिक संघर्षों का आकलन करने का एक अवसर हम जैसे पाठकों को मिलता है।

इस उपन्यास को पढ़कर और भी बहुत से अनुभवों से पाठक गुजर सकते हैं।

व्यंग्य

अतिथि तुम कब जाओगे ?

■ शरद जोशी

तुम्हारे आने के चौथे दिन, बार-बार यह प्रश्न मेरे मन में उमड़ रहा है, तुम कब जाओगे अतिथि! तुम कब घर से निकलोगे मेरे मेहमान!

तुम जिस सोफ़े पर टांगें पसारे बैठे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर लगा है, जिसकी फड़फड़ाती तारीख़ें मैं तुम्हें रोज़ दिखा कर बदल रहा हूं. यह मेहमान नवाज़ी का चौथा दिन है, मगर तुम्हारे जाने की कोई संभावना नज़र नहीं आती. लाखों मील लंबी यात्रा कर एस्ट्रोनॉट भी चांद पर इतने नहीं रुके जितने तुम रुके. उन्होने भी चांद की इतनी मिट्टी नहीं खोदी जितनी तुम मेरी खोद चुके हो. क्या तुम्हें अपना घर याद नहीं आता? क्या तुम्हें तुम्हारी मिट्टी नहीं पुकारती?

जिस दिन तुम आए थे, कहीं अंदर ही अंदर मेरा बटुआ कांप उठा था. फिर भी मैं मुस्कराता हुआ उठा और तुम्हारे गले मिला. मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते किया. तुम्हारी शान में ओ मेहमान, हमने दोपहर के भोजन को लंच में बदला और रात के खाने को डिनर में. हमने तुम्हारे लिए सलाद कटवाया, रायता बनवाया और मिठाइयां मंगवाईं. इस उम्मीद में कि दूसरे दिन शानदार मेहमान नवाज़ी की छाप लिए तुम रेल के डिब्बे में बैठ जाओगे. मगर, आज चौथा दिन है और तुम यहीं हो. कल रात हमने खिचड़ी बनाई, फिर भी तुम यहीं हो. आज हम उपवास करेंगे और तुम यहीं हो. तुम्हारी उपस्थिति यूं रबर की तरह खिंचेगी, हमने कभी सोचा न था. सुबह तुम आए और बोले,''लॉन्ड्री को कपड़े देने हैं.'' मतलब? मतलब यह कि जब तक कपड़े धुल कर नहीं आएंगे, तुम नहीं जाओगे? यह चोट मार्मिक थी, यह आघात अप्रत्याशित था. मैंने पहली बार जाना कि अतिथि केवल देवता नहीं होता. वह मनुष्य और कई बार राक्षस भी हो सकता है. यह देख मेरी पत्नी की आंखें बड़ी-बड़ी हो गईं. तुम शायद नहीं जानते कि पत्नी की आंखें जब बड़ी-बड़ी होती हैं, मेरा दिल छोटा-छोटा होने लगता है.

कपड़े धुल कर आ गए और तुम यहीं हो. पलंग की चादर दो बार बदली जा चुकी और तुम यहीं हो. अब इस कमरे के आकाश में ठहाकों के रंगीन गुब्बारे नहीं उड़ते. शब्दों का लेन-देन मिट गया. अब करने को चर्चा नहीं रही. परिवार, बच्चे, नौकरी, राजनीति, रिश्तेदारी, पुराने दोस्त, फ़िल्म, साहित्य. यहां तक कि आंख मार-मार कर हमने पुरानी प्रेमिकाओं का भी ज़िक्र कर लिया. सारे विषय ख़त्म. तुम्हारे प्रति मेरी प्रेमभावना गाली में बदल रही है. मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि तुम कौन-सा फ़ेविकोल लगा कर मेरे घर में आए हो?

पत्नी पूछती है,''कब तक रहेंगे ये?'' जवाब में मैं कंधे उचका देता हूं. जब वह प्रश्न पूछती है, मैं उत्तर नहीं दे पाता. जब मैं पूछता हूं, वो चुप रह जाती है. तुम्हारा बिस्तर कब गोल होगा अतिथि?

मैं जानता हूं कि तुम्हें मेरे घर में अच्छा लग रहा है. सबको दूसरों के घर में अच्छा लगता है. यदि लोगों का बस चलता तो वे किसी और के घर में रहते. किसी दूसरे की पत्नी से विवाह करते. मगर घर को सुंदर और होम को स्वीट होम इसीलिए कहा गया है कि मेहमान अपने घर वापिस लौट जाएं.

मेरी रातों को अपने खर्राटों से गुंजाने के बाद अब चले जाओ मेरे दोस्त! देखो, शराफ़त की भी एक सीमा होती है और गेट आउट भी एक वाक्य है जो बोला जा सकता है. कल का सूरज तुम्हारे आगमन का चौथा सूरज होगा. और वह मेरी सहनशीलता की अंतिम सुबह होगी. उसके बाद मैं लड़खड़ा जाऊंगा. यह सच है कि अतिथि होने के नाते तुम देवता हो, मगर मैं भी आख़िर मनुष्य हूं. एक मनुष्य ज़्यादा दिनों देवता के साथ नहीं रह सकता. देवता का काम है कि वह दर्शन दे और लौट जाए. तुम लौट जाओ अतिथि. इसके पूर्व कि मैं अपनी वाली पर उतरूं, तुम लौट जाओ.

उफ़! तुम कब जाओगे, अतिथि!

कहानी

धर्म लोगे, धर्म ?

■ रामधारी सिंह 'दिनकर'

(1)

''धर्म लोगे, धर्म ?''

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पुरोहित जा रहा था। धर्म इसकी खेती है और पर्व-त्योहार फसल काटने के अच्छे मुहूर्त। मैंने कहा, ''पुरोहित, मेरे घर तेरी फसल नहीं उपजी है।'' और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(2)

''धर्म लोगे, धर्म ?''

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पंडा जा रहा था। धर्म इसकी ठेकेदारी और देवता इसका इंजीनियर है और जैसे इंजीनियर की कृपा से ठेकेदार मालामाल हो जाता है, उसी तरह, देवता के मेल से पंडे को मालपूए खूब मिलते हैं। मैंने कहा, ''पंडा, मुझे पुल बनवाना नहीं है।'' और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(3)

''धर्म लोगे, धर्म ?''

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से उपदेशक जा रहा था। धर्म इसकी मशाल है, जिसे वह सिर्फ दूसरों के लिए जलाता है और यह वह नाई है, जो मशाल अपनी रोजी के लिए जलाता है, जिससे बरात के लोग अपना रास्ता पा सकें। मैंने कहा, ''नाऊ, मुझे आज कहीं नहीं जाना है।'' और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

(4)

'धर्म लोगे, धर्म ?''

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से एक अमीर जा रहा था। धर्म इसका छाता है, जिसे इसने मार्क्सवादी ओलों की बौछार से बचने को तान रक्खा है। मैंने कहा, ''अमीर, मेरे पास बचाने की कोई चीज नहीं है।'' और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

और शाम को जब मैं घर से निकला, तब देखा कि गाँव का आठ वर्ष का छोटा बच्चा रामू खेत की मेड़ पर बैठा किसी विचार में लीन है। मैंने पूछा, ''अरे रामू, यहां बैठा-बैठा क्या सोच रहा है?''

रामू बोला, ''सोच रहा हूँ कि ईश्वर एक ही है, यह आदमी के लिए काफी कठिनाई की बात है। अब तुम्हीं सोचो दादा, कि दो ईश्वर होते, तो आदमी को थोड़ी सहूलियत जरूर हो जाती। मसलन, अगर यह ईश्वर रूठ गया, तो उस ईश्वर के यहाँ चले गये और वह ईश्वर रूठ गया, तो इस ईश्वर के यहाँ चले आये। मगर, ईश्वर एक ही है, इसलिए, हमें बहुत सँभल-सँभलकर चलना होगा।''

मैंने बच्चे को गोद में उठा लिया और कहा कि ''प्यारे काश, अपनी शंका और बेचैनी तू मेरे दिल में उँड़ेल पाता।''

ग़ज़ल

थी नींद मेरी मगर उस में ख़्वाब उस का था

■ वज़ीर आग़ा

थी नींद मेरी मगर उस में ख़्वाब उस का था
बदन मिरा था बदन में अज़ाब उस का था

सफ़ीने चंद ख़ुशी के ज़रूर अपने थे
मगर वो सैल-ए-ग़म-ए-बे-हिसाब उस का था

दिए बुझे तो हवा को किया गया बदनाम
क़ुसूर हम ने किया एहतिसाब उस का था

ये किस हिसाब से की तू ने रौशनी तक़्सीम
सितारे मुझ को मिले माहताब उस का था

फ़लक पे किर्चियाँ आँखों में मोतिया आँसू
जो रेज़ा रेज़ा हुआ आफ़्ताब उस का था

मिरी ज़रा सी चमक को कड़क ने टोक दिया
सवाल तुझ से किया था जवाब उस का था

खुली किताब थी फूलों-भरी ज़मीं मेरी
किताब मेरी थी रंग-ए-किताब उस का था



कविता

■ भवानीप्रसाद मिश्र

क़लम तेरे हाथ में है, जो चाहे सो लिख
कुछ न सूझे तो अपना नाम लिख
क्या ज़रूरी है कि जो कुछ लिखा, वह छपे सभी
न छपे सही अँगीठी के काम आएगा कभी

दम होगा तो धधक जाएगा
बोदा होगा तो बुझ जाएगा

लिखने की बेला बड़ी पावन होती है
सूखे मन के लिए सावन होती है
रोशनाई और क़लम का संयोग होता है
मन को सँजोने का प्राणान्तक योग होता है
क़लम तेरे हाथ में है, ललकार कर लिख
कागज़ हज़ार काले हों, मगर कालिख़ न लिख

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

जापान में होंशू के पूर्वी तट के पास भूकंप के झटके

टोक्यो। जापान में होंशू के पूर्वी तट के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि शनिवार को 0055 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप के तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 35.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 141.00 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 42.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

देश विदेश

हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है इजरायल : रक्षा मंत्री

यरुशलम, 18 मई (एजेंसियां)। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि उनका देश लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के साथ युद्ध से बचना चाहता है। शुक्रवार को लेबनान के साथ इजरायल की उत्तरी सीमा के पास सैनिकों के साथ बात करते हुए गैलेंट ने कहा कि इजरायल उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को अपने घरों में सुरक्षित लौटाएगा और ऐसा करने के लिए हर अवसर की तलाश कर रहा है। हम जानते हैं कि युद्ध की कीमत सभी को चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि युद्ध का एक लंबा दौर लेबनान और हिजबुल्लाह के लिए विनाशकारी होगा, लेकिन हमें इसकी कीमत चुकानी होगी और हम इससे बचना चाहेंगे।

गैलेंट ने कहा कि कुछ भी हो सकता है, और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि हमें कार्रवाई करने की आवश्यकता है, तो हम ऐसा केवल इसलिए करेंगे क्योंकि हमें अपने नागरिकों की रक्षा करनी है। इससे पहले इजरायली सेना ने कहा था कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के वायु रक्षा बुनियादी ढांचे, लॉन्चरों और संरचनाओं पर हमला किया है। लेबनान की रिपोर्टों के अनुसार, इजरायली हमलों में समूह का एक स्थानीय नेता मारा गया। वहीं, हिजबुल्लाह के हमले शुक्रवार को भी जारी रहे, उत्तरी इजरायल में दर्जनों रॉकेट और ड्रोन लॉन्च किए गए। हाल के दिनों में हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच गोलीबारी तेज हो गई है। हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ नए प्रकार के रॉकेट तैनात किए हैं और अक्टूबर के बाद से इजरायली क्षेत्र में ड्रोन हमला किया है।

इजरायली हमले में हमास के अधिकारी की मौत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में कथित तौर पर हमास के एक सदस्य की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, इजरायली ड्रोन ने राशाया शहर में एक वाहन का पीछा किया, उस पर दो मिसाइलें दागीं, जिससे कार में आग लग गई। उसमें सवार ड्राइवर शरहबील अल-सईद की मौत हो गई। हमले में उसका साथी और एक नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमास की सैन्य शाखा अल-क़सम ब्रिगेड ने एक बयान में पुष्टि की कि अल-सईद संगठन का एक सदस्य था। घटना स्थल का निरीक्षण करते समय, पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में हमास के एक अधिकारी महमूद बराका ने एक अलग बयान में कहा फिलिस्तीन के स्वतंत्र होने तक आंदोलन जारी रहेगा। लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव 8 अक्टूबर, 2023 से बढ़ा हुआ है जब हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने इजरायल की ओर रॉकेट दागे थे। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

गाजा युद्ध मुद्दे पर कैलिफोर्निया विवि के प्रेसिडेंट ने दिया इस्तीफा

सैन फ्रांसिस्को। कैलिफोर्निया में सोनोमा स्टेट यूनिवर्सिटी (सीएसयू) के प्रेसिडेंट मिंग-तुंग माइक ली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एक दिन पहले ही सीएसयू के अधिकारियों ने उन्हें छुट्टी पर भेज दिया था।दरअसल माइक ली ने घोषणा की थी कि संस्थान इजरायल से शैक्षणिक और वित्तीय संबंधों को तोड़ लेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीएसयू चांसलर मिल्ड्रेड गार्सिया ने कहा कि ली ने उन्हें सेवानिवृत्त होने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया है, उन्होंने ली की कार्रवाई को अवज्ञा करार दिया और एक एक्टिंग प्रेसिडेंट नामित किया। गार्सिया ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि सीएसयू का मिशन उन सभी के लिए एक समावेशी संस्थान नाना है जिनकी हम सेवा करते हैं, न कि एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग करना।

इजरायली सेना ने गाजा में तीन बंधकों के शव किए बरामद

यरुशलम, 18 मई (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) ने एक संयुक्त अभियान में गाजा पट्टी में तीन इजरायली बंधकों के शव बरामद किए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हगारी के हवाले से बताया कि पिछले साल 7 अक्टूबर को नोवा रेव पार्टी में हमास के हमले के दौरान तीन इजरायली शनि लौक, अमित बुस्किला और इत्जिक गेलेंटर का अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई, और उनके शवों को गाजा पट्टी ले जाया गया। आईडीएफ ने कहा कि यह ऑपरेशन गाजा पट्टी में गिरफ्तार किए गए हमास आतंकवादियों की जांच और सैन्य खुफिया निदेशालय द्वारा प्रदान किए गए खुफिया जानकारी पर आधारित था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस खबर को दिल दहला देने वाला बताया और कहा कि हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत सभी को वापस लेंगे।

सुडोकू 6559

		1		7	9	5		
	9				8		3	
5	4	8	6					1
	8		3				1	2
	5	4	1		7	3	8	
1	6				4		9	
8					5	1	4	7
	1		7				2	
		2	9	4		8		

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 19 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 11

राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ - विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क - काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह - दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या - वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला - अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक - गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा।

मकर - बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ - अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन - आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

अफगानिस्तान में बारिश, तूफान और बाढ़ से 50 की मौत

फिरोज कोह, (अफगानिस्तान), 18 मई (एजेंसियां)। पश्चिम अफगानिस्तान के घोर (ग़ोर) प्रांत में बीते 24 घंटों में कम से कम 50 लोगों के मौत की खबर है, जबकि 10 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुलरहमान बदरेस ने कहा,

■ बाढ़ ने प्रांत के शाहरक, डुलिना, लाल और सरजंगल जिलों को अपनी चपेट में ले लिया

बाढ़ ने प्रांत के शाहरक, डुलिना, लाल और सरजंगल जिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें 2,000 आवासीय घर और 2,500 दुकानें तबाह हो गईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घोर के गवर्नर अब्दुल वाहिद हमास के प्रवक्ता ने कहा कि 10 मई को प्रांत और अफगानिस्तान के अन्य क्षेत्रों में अचानक आई बाढ़ के दौरान घोर में सात अन्य लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश और बाढ़ ने घोर के पड़ोसी प्रांतों हेरात और फराह की सड़कें भी अवरुद्ध कर दीं। अफगानिस्तान में पिछले महीने से भारी बारिश हो रही है और बाढ़ के लगातार हालात बने हुए है, जिसमें जान-माल की क्षति हुई है।

पाकिस्तान में ब्रेक फेल होने से वाहन खाई में गिरा, 14 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में मध्य पंजाब प्रांत के खुशाब जिले में शनिवार को एक मिनी लॉरी (ट्रक) खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। बचाव सेवा ने शनिवार को बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना उस समय घटी जब लोग काम के लिए पड़ोसी जिले में जा रहे थे। स्थानीय बचाव सेवा के प्रवक्ता उस्मान हैदर ने कहा कि दुर्घटना में पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत 14 लोगों की मौत हो गई। आठ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिस कारण मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने आगे बताया कि वाहन की रफ्तार तेज थी। ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। वाहन में कुल 26 लोग सवार थे। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, हर वर्ष करीब 9 हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें पांच हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

बाइडन के सुरक्षा सलाहकार सऊदी अरब, इजरायल के दौरे पर

वाशिंगटन, 18 मई (आईएएनएस/डीपीए)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन सऊदी अरब और इजरायल की यात्रा पर हैं। अमेरिकी सुरक्षा परिषद के संचार निदेशक जॉन किर्बी ने शुक्रवार को वाशिंगटन में

घोषणा की कि सुलिवन शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे। बैठक में सुलिवन क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। रविवार को, सुलिवन इजरायल जायेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। किर्बी के मुताबिक, गाजा पट्टी में युद्ध, वहां की मानवीय स्थिति और सभी बंधकों को रिहा करने के समझौते पर बातचीत होगी।

वर्ग पहेली 6559

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६			■		■	७			८
	■		■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	१६	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	२३					■	■	

बायें से दायें:-

१. तमिलनाडु का एक बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का खेल जिसे बाद में प्रतिबंध लगाया गया था
३.पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेनेवाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीपाम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
१९. बाइज्जत
२१. मुसलमानोंका का एक पवित्र महीना
२३. सुल्तान, सम्राट

ऊपर से नीचे:-

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब,पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला, विभक्त करने वाला,
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर, नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

वर्ग पहेली-6558

१ वि	वा	२ दा	स्प	३ द	■	४ प	रि	५ सं	ख्य
व	■	र	■	६ र	ग	ड़	■	जी	■
७ र	ह	म	■	■	■	८ ता	बे	दा	९ र
ण	■	दा	■	१० हा	सि	ल	■	■	र
■	११ प	र	१२ स्प	र	■	■	१३ क	फ	स
■	ह	■	र्श	■	१४ ज	न	नी	■	मू
१५ म	ल	१६ य	ज	■	र्ज	■	१७ ज	१८ ग	ह
ज	■	म	■	१९ प	र	२० त	■	वा	■
२१ दू	स	रा	■	ठि	■	२२ प	री	क्ष	२३ क
र	■	२४ ज	म्मां	त	र	■	■	■	र्ज

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

पाकिस्तान बच्चों के बौनेपन से निपटने के लिए पहल शुरू करेगा

इस्लामाबाद, 18 मई (एजेंसियां)। पकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के बौनेपन की चुनौती पर काबू पाने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री शरीफ ने शुक्रवार को यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की सर्वोत्तम वृद्धि और विकास पाकिस्तान के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और बौनेपन को रोकने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाने के सख्त जरुरत है। बयान में कहा गया है कि बैठक में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के साथ-साथ दूषित पानी के उपयोग के कारण देश में बड़ी संख्या में बच्चों के विकास अवरुद्ध होने से खतरा पैदा हो गया है। श्री शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों के समाधान के लिए तुरंत एक व्यापक राष्ट्रीय योजना पेश करने का भी निर्देश दिया।

पुतिन ने हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का दौरा किया

बीजिंग, 18 मई (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 17 मई को हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भाषण दिया और शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, युवा विकास आदि क्षेत्र में शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत की। इस वर्ष चीन और रूस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है। शैक्षिक सहयोग हमेशा से दोनों देशों के बीच सहयोग का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय जैसे कई प्रसिद्ध रूसी विश ?वविद्यालयों के साथ वैज्ञानिक और शैक्षिक सहयोग करता है। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन में उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग दोनों देशों के युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के अवसर प्रदान करता है और दोनों देशों लोगों के बीच समझ को गहरा करता है। रूस चीन के साथ सहयोग को मजबूत करना चाहता है और दोनों देशों के युवाओं के लिए अधिक आदान-प्रदान और सीखने के मंच प्रदान करना चाहता है।पुतिन ने यह भी कहा कि रूस में विश्वविद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय में लगभग 90 हज़ार छात्र चीनी भाषा सीख रहे हैं और चीन में भी कई लोग रूसी सीख रहे हैं। जैसे-जैसे रूस और चीन के बीच सहयोग के क्षेत्र व्यापक होते जा रहे हैं, अधिक से अधिक प्रतिभाओं की आवश्यकता है जो दोनों भाषाएँ समझती हों और पेशेवर क्षेत्रों में दक्ष हों।

आज का इतिहास

1521-उसमानी सेना ने भयानक लड़ाई के बाद बालकान प्रायद्वीप में यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड पर अधिकार कर लिया।
1536-इंग्लैंड के राजा हेनरी 8 की दूसरी पत्नी और क्वीन एलिजाबेथ प्रथम की मां ऐने बोलीन को व्याभिचार का दोष सिद्ध होने पर मौत के घाट उतार दिया गया।
1824-सन 1857 के भारतीय स्वतन्त्रता के प्रथम संग्राम के शिल्पकार नाना साहब का जन्म।
1892-बहुचर्चित नाटककार और कवि ऑस्कर वाइल्ड को दो साल की सजा के बाद जेल से रिहा किया गया। उन्हें समलैंगिकता के अपराध में यह सजा सुनाई गई थी। उस समय ब्रिटेन में समलैंगिकता गैरकानूनी थी।
1904-टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का निधन।
1910-नाथूराम गोडसे का जन्म। इतिहास में उसका नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे के तौर पर दर्ज है।
1913-भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी का जन्म।
1934-भारतीय तमिल सिनेमा की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका पी. लीला का जन्म।
1936-ब्रिटेन के आविष्कारक रॉबर्ट डेटसन वाट ने रडार बनाया और यह प्रणाली सबसे पहले ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर स्थापित की गई।
1938-कवि, रंगमंच कर्मी, कहानी लेखक, नाटककार, फ़िल्म निर्देशक और फ़िल्म अभिनेता गिरीश कर्नाड का जन्म।
1950-मिस्र ने स्वेज नहर को इजरायली जहाजों के लिए बंद करने की घोषणा की।
1971-भारतीय नौसेना का पहला पनडुब्बी अड्डा वीर बाहू विशाखापत्तनम में शुरू हुआ।
1996-प्रसिद्ध तमिल अभिनेत्री तथा तमिलनाडु की भूतपूर्व मुख्यमंत्री जानकी रामचन्द्रन का निधन।

चेतावनी *हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं*

ट्रम्प ने अमेरिका के नेतृत्व को बताया अक्षम

वाशिंगटन, 18 मई (एजेंसियां) अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। श्री ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में कहा कि जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है।

श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती। उल्लेखनीय है वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव पांच नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से श्री ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ेंगे।

ट्रंप बहस करने से पहले बिडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। श्री ट्रंप ने कहा कि मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बिडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। श्री बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

दुनिया को जानें

गाजा में मृतक फिलिस्तीनियों की संख्या 35,386 हुई

गाजा, 18 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 35,386 हो गई है। फिलिस्तीनी एन्क्लेव में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को संवाददाता को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना के हमलों में 83 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है और अन्य 105 घायल हुए हैं। जिससे पिछले अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 35,386 हो गई और 79,366 लोग घायल हुए हैं। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी इजरायली सीमा में घुस कर और गाजा पट्टी से बड़े पैमान पर रॉकेट दागकर इजरायल पर हमला किया था। इस हमले में इजरायल के लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और हमास के लड़ाकों ने लगभग 250 को बंधक बना लिया गया था।

प्रादेशिकी

चारों धामों में रील पर रोक सरकार का व्यावहारिक निर्णय : भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चारोंधामों के परिसर में रील बनाने पर रोक सरकार का सही और व्यावहारिक निर्णय है। उन्होंने यात्रा में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने को राज्य की आर्थिकी के लिए सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सबकी सहभागिता बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यात्रा व्यवस्थाओं की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वह ग्राउंड जीरो पर जाकर यात्रियों से फीड बैक ले रहे हैं। यह आमजन और श्रद्धालुओं में उत्साह भरने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि साल-दर-साल तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या प्रदेश की आर्थिकी के लिए सुनहरा अवसर है लिहाजा सरकार के साथ हम सभी सवा करोड़ देवभूमिवासियों का भी दायित्व है कि राज्य की मेहमाननवाजी की शानदार तस्वीर लेकर श्रद्धालु जाएं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि सड़क, आवास, पानी, स्वास्थ्य, खानपान, संचार आदि की व्यवस्था दुरुस्त हो।

देश का लोकतंत्र मजबूत करेगा इंडिया गठबंधन : नरेश चौहान

शिमला, 18 मई (देशबन्धु)। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही देश के लोकतंत्र को मजबूत किया जाएगा। आज देश को अस्थिर करने का काम जो भाजपा ने किया है उसका जबाब देश की जनता दे रही है जिसका नतीजा 4 जून को आएगा। यह बात

■ 10 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के बजाय देश को बांटने का काम कर रहे मोदी

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 10 सालों में देश को अस्थिर करने की कोशिश की है। पीएम और भाजपा नेताओं ने देश के हर वर्ग को विभाजित करने का काम किया है जिसका जवाब उन्हें 4 जून को मिल जाएगा। नरेश चौहान ने कहा कि 10 साल तक राज करने के बाद वे अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश नहीं कर रहे बल्कि हिन्दू- मुस्लिम,जाति- धर्म और मंदिर- मस्जिद पर जनता को बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी के उस बयान की कड़ी निंदा की है

जिसमें पीएम ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलाएगी। उन्होंने मोदी के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है और सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की मांग की है। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री मोदी को अपनी हार निश्चित दिखाई दे रही है जिसकी बौखलाहट में मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के 40 दिनों के मंगलसूत्र और हिन्दू-मुस्लिम और मंदिर मस्जिद की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की जनता वाले देश में मुद्दों की कोई कमी नहीं है। लेकिन भाजपाई राम जी और मंदिर के नाम पर देश की जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। भाजपाईयों का काम कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेताओं को गालियां देने का रह गया है। भाजपाई कांग्रेस के मेनिफेस्टो से बौखलाहट में है जिसका वे नेगेटिव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र से युवा, किसान,महिलाओं को न्याय मिलेगा। नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा और 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने दलबदलुओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उप-चुनाव में साजिश रचने वालों के खिलाफ

> 140 करोड़ की जनता वाले देश में मुद्दों की कोई कमी नहीं है। लेकिन भाजपाई राम जी और मंदिर के नाम पर देश की जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं : नरेश चौहान

गुस्सा साफ दिखाई दे रहा है। उसी तरह निर्दलीय तीन विधायक की हालत भी बदतर हो गई है न वो एमएलए बचे हैं और न ही कभी भविष्य में बनेंगे।

नरेश चौहान ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा राजीव बिंदल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को कर्ज में डुबोने वाला मुख्यमंत्री जाना जाएगा जिन्होंने प्रदेश को 75 हजार करोड़ रुपए के कर्ज में डुबो दिया। इसके अलावा कर्मचारियों का डीए और एरियर नहीं दिया। जिसका बोझ कांग्रेस सरकार पर पड़ा। डबल इंजन की सरकार में पेपर भर्ती का खेल चलता रहा कभी क्लर्क भर्ती का पेपर बिका तो कभी पुलिस भर्ती पेपर 5 से 7 लाख में बिका। चौहान ने जयराम पर लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। जो चोर दरवाजे से सत्ता में आना चाहते थे लेकिन वे अपने नापाक मनसूबे पर कामयाब नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रदेश की जनता में विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है जो इन्हें हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने डॉ राजीव बिंदल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे बताएं कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से इस्तीफा क्यों दिया। नरेश चौहान ने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को चुनाव प्रचार के दौरान जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। चारों लोकसभा सीट के साथ 6 विधानसभा उपचुनाव की सीटें कांग्रेस भारी बहुमत के साथ जीतेगी।

भाजपा की रैलियां फ्लॉप शो, जनता को नहीं लुभा पा रहे भाजपा के जुमले : संजय अवस्थी

हिमाचल की चुनावी रणभूमि जल्द ही दिग्गजों के अखाड़े में तब्दील होगी

■ चुनाव आते ही भाजपा नेताओं को आ रही हिमाचल की याद, आपदा में की सिर्फ राजनीति

शिमला, 18 मई। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के शीर्ष नेताओं को हिमाचल की याद आने लगी है। भाजपा नेता जे पी नड्डा की रैलियों में भीड़ न जुटने के बाद उनके चेहरे पर शिकन दिखाई दे रही है। जिसके चलते नड्डा बौखलाहट में कांग्रेस पार्टी को गालियां देने पर उतर गए हैं। शिमला संसदीय क्षेत्रों में हुई भाजपा की रैलियों को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने फ्लॉप शो बताया है। अवस्थी ने जेपी नड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब प्रदेश की जनता इनके जुमलों से परेशान होकर रैलियों में आने से भी कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा के दौरान जेपी नड्डा समेत इनकी पूरी टीम राजनीति करती रही लेकिन हवाई दौरे के चलते प्रभावितों की कोई मदद नहीं कर पाई। प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ 551 लोगों को अपनी जान गवांनी पड़ी लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के तीनों सांसद ने एक बार भी पीएम मोदी के समक्ष सहायता देने की वकालत तक नहीं कि बल्कि उल्टा मदद न देने की बातों पर जोर दिया। अवस्थी ने नड्डा से पूछा कि आज वे किस मूंह से वोट मांग रहे हैं। प्रदेश को भारी भरकम नुकसान हुआ लेकिन इनके मूंह से उफ्फ तक नहीं निकली ।होना तो यह चाहिए था कि गुजरात और उत्तराखंड की तरह हिमाचल में भी राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू बार- बार पीएम मोदी,गृह मंत्री

अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राष्ट्रीय आपदा प्रभावित घोषित करने की मांग करते रहे। लेकिन न तो पीएम ने हिमाचल की बात सुनी और न ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को लगता था शायद यदि पीएम मोदी राष्ट्रीय आपदा घोषित कर विशेष पैकेज देते तो कांग्रेस इसका श्रेय ले जाएगी लेकिन यदि सरकार को विशेष पैकेज मिलता तो आपदा प्रभावितों को तुरंत सहायता मिलती और प्रदेश आपदा से जल्द उभरता। लेकिन सीएम सुक्खू की दूरदर्शी सोच के चलते फिर भी 48 घंटे के भीतर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में फंसे 75 हजार पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला और 15 हजार से ज्यादा गाड़ियों को भी बाहर निकाला। इतना ही नहीं प्रदेश के लिए अलग से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज भी बनाया साथ ही आपदा मैनुअल में संशोधन कर प्रभावितों को मिलने वाली मुआवजा राशि में भी अप्रत्याशित वृद्धि की।

सार संक्षेप

पर्यटन मंत्री के चुनाव में व्यस्त होने पर विपक्ष हमलावर

देहरादून। उत्तराखंड चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं ध्वस्त होती नजर आ रही हैं। मौजूदा स्थिति यह है कि चारोंधामों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही यात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके चलते देश के तमाम हिस्सों से आए श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सीएम धामी चुनाव प्रचार-प्रसार को छोड़कर चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लग गए हैं, जबकि पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज चारधाम यात्रा को बीच भंवर में छोड़कर अन्य राज्यों के चुनाव- प्रचार में व्यस्त हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के पास पर्यटन, धर्मस्व और पीडब्ल्यूडी जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। ऐसे में उत्तराखंड चारधाम यात्रा से नदारद होने के चलते तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज चारधाम यात्रा के दौरान राज्य से गायब है। पिछले कुछ सालों से चारधाम यात्रा के दौरान सतपाल महाराज प्रदेश से गायब ही नजर आए हैं।

सेना के जवान और सरहदें मोदी राज में सुरक्षित : अनुराग

शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में ना हमारी सेना सुरक्षित थी ना हमारी सीमा सुरक्षित थी। जबकि मोदी जी के शासनकाल में हमारी सेना मज़बूत हुई, सेना का मनोबल बढ़ा और हमारी सीमा चाकचौबंद हुई। हिमाचल में कांग्रेस ने पहले तो अपनी झूठी गारण्टियाँ पूरी नहीं की अब फिर जनता को ठगने के लिए फिर फॉर्म भरवाते घूम रहे हैं। ठाकुर ने यह बातें चिंतपूर्णी और जसवां प्रागपुर विधानसभा में आयोजित दर्जन भर से ज्यादा जनसभाओं में की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में सेना के लिए जो कार्य हुए हैं, वह पिछले 60 वर्षों में भी नहीं हुए होंगे।

उत्तराखण्ड के मैदानी जनपदों में सताएगी हीट वेव

देहरादून। उत्तराखंड के मैदानी जिलो में तापमान बढ़ने से लोग हलकान है। मौसम विभाग ने नई भविष्यवाणी करते हुए आने वाले दिनों में भी लोगों की दिक्कतें इसी तरह से जारी रहने की बात कही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा, जिससे लोगों को हीट वेव की स्थिति से गुजरना पड़ेगा। यह हालत प्रदेश के मैदानी जिलों में होगी और आने वाले तीन से चार दिनों तक इसी तरह तापमान बढ़ते हुए नजर आएगा। प्रदेश में आने वाले दिनों में जहां तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है, तो पर्वतीय जनपद भी इससे प्रभावित होते हुए दिखाई देंगे।

सुडोकू 6559 का हल

3	2	1	4	7	9	5	6	8
7	9	6	5	1	8	2	3	4
5	4	8	6	3	2	9	7	1
9	8	7	3	5	6	4	1	2
2	5	4	1	9	7	3	8	6
1	6	3	8	2	4	7	9	5
8	3	9	2	6	5	1	4	7
4	1	5	7	8	3	6	2	9
6	7	2	9	4	1	8	5	3

सिलक्यारा टनल में रिस रहे पानी से बुझाई जाएगी बड़कोट की प्यास : जिलाधिकारी

उत्तरकाशी, 18 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में एक तरफ भीषण गर्मी पड़ रही है तो वहीं दूसरी ओर पेयजल संकट भी गहराने लगा है। चारधाम यात्रा मार्ग के कई मुख्य पड़ावों पर इस समय पानी की किल्लत चल रही है, जिसमें से एक जगह यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग का मुख्य पड़ाव बड़कोट नगर है। यहां पेयजल की समस्या को देखते हुए उत्तरकाशी जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को तत्काल पेयजल टैंकर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए है। वहीं, दोबाटा में नलकूप के लिए आज ही विद्युत संयोजन देकर इसे तुरंत चालू कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सिलक्यारा टनल में रिस रहे पानी को टेप कर बड़कोट के लिए जलापूर्ति करने की संभावना तलाशने के भी निर्देश दिए। दरअसल, बीते दिन ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले का दौरा किया था और चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया था। इस दौरान कई लोगों ने सीएम धामी के सामने पेयजल समस्या का मसला उठाया था। भेंटकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि यात्रा मार्ग के इस प्रमुख पड़ाव पर बड़ी संख्या में यात्रीगण ठहरते हैं, लेकिन इन दिनों पर्याप्त जलापूर्ति न हो पाने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है और यात्रा व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक कर समस्या का तात्कालिक समाधान कराए जाने की अपेक्षा की थी।

जनसेवा के लिए बहुत समय देना पड़ता है,जो कंगना के पास नहीं : विक्रमादित्य

शिमला, 18 मई (देशबन्धु)। मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राजनीति में जनसेवा के लिए बहुत समय देना पड़ता है,जो कंगना के पास नही है। उन्होंने कहा कि 4 जून को कंगना का सारा फ़िल्म शूट पैकअप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज वह अपने को हिमाचल की बेटी बताती है पर उनके पूर्व में मीडिया को दिए गए इंटरव्यू में वह अपने को कभी भी हिमाचल की नहीं बताया। उन्होंने कहा कि आज मनाली में बेशक उनका एक बड़ा घर है पर यहां के लोगों के प्रति उनका कोई भी प्रेम भाव नहीं है। आपदा के समय उन्होंने किसी की कोई भी मदद नहीं की ओर ना ही उनका कोई हाल चाल जाना। पूर्व भाजपा सरकार ने जब उन्हें प्रदेश का एम्बेसडर बनने को कहा था तो उस समय उन्होंने जयराम सरकार से एक दिन का 45 लाख मांगा था। आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के सलोंग नाला, जगत सुख, मानली में अपनी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा की भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दर किनार करते हुए के एक ऐसी अभिनेत्री को चुनाव मैदान में उतारा है जो अपनी बातों व कार्यों के लिए विवादों में रही है।

> आज मनाली में बेशक उनका एक बड़ा घर है पर यहां के लोगों के प्रति उनका कोई भी प्रेम भाव नहीं है। आपदा के समय उन्होंने किसी की कोई भी मदद नहीं की ओर ना ही उनका कोई हाल चाल जाना : विक्रमादित्य सिंह

प्रदेश में हमारी धर्म संस्कृति ऐसे किसी को भी स्वीकार नहीं करती जो गो भक्षक तक हो। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह एक बड़े विजन के साथ इस चुनाव मैदान में उतरे है। उन्होंने कहा कि मनाली पर्यटन के रूप में विश्व विख्यात बना है। यहां पर्यावरण सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा मिले इसके वह पूरे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद उनका लक्ष्य इस संसदीय क्षेत्र को देश का नंबर एक बनाने का है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान इस क्षेत्र में सड़कों,पुलों व भवनों को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 24 घण्टे के भीतर आपदा प्रभावित लोगों की मदद की। यहां फंसे हजारों पर्यटकों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस व महिलाओं को 1500 की सम्मान राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी 10 गारंटियों में से पांच को 15 माह के कार्यकाल में पूरा किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुल्लू जिला में एक मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जोलड़ी जोत व भुगु जोत में टनल का निर्माण भी उनकी प्राथमिकता है जिससे इस क्षेत्र में पर्यटकों को आने जाने की सुविधाओं में विस्तार होगा। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस दौरान कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह भारी मतों से विजयी होंगे।उन्होंने कहा कि मनाली से उन्हें भारी लीड मिलेगी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की अब उसे इन चुनावों में करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा।

कुसुम कंडवाल पुरोला रेप पीड़ित छात्रा से की मुलाकात

देहरादून, 18 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दून अस्पताल पहुंचकर पुरोला रेप पीड़िता छात्रा से मिलकर उसका हाल जाना साथ ही पीड़िता की दादी से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की दादी ने बताया की छात्रा होनहार है और बड़ी होकर डांसर बनना चाहती है। जिसपर आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सरकार व आयोग आपके साथ पूरी तरह से खड़ा है। आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने पीड़िता का उपचार कर रही चिकित्सकों की टीम से मिलकर उसके स्वास्थ्य की स्तिथि जानी एवं चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉक्टर आशुतोष सयाना को पीड़ित छात्रा के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उत्तम से उत्तम उपचार देने के लिए निर्देशित किया। गढ़वाल मंडल के पुरोला में गत 13 मई की देर शाम घटित हुई इस वारदात में निजी स्कूल के शिक्षक ने छात्रा को अपने कमरे में बुलाकर उसे के साथ दुष्कर्म किया गया था।

दस साल से रेलवे लाइन का राग ही अलाप रहे अनुराग, मंजूरी तक नहीं दिला पाए : मुख्यमंत्री

शिमला, 18 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नादौन में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर दस साल से रेलवे लाइन का सिर्फ राग अलाप रहे हैं। केंद्र सरकार से वह लाइन को आज तक मंजूरी नहीं दिला पाए, न कोई सर्वे हुआ। कांग्रेस सरकार ने रेलवे लाइन के लिए बजट देने की कोई बात कभी नहीं कही। उन्होंने

■ घोषणा खुद की अब दोष कांग्रेस सरकार पर मढ रहे भाजपा सांसद

■ भाजपा मुददों से दूर भाग रही, जल्द आएंगे राहुल, प्रियंका और खड़गे

रेलवे लाइन की घोषणा खुद की, लेकिन अब दोष कांग्रेस सरकार पर मढ रहे हैं। उन्होंने रेलवे के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम किया, बजट में हर साल मात्र 1000 रुपये बजट डलवाते रहे। अब रेलवे लाइन के नाम पर लोग वोट नहीं देने वाले, अनुराग को जनता को बताना चाहिए कि दस साल तक क्यों ठगते रहे। मुख्यमंत्री ने

कहा कि कांगडा, हमीरपुर, मंडी संसदीय क्षेत्र के ज्यादा युवा साथी देश की सेवा के लिए जाते है और सवाल पैदा होता है कि देश की सेवा में जाने वाले युवा साथियों की रूचि कम क्यों हुई है। क्यों भाजपा अग्निवीर योजना लाई, चार साल की नौकरी युवाओं को सेना में क्यों मिल रही है। निश्चित तौर पर भाजपा मुददों से दूर भाग कर अपनी राजनीति चमका रही है। उन्हें युवाओं को जवाब देना चाहिए कि उनके भविष्य से खिलवाड़ क्यों किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा भाजपा चुनाव में हमेशा ध्यान भटकाने का कार्य करती आई है। मैंने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में लाया है और कैंसर अस्पताल हमीरपुर के लिए स्वीकृत किया। आपदा में कांग्रेस सरकार ने लोगों को राहत देने के लिए सराहनीय कार्य किया है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी गई। महिलाओं को 1500 देने की गारंटी भी कांग्रेस सरकार ने पूरी की है, लेकिन भाजपा चुनाव आयोग पर इस योजना को बंद करने का दबाव बना रही है। भाजपा चाहे जितना मर्जी दबाव बना ले, लेकिन चुनावों के बाद 2 महीने की किस्त महिलाओं को जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में जल्द कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आएंगे और सांसद राहुल गांधी के साथ महासचिव प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का दौरा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता की कुर्सी हथियाना चाहती है और 6 विधायकों को ख़रीदककर जनता की भावनाओं का सौदा किया है। बिके हुए विधायकों को टिकट दिया को यह साबित करता है कि सरकार गिराने का भाजपा ने ही प्रयास किया है, जिसका जनता पहली जून को जबाव देगी। चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस जीतेगी व छह विधानसभा क्षेत्र के उपचुनावों में भी कांग्रेस की जीत होगी।

राज बब्बर ने नूंह बस हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया

गुरुग्राम, 18 मई (देशबन्धु)। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने शुक्रवार-शनिवार रात को नूंह में हुए बस हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया। कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को सुबह जैसे ही बस में आग लगने और उसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों के मारे जाने की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत ही अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए और घायलों की जानकारी लेने तत्परता से नल्हड़ स्थित शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज पहुंचकर हादसे पर गहरा दुख जताया। बब्बर ने पीड़ित एवं उनके परिवारजनों से मिलकर दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनका ढाढस बंधाते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में हिम्मत से काम लें। इस जटिल घड़ी में वह स्वयं एवं उनकी पार्टी सदैव उनके साथ खड़े हैं। बब्बर ने मेवात के कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस हादसे के पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचाने की कोशिश करें। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी के दौरान वाहनों में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाओं में अनेक लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इन हादसों का संज्ञान लेते हुए प्रशासन को मुख्य सड़कों विशेषकर के.एम.पी एवं दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अग्निशमन की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि इस तरह के

हादसे में लोगों की कीमती जिंदगी को समय रहते बचाया जा सके।गौरतलब है कि शक्रवार-शनिवार की रात कुण्डली-मानेसर-पलवल राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृंदावन से लौट रहे श्रद्धालुओं की चलती बस आग की चपेट में आ गई जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई तथा कई घायल हो गए। घायल एवं मृतक सभी श्रद्धालु पंजाब के रहने वाले थे और आपस में रिस्तेदार थे। घायल श्रद्धालुओं को नलहड़ के शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

प्रत्येक श्रद्धालु को चारधाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी : धामी

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 18 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चार धाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक

■ दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से परखी चारधाम यात्रा व्यवस्था

■ धामी ने जनता से फीडबैक लेकर, अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आने वाले साल में भी चार धाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़



यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन के लिए आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण की ओर भी विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी के लिए वैकल्पिक मार्गो पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तराकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओ से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए । मुख्यमंत्री को जिला अधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने बताया कि बीते शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम में करीब 13000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

चारधाम यात्रा: पुलिस नाके लगाकर जांच कर रही रजिस्ट्रेशन व ग्रीन कार्ड

हरिद्वार। उत्तराखंड में चारधाम के कपाट खुलने के पश्चात यात्रा के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों को अमलीजामा पहनाने के लिए पुलिस लगातार जुटी हुई है। इस क्रम में विभिन्न नाके पर पुलिस द्वारा रजिस्ट्रेशन व ग्रीन कार्ड चौक किये जा रहे है। जानकारी के अनुसार जनपद के नारसन एवं चिड़ियापुर सहित चयनित किए गए बॉर्डर्स पर नियुक्त फोर्स द्वारा वाहनों के कागजात जांच करने के पश्चात चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन एवं ग्रीन कार्ड धारक वाहनों को ही चारधाम यात्रा के लिए बॉर्डर से छोड़ा जा रहा है जिन यात्रियों एवं वाहन द्वारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नहीं की गई है उन्हें आवश्यक जानकारी दी जा रही है। जिससे कि वह भी अपनी यात्रा पूर्ण कर सके। पुलिस की सभी यात्रियों एवं आमजन से अपील की गयी है कि सकारात्मक व्यवस्था बनाने में वह पुलिस का सहयोग करें।

प्रादेशिकी

लोकसभा चुनाव संविधान बचाने व खत्म करने वालों के बीच : कांग्रेस

लखनऊ/प्रयागराज, 18 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 संविधान बचाने वाले और उसे खत्म करने वालों के बीच लड़ा जा रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि देश में 2024- लोकसभा चुनाव संविधान बचाने और उसे खत्म करने वालों के बीच लड़ा जा रहा है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार का नारा वास्तव में संविधान बदलने और आरक्षण को समाप्त करने

■ **भाजपा का चार सौ पार का नारा वास्तव में संविधान बदलने वाला**

की योजना का है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को नरेन्द्र मोदी न तो प्रधानमंत्री रहेंगे और नहीं भाजपा की सरकार रहेगी। केवल इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2024 का चुनाव तय करेगा कि देश में लोकतंत्र रहेगा, देश की राजनीति के स्वरूप क्या रहेगा, संविधान से चलेगा अथवा डेढ़-दो लोगों की मर्जी की तानाशाही से चलेगा। यह चुनाव तय करेगा युवाओं, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले लोगों की आवाज सुनी जाएगी कि अथवा उन आवाजों का दमन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश की बिडबंना है कि 73 साल के प्रधानमंत्री अपने

चार जून को मोदी न तो प्रधानमंत्री रहेंगे और नहीं भाजपा की सरकार रहेगी : सुप्रिया श्रीनेत

लिए और पांच साल मांग रहे हैं जबकि देश में 24 साल के युवा को रिटायर होकर घर जाने की बात करता है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि किसान के लिए बड़ी बड़ी बातें करने वाली भाजपा ने उनका न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के बदले अपना अधिकार मांगने पर उनके ऊपर लाठियां बरसाई गई उनको गुण्डा, मवाली और आतंकवादी तक कहा गया, यही भाजपा का चाल और चरित्र है। भाजपा ने देश में केवल नफरत की राजनीति की है। युवाओं के लिए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर केंन्द्र में 30 लाख सरकारी नौकरियों को 15 अगस्त से भरने का काम किया जाएगा। युवा मेहतन कर पढाई करता है और एन समय पर पेपर लीक होता है, इसपर नियंत्रण किया जाएगा।

अग्निवीर योजना चलाकर फौज का मनोबल गिराने का किया काम

कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को खत्म किया जाएगा। भाजपा ने अग्निवीर योजना चलाकर फौज का मनोबल गिराने का काम किया है। अग्निवीर योजना को समाप्त कर सेना जैसी नैाकरी बहाल की जाएगी। श्रीनेत ने कहा कि भाजपा के 10 सालों में जो भी अत्याचार महिलाओं के साथ हुआ उससे देश का सिर शर्म से झुक गया। चाहे हाथरस की घटना हो, उन्नाव, शाहजहांपुर, गुजरात की बिलकिस बानो, जंतर मंतर पर धरना पर बैठी महिला खिलाडियों के साथ अभद्रता या मणिपुर की महिला को निर्वस्त्र की घटना भाजपा नेत्री निर्मला सीतारमन और स्मृति ईरानी की आवाज बंद रहती है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को राजनीति के चश्में से नहीं देखना चाहिए।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फेयरवेल का हुआ आयोजन

सीनियर्स ने किया रैंप वॉक

मेरठ, 18 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा फेयरवेल 2024 का आयोजन इस शनिवार को किया गया। यह आयोजन बच्चों ने सभी फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों के अंदर फेयरवेल को लेकर उत्साह नजर आया। सभी सीनियर्स के आकर रैंप वॉक की। आगे बढ़ते हुए सभी सीनियर्स ने अपनी-अपनी परफॉर्मेंस दी जिसमें डांस, स्पीच, कविता सुनना, गाना सुनना, आदि शामिल था। प्रथम वर्ष से अनुष्का, अपूर्वा, आनंद, सुगंधी, टीना, सुमन और वंश ने, और द्वितीय वर्ष से विशेष, हर्षुल, अर्पित और भारती ने अपने सीनियर्स के लिए अपनी कला का प्रदर्शन किया। एमजेएमसी प्रथम वर्ष के कर्नल अमिताभ आनंद ने भी श्कभी अलविदा न कहनाश् गाने की पंक्तियों को गुनगुनाया।

पालिका चेयरमैन ने दिए हाजिरी लगाने के आदेश

मवाना, 18 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना के चेयरमैन अखिल कौशिक ने पालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने को सख्त आदेश जारी किए है। उन्होंने शनिवार को अवर अभियंता और कर अधीक्षक को पालिका कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर नाराजगी जताई और उन्हें पत्र लिखकर दोनों समय बायोमैट्रिक मशीन में अपना थम्प इंम्प्रेशन करने के आदेश दिए हैं। चेयरमैन अखिल कौशिक ने कहा कि पालिका के दोनों अफसर सुबह दस बजे और और शाम को कार्यालय से जाते समय उपस्थिति दर्जनहीं करते हैं, जिस कारण उन दोनों के कार्यालय में होने की जानकारी नहीं मिल पाती। इस कारण शासकीय कार्यों में देरी हो जाती है। उनकी गैर हाजिरी में शासकीय कार्यों का समयसे निस्तारण नहीं हो पा रहा है। उन्हें निर्देश दिये कि दोनों अफ्सर बायोमैट्रिक मशीन में अपना थम्प इंम्प्रेशन करा लें और दोनों समय अपनी हाजिरी बायोमैट्रिक मशीन में थम्प इंम्प्रेशन से लगाकर जाए।

■ **अवर अभियंता व कर अधीक्षक को पालिका कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर जताई नाराजगी**

मेडिकल कॉलेज के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

■ **दोषियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग**

मेरठ, 18 मई (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज की घोर लापरवाही के चलते सेवानिवृत कर्मचारी त्रिलोकचंद की 56 वर्षीय पत्नी इंदिरा देवी को ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण हुई मौत पर मेडिकल कॉलेज के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी मेरठ को ज्ञापन प्रेषित कर दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या 403 का मुकद्दमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सरकारी कार्यों पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं

मवाना, 18 मई (देशबन्धु)। जनहित की महत्वाकांक्षी योजनाओं और शासकीय कार्यों की समय अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण रूप से सम्पन्न करने में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अफसर व कर्मचारी के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। यह सख्त आदेश एसडीएम अकिंत कुमार ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील अफसरों व कर्मियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने 23 सितम्बर 2023 को बैठक में जारी किए 19 बिंदुओं पर सभी तहसील अफ्सरों वे कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए थे। इसी सापेक्ष में आयोजित बैठक में शासन की वसूली शत-प्रतिशत होनी चाहिए। रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में मत्स्य पालन के लिए तालाबों का शत-प्रतिशत आबंटन, संक्रमणीय भूमिधरों के अंश निर्धारण की स्थिति, लम्बित 35 गांवों के सर्वे कार्य, सुमंगला योजना, लेखपालों की सेवा पुस्तिका, बूढ़ी गंगा के सम्बंध में कार्य योजना, एनजीटी सम्बंधी प्रकरण, आइजीआरएस के लम्बित प्रकरण निर्धारित समय पर निस्तारित किए जाए। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि संग्रह अनुभाग में कुल मांग के सापेक्ष वसूली की स्थिति, हैसियत और चरित्र प्रमाण पत्र, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों का निस्पादन, तहसीलदार न्यायालय में 5 से दस सालों से लम्बित वादों की प्रगति पर ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी अपनी नियमित डायरी तैयार करें और उसी के अनुरूप अपने कामों की निस्तारण करें। इन कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

■ **एसडीएम ने बैठक में दिए आदेश**

डीएम ने किया ईवीएम स्ट्रांग कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मेरठ, 18 मई (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंचकर ईवीएम स्ट्रांग

रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मतगणना हेतु तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मवाना की दो कॉलोनियों समेत पक्का तालाब क्षेत्र अंधेरे में रहा

■ **उपभोक्ताओं ने सड़क पर काटी पूरी रात, बच्चे गर्मी से बिलबिलाएं**
■ **हस्तिनापुर बिजलीघर से रात दस बजे बिजली आपूर्ति हो गई बंद**
■ **रात को कर्मियों ने ठीक नहीं किया फाल्ट**

मवाना, 18 मई (देशबन्धु)। मवाना नगर की दो कॉलोनियों समेत पक्का तालाब क्षेत्र शुक्रवार रात को अंधेरे में रहा। रात को दस बजे लाइन में आया फाल्ट ठीक नहीं कराया गया, जिस कारण उपभोक्ताओं को पूरी रात सड़कों पर टहलकर रात बितानी पड़ी। नालंदा कालोनी की बिजली आपूर्ति रात भर बंद रही। लाइन में आए फाल्ट को ठीक नहीं किया गया, जिस कारण हस्तिनापुर बिजलीघर से पक्का तालाब फीडर बंद कर दिया गया। मवाना नगर में पांच दिनों से बिजली आपूर्ति अनियमित हो रही है। निर्धारित शेडयूल के अलावा भी अन्य समय में कटौती का समय बढ़ गया है। बिजली विभाग का निर्धारित कटौती शेडयूल सुबह सात से आठ बजे तक और शाम को 4: 30 बजे से शाम छह बजे तक का है लेकिन कटौती इससे ज्यादा हो रही है। नालंदा कालोनी के उपभोक्ताओं ने बताया कि शुक्रवार रात को दस बजे लाइन में फाल्ट आने के कारण कालोनी की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। बिजली विभाग से जानकारी मिली कि हस्तिनापुर बिजलीघर पर तैनात एसएसओ सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि उसने फाल्ट की जानकारी अवर अभियंता लोकेश कुमार, बिजली कर्मी पोदी, अमन, विभोर को दे दी थी लेकिन फाल्ट के चलते रात को नांलदा कालोनी बंद रही। शनिवार सुबह पांच बजे अशोक विहार में तार लटकने की सूचना पर पक्का तालाब फीडर बंद करना पड़ा। यही फाल्ट सुबह 11 बजे ठीक हो पाया। एक फेज को तार टूटा हुआ था।

सुबह को 11 बजे सुचारू हो सकी बिजली आपूर्ति

कॉलोनी के कई उपभोक्ताओं ने अवर अभियंता और हस्तिनापुर रोड पर स्थित बिजलीघर पर तैनात एसएसओ को परेशानी बताई लेकिन बिजली आपूर्ति सुबह को 11 बजे सुचारू हो सकी। उपभोक्ताओं ने बताया कि पूरी रात वे बिजली आने की प्रतीक्षा में सड़क पर टहलते रहे। बालक व महिलाएं इस भीषण गर्मी में बिलबिला गये। किसी अफसर ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। सुबह पांच बजे अशोक विहार कालोनी में पोल से तार लटक गए, जिस कारण अशोक विहार कालोनी की बिजली आपूर्ति बंद करने को एसएसओ ने पक्का तालाब फीडर को बंद कर दिया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

पत्रांक : 133/कर विभाग/न0पा0परि0/2023-24 दिनांक : 18-05-2024

:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यो, पंजी.त बैनामा/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना-पत्र दिए गये है। उक्त नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147(2) के अंतर्गत सूचना जारी की जाती है यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

क्रम सं0	नाम क्रेता/पिता का नाम	विक्रेता	म0स0	वर्ष	मोहल्ला	साक्ष्य आधार
1	शाने आलम पुत्र साबिर	अंसार पुत्र शकूर	3465	2024-25	क०सिंह	न्यायालय आदेश
2	संदीप जैन पुत्र राकेश कुमार	इकरामुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन	2866	2024-25	मुन्नालाल	बैनामा
3	इरशाद पुत्र अ० सत्तार	शमीम पुत्र अब्दुल रशीद	2148	2024-25	क० सिंह	बैनामा
4	सीमा देवी पत्नि सुनील	नवाब सिंह पुत्र राज सिंह	369	2024-25	हीरालाल	बैनामा
5	जोनी कुमार पुत्र अनुज सैन	कंवर पाल पुत्र रामू	792	2024-25	क०सिंह	बैनामा
6	रिसाला पत्नि हरनन्द व कृष्णा पुत्र नानकचंद	हरनन्द पुत्र सोल्लू	2283	2024-25	मुन्नालाल	मृत्यु वारीसान
7	रिसाला पत्नि हरनन्द व कृष्णा पुत्र नानकचंद	हरनन्द पुत्र सोल्लू	2273	2024-25	मुन्नालाल	मृत्यु वारीसान
8	अर्चना शर्मा पत्नि कपिल शर्मा	बिजेंद्र पुत्र शांति शरण	241	2024-25	हीरालाल	मृत्यु वारीसान
9	निसार पुत्र रशीद	रशीद पुत्र बुंदु	69	2024-25	मुन्नालाल	मृत्यु वारीसान
10	अशोक यादव पुत्र हरवीर सिंह	चन्द्रावती पत्नि कँवर पाल, अंकित कुमार पुत्र कँवर पाल	2533	2024-25	तिहाई	बैनाम
11	रूपाली सैनी पत्नि हरेन्द्र सैनी	तेजपाल पुत्र जलसिंह	878	2024-25	हीरालाल	बैनाम
12	शहजादी पत्नि मौ० आफताबए मौ० हाशिम शहराब पुत्र असलूब, समर जहां पत्नि शादाब	अंजुम पुत्री तैय्यब पत्नि मौ० युसूफ	2246	2024-25	क०सिंह	बैनाम
13	शेरखान व इस्माईल पुत्र इदरीश	इदरीश पुत्र मौ० हाशिम गद्दी	983	2024-25	क०सिंह	मृत्यु वारीसान
14	नजरुद्दीन, इन्तेजार पुत्र कलवा व बनू पत्नि निजामुद्दीन	कलवा पुत्र करीमुल्ला	3113	2024-25	क०सिंह	मृत्यु वारीसान
15	रामावतार पुत्र बलवंत सिंह	रमेश चन्द, राज कुमारए राम अवतार पुत्र बलवंत सिंह	952	2024-25	हीरालाल	बैनामा
16	इरशाद पुत्र शरीफ अहमद	रानी पत्नि नासिर	16/1	2024-25	मुन्नालाल	बैनामा
17	जयवती शर्मा पत्नि जगदीश शर्मा	जयसिंह पुत्र मुकन्दा	1462	2024-25	का०गेट	बैनामा
18	आस मौ० पुत्र मौ० अय्यूब	जमीला पत्नि अय्युब	1901	2024-25	क०सिंह	मृत्यु वारीसान
19	आसिफा पत्नि आकिब	मौ० खुर्शीद, शमशुद्दीन, मौ० साबिर पुत्र हफीज	1928	2024-25	क०सिंह	बैनामा
20	वरीसा पत्नि जवान	यामीन पुत्र इस्माईल	390/1	2024-25	क०सिंह	बैनामा
21	जाफरा पत्नि याकूब	गुलशन पत्नि शहजाद	418	2024-25	क०सिंह	बैनामा
22	भूमा शर्मा पुत्र सुभाष चंद शर्मा	सुभाष चन्द पुत्र आशा राम शर्मा	1221	2024-25	का०गेट	मृत्यु वारीसान
23	गंगा शरण पुत्र घासी राम	अनिल पुत्र वेदपाल	894	2024-25	का०गेट	बैनामा
24	साकिब पुत्र मौ० नाजिम	खुशनूद पत्नि अहसान	2916	2024-25	मुन्नालाल	बैनामा
25	रजनी शर्मा पत्नि महेंद्र शर्मा, सुषमा शर्मा पत्नि जितेन्द्र शर्मा	बालकिशन शर्मा पुत्र सूर्यबल शर्मा	1382	2024-25	का०गेट	मृत्यु वसीयतनामा
26	नरेद्र कुमार पुत्र रामपाल	रामपाल पुत्र श्रीनेता	1443/1	2024-25	मुन्नालाल	दान पत्र
27	श्रीमति शमीना पत्नि फरमूद	मायावती पत्नि नत्थू सिंह	05	2024-25	हीरालाल	बैनामा
28	श्री नफीसा पत्नि इस्लामुद्दीन	निर्मित कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह, शकुंतला पत्नि धर्मवीर सिंह, मदनपाल यादव पुत्र लालू सिंह	147	2024-25	हीरालाल	बैनामा
29	श्रीमति मंजू पत्नि राजकुमार	ललित, पिंटू व कपिल पुत्र मानसिंह	1346	2024-25	हीरालाल	बैनामा
30	अश्वनी पोसवाल पुत्र रामकुमार, प्रशांत कुमार पुत्र संग्राम सिंह, श्रीमति संतोष पत्नि शिव कुमार, श्रीमति शीला पत्नि रामकुमार	मृदुला शर्मा पत्नि मलय शर्मा	337,338, 339	2024-25	हीरालाल	बैनामा
31	रामकुमार व संग्राम सिंह पुत्र श्री दिमाक सिंह, रीना कुमारी पत्नि प्रशांत कुमार	मृदुला शर्मा पत्नि मलय शर्मा	340	2024-25	हीरालाल	बैनामा
32	मौ० अमजद, मौ० अतहर, मौ0 इमरान पुत्र मौ0 युसूफ	रईसा पत्नि मौ० युसूफ, मौ० इमरान पुत्र मौ० युसूफ	2373	2024-25	मुन्नालाल	मृत्यु वारीसान
33	कामरान पुत्र अनवार	मौ० अतहर पुत्र मौ0 युसूफ	2373/1	2024-25	तिहाई	मृत्यु वारीसान
34	नवाबुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन	नूर मौ० पुत्र जीजू	658	2024-25	तिहाई	बैनामा
35	मंजू पत्नि सोहनवीर	बबली पत्नि कटार सिंह	976	2024-25	तिहाई	बैनामा
36	रीता कक्कड पत्नि ब्रजमोहन	मोतिया देवी पत्नि चमन लाल	1475	2024-25	तिहाई	मृत्यु वारीसान
37	ज्योति पत्नि दर्पण पुत्री महावीर व दर्पण पुत्र विजय कुमार	अनिल गहलोत पुत्र रामशरण	1968	2024-25	तिहाई	बैनामा
38	अंजुल कुमार पुत्र वाल्मीकि	अविक कुमार पुत्र अतुल कुमार	1912	2024-25	तिहाई	बैनामा
39	विक्रांत पुत्र घनश्याम	घनश्याम पुत्र शौराज सिंह	1889	2024-25	क०सिंह	दान पत्र
40	राजीव कुमार पुत्र घनश्याम	चन्द्री पत्नि घनश्याम	1938/1, 1938,1937	2024-25	क०सिंह	दान पत्र
41	मौ० आसिफ पुत्र नियाज अहमद	छोटे खां पुत्र मौली खां	2738	2024-25	क०सिंह	बैनामा
42	सलीम पुत्र रशीद	इमरानए सलमान व फुरकान पुत्र मौ० इसहाक	2789/1	2024-25	क०सिंह	बैनामा
43	गुंजन पत्नि पंकज कुमार	नत्थूमल रस्तौगी पुत्र बुद्धमल	2582	2024-25	मुन्नालाल	बैनामा
44	बबली पत्नि राजपाल सिंह	पूनम देवी पत्नि गजराज सिंह	410	2024-25	हीरालाल	बैनामा
45	अमित वर्मा पुत्र राकेश वर्मा	तारा देवी पत्नि किशन	450	2024-25	क०सिंह	बैनामा

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी

झारखंड में पांचवें चरण में उन तीन सीटों पर मतदान जहां पिछली बार चला था 'भाजपा का तूफान'

- तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में 20 मई को मतदान होने वाला है
- मुकाबले में उतरे चेहरों पर गौर करें तो यह चुनाव 2019 के चुनाव से कई मायनों में अलग

रांची, 18 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की जिन तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में 20 मई को मतदान होने वाला है, वहां एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। इन सीटों पर 2019 के चुनाव में भाजपा की कैसी आंधी चली थी, इसकी गवाही वोट के आंकड़े देते हैं। हजारीबाग में इसके उम्मीदवार जयंत सिन्हा ने 4 लाख 79 हजार 548, कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने 4 लाख 55 हजार 600 और चतरा में सुनील सिंह ने 3 लाख 77 हजार 871 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।

इस बार इन सीटों पर एनडीए के लिए जहां 2019 की बेमिसाल जीत का रिकॉर्ड दोहराने का चैलेंज है, वहीं विपक्ष के सामने सवाल ये है कि वह यहां अपने पांव जमा पाता है या नहीं? चुनावी समीकरणों और मुकाबले में उतरे चेहरों पर गौर करें तो यह चुनाव 2019 के चुनाव से कई मायनों में अलग है। भाजपा ने तीन में से दो सीटों हजारीबाग और चतरा में पिछली बार रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करने वाले सांसदों जयंत सिन्हा एवं सुनील सिंह का टिकट इस बार काट दिया है। इसकी वजह यह रही कि पार्टी के इंटरनल सर्वे में पाया गया कि इनके खिलाफ एंटी इनकंबेंसी है।

भाजपा ने इस फैक्टर को काटने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र आजमाया है और ऐसे उम्मीदवारों को उतारा, जिनकी पैतृक जड़ें यहां की जमीन में गहरे रूप से मौजूद हैं। हजारीबाग में जयंत सिन्हा भले दो टर्म और उनके पिता यशवंत सिन्हा तीन टर्म सांसद रहे, लेकिन वे मूल रूप से यहां के निवासी नहीं है। यशवंत सिन्हा 1984 में आईएएस से वॉलेंटरी रिटायरमेंट के बाद यहां आए थे और इसे अपनी सियासी कर्मभूमि बनाया। भाजपा ने इस बार सिन्हा परिवार को दरकिनार कर हजारीबाग सदर सीट के मौजूदा भाजपा विधायक मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया। वे मूल रूप से इसी जिले के रहने वाले हैं और उनका ताल्लुक यहां दशकों से कारोबार और सियासत में दखल रखने वाले परिवार से है। उनके पिता बीके जायसवाल दशकों तक हजारीबाग नगरपालिका और हजारीबाग जिला परिषद के अध्यक्ष रहे हैं। इस सीट पर मुकाबले का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि भाजपा के मनीष जायसवाल को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने भाजपा के घर में ही सेंध लगाई और इसी जिले में आने वाली मांडू विधानसभा सीट के भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को अपने खेमे में लाकर मैदान में उतार दिया। मार्च के पहले मनीष जायसवाल और जयप्रकाश पटेल विधानसभा में एक-दूसरे के अगल-बगल की सीटों पर बैठते थे। दोनों में गहरी दोस्ती भी रही है। मनीष जायसवाल की तरह जयप्रकाश पटेल के पास भी सियासी विरासत की ताकत है। उनके पिता टेकलाल महतो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार सांसद रहे हैं।

इन दोनों की लड़ाई में इस बार जातीय फैक्टर को बेहद अहम माना जा रहा है। मनीष जायसवाल को वैश्य-पिछड़ा वोट बैंक और मोदी फैक्टर पर भरोसा है, जबकि जयप्रकाश भाई पटेल कुर्मी-कोयरी और मुस्लिम वोटरों की गोलबंदी के आधार पर खुद को मजबूत मान रहे हैं। चतरा सीट की बात करें तो भाजपा ने मूल रूप से बिहार के बक्सर निवासी मौजूदा सांसद सुनील सिंह का टिकट काटकर स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया। चतरा का इतिहास है कि यहां आज तक कोई स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बना। भाजपा ने स्थानीयता के फैक्टर को इस बार भावनात्मक मुद्दा बना दिया है और उसे उम्मीद है कि इस आधार पर वह अपने इस किले को महफूज रखने में कामयाब रहेगी। दूसरी तरफ कांग्रेस ने डाल्टनगंज के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को मैदान में उतारा। वह भी खुद को चतरा संसदीय क्षेत्र का असली मूलवासी बताते हुए भाजपा के भावनात्मक कार्ड के समीकरण को अपने पक्ष में मोड़ने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

आगामी चुनावों में 5711969 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग: गर्ग

शिमला, 18 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शनिवार को बताया कि चुनाव आयोग द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार राज्य के चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य एक अप्रैल, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को 14 मई को पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा कि 14 मई को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार प्रदेश में कुल 5711969 मतदाता पंजीकृत हैं, जो पांच जनवरी, 2024 को किए गए अंतिम प्रकाशन से 89212 अधिक हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के कारण 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं में वर्ष 2019 की तुलना में 19285 की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस आयु वर्ग के 152390 मतदाता थे, जो वर्तमान में अब बढ़कर 171675 हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कुल मतदाताओं की तुलना में इस आयु वर्ग के मतदाताओं की वर्ष 2019 में प्रतिशतता 2.8 थी, जबकि अब यह प्रतिशतता बढ़कर 3.10 हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के कुल 5330154 मतदाताओं के मुकाबले अब 381815 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो इस समयावधि में 7.16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

श्री गर्ग ने बताया कि अब राज्य में कुल 5645579 सामान्य मतदाता हैं, जिनमें 2848326 पुरुष, 2797218 महिलाएं और 35 ट्रांसजेंडर मतदाताओं के अलावा 66390 सर्विस मतदाता भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में दिव्यांगजन मतदाताओं की कुल संख्या 37852 थी, जो अब बढ़कर 57775 हो गई है, जिनमें 52.63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान कुल मतदाताओं में दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं की प्रतिशतता 0.71 प्रतिशत से बढ़कर 1.01 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य के कुल जनसंख्या लिंगानुपात के मुकाबले वर्ष 2019 में 976 की तुलना में मतदाताओं का लिंगानुपात 980 था, जो अब बढ़कर 982 हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में 1254 शतायु मतदाता हैं और 60835 मतदाता ऐसे हैं, जो 85 वर्ष की आयु से अधिक हैं। श्री गर्ग ने कहा कि यह सभी मतदाता सूचियां निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं तथा कोई भी व्यक्ति एनवीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सूची में पंजीकृत अपने नाम का निरीक्षण कर सकता है।

इंडिया समूह के नेताओं का महाराष्ट्र में 46 सीट जीतने का दावा

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर होना है चुनाव

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने शनिवार को दावा किया कि महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से कम से कम 46 सीट इंडिया समूह के हिस्से में आयेंगी। नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि अंततः चार जून को मतगणना के दिन श्री मोदी को पता चल जायेगा, जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो जाएगी और इंडिया समूह की सरकार बनेगी। महाराष्ट्र में 13 लोकसभा सीटों के लिए पांचवें और अंतिम चरण के मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार तथा अन्य नेताओं ने मीडिया से कई तरह के सवाल पूछे। श्री खड़गे ने कहा कि राज्य में जनता का मूड विपक्ष के लिए बहुत अनुकूल है और जमीनी रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि इंडिया समूह-महा विकास अघाडी (आईएनडीआईए-एमवीए) राज्य की 48 सीटों में से कम से कम 46 सीटें हासिल करेगी। उन्होंने कहा, 'राम मंदिर पर बुलडोजर चलाना असंभव है। यह धर्म के नाम पर जनता को भड़काने की कोशिश है। भारत के चुनाव आयोग को ऐसे भड़काऊ भाषणों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। हम संविधान के अनुसार चलेंगे तथा सब कुछ सुरक्षित और संरक्षित होगा।' वीर सावरकर पर एक सवाल का जवाब देते हुए श्री पवार ने कहा कि वीर सावरकर कोई चुनावी मुद्दा ही नहीं है, फिर भी प्रधानमंत्री और भाजपा भ्रम पैदा करने के लिए इसे उठा रहे हैं। श्री ठाकरे ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन आगामी चार जून (चुनाव नतीजे वाले दिन) को वास्तव में 'अच्छे दिन' शुरू होंगे जब इंडिया समूह की सरकार सत्ता में आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वर्षों में भाजपा ने राज्य को बदनाम किया और लूटा तथा यहां के व्यवसायों को गुजरात स्थानांतरित कर दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के मीडिया को दिये साक्षात्कार का जिक्र करते हुए श्री ठाकरे ने कहा कि दूसरे दिन श्री मोदी ने शिव सेना (यूबीटी) को 'नकली सेना' और 'नकली संतान' कहा, कल, वे आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) को 'नकली' करार देंगे और उस पर प्रतिबंध लगा देंगे।

भाजपा झूठ बोलती है, अमेठी की जनता जान गई है : अशोक गहलोत

अमेठी, 18 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलकर मोदी नाम पर ही वोट मांगती है, मगर अमेठी की जनता अब जान चुकी है कि उन्हें केवल गुमराह किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को अमेठी में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किशोरी लाल शर्मा को अमेठी की जनता ऐतिहासिक जीत देने जा रही है। अमेठी के लोग झूठ बोलने वालों के खिलाफ वोट करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता खुद चुनाव लड़ रही है, कांग्रेस नेतृत्व और गांधी परिवार ने 40 वर्ष पुराने कार्यकर्ता के.एल. शर्मा को प्रत्याशी बनाया है, जिन्होंने अमेठी को पिछले 40 साल समय दिया है, जिनका संबंध अमेठी के घर घर से है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस ने जो भी काम किए, भाजपा ने उन कामों को रोककर अमेठी के विकास को बाधित किया, परिणाम यह हुआ कि अमेठी में रोजगार बंद हो गए, युवा बेरोजगारी से परेशान हैं।

लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन न करने वाले डीएमके के जिला सचिव होंगे पदमुक्त

- पार्टी ने तमिलनाडु के सभी 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का अध्ययन किया
- 2019 में पार्टी और उसके सहयोगियों ने 39 में से 38 सीटें जीती थीं

चेन्नई, 18 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन करने वाले डीएमके के जिला सचिव पद से हटाए जाएंगे। यह फैसला पार्टी मुख्यालय 'अन्ना अरिवलयम' में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। पार्टी ने हाल ही में तमिलनाडु के सभी 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का अध्ययन किया। इस दौरान कुछ सीटों पर कमजोरी नजर आई। पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव की पुनरावृत्ति होने की उम्मीद कम है। उस दौरान पार्टी और उसके सहयोगियों ने 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को धर्मपुरी सीट पर खराब प्रदर्शन की आशंका है। यहां से पीएमके नेता सौम्य अंबुमणि ने एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा है। इसी तरह थेनी में, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) के टीटीवी दिनाकरन ने एनडीए उम्मीदवार के रूप अच्छा प्रदर्शन किया है। अध्ययन में यह भी पता चला कि कुछ सीटों पर तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दो साल पहले जमीनी स्तर पर आउटरीच कार्य शुरू किया था। पार्टी ने चुनाव में समन्वय के लिए प्रत्येक जिले में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की थी।

बैठक में शामिल पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, 'हम दो वर्षों से लोकसभा चुनावों के लिए काम कर रहे थे। पार्टी और इंडिया ब्लॉक ने कई सीटों पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ सीटें हम हार भी सकते हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी और पार्टी ने उन जिला सचिवों को हटाने का फैसला किया है, जहां इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन खराब रहेगा।' उन्होंने कहा कि पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले पार्टी जिला सचिवों को पद से हटाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, भाजपा के खिलाफ है : उमर अब्दुल्ला

'इस चुनाव में भाजपा के पास कोई उम्मीदवार नहीं है, इसलिए जो कोई भी नेशनल कॉन्फ्रेंस और इंडिया ब्लॉक के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है, वह भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, 18 मई (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के बारामूला लोकसभा क्षेत्र से नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उम्मीदवार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ है। क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए उमर ने कहा, 'इस चुनाव में भाजपा के पास कोई उम्मीदवार नहीं है, इसलिए जो कोई भी नेशनल कॉन्फ्रेंस और इंडिया ब्लॉक के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है, वह भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव में घाटी से इंडिया ब्लॉक के तीन आधिकारिक उम्मीदवार हैं। दक्षिण कश्मीर से मियां अल्ताफ अहमद, मध्य कश्मीर से आगा रुहुल्ला मेहदी और उत्तरी कश्मीर से मैं।' 18 विधानसभा क्षेत्रों वाली बारामूला लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर है। पार्टी अपनी जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बडगाम, बीरवाह और बांदीपोरा जैसे क्षेत्रों में शियाओं का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रही है। आर्थिक रूप से पिछड़े कुपवाड़ा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक समर्थक ने कहा, 'उमर अब्दुल्ला एक बड़े नेता हैं और अतीत में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं, हम चाहते हैं कि वह चुनाव जीतें और इस क्षेत्र के लोगों के लिए काम करें।'

महंगाई-बेरोजगारी चुनावी मुद्दे होने चाहिए, न कि पाकिस्तान : गुलाम नबी आजाद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का कहना है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर लड़ा जाना चाहिए, न कि 'तुच्छ' पाकिस्तान के मुद्दे पर। गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तरों पर चुनावों में पाकिस्तान को शामिल करने का एक नया चलन सामने आया है। पिछले 75 सालों में पाकिस्तान सबसे कमजोर स्थिति में है। पाकिस्तान जैसे महत्वहीन मुद्दे को महत्वपूर्ण बनाया जा रहा है। भारत में महंगाई और बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दे हैं। उन्होंने चुनावों में पाकिस्तान को मुद्दा बनाए जाने पर निराशा जताई।

जम्मू-कश्मीर के चिरोंडा में दुल्हन की तरह सजे मतदान केंद्र

जम्मू, 18 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में चुनाव आयोग ने मतदाताओं को लुभाने के लिए मतदान केंद्रों को बहुत अच्छे से सजाया है। चुनाव आयोग की इस पहल से लोगों में भारी उत्साह है। बारामूला के आखिरी गांव चिरोंडा में वोटरों को लुभाने के लिए पहली बार कई मतदान केंद्रों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम खुश और उत्साहित हैं। एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि आज से पहले भी यहां चुनाव होते थे। यहां के लोग चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। लेकिन आज से पहले मतदान केंद्रों को इतना कभी नहीं सजाया गया। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। उनका कहना है कि हमारे गांव में ऐसे भी बुजुर्ग वोटर हैं जो मतदान केंद्र नहीं जा सकते। उसके लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने आदेश दिया है कि कर्मचारी मशीन लेकर घर जाएंगे, ताकि बुजुर्ग लोग मतदान कर सकें। लोगों का कहना है कि हमने पहले भी मतदान किया है। लेकिन इस बार स्थिति बिल्कुल अलग है। हम पहले डरते थे, लेकिन अब स्थिति कुछ अलग है और हमें उम्मीद है कि हम भारी संख्या में मतदान में हिस्सा लेंगे। चरोंडा गांव के नंबरदार ने कहा कि यह फॉरवर्ड पोस्ट का आखिरी गांव है। इस बार हम अलग तरह का चुनाव देखने जा रहे हैं। इस बार काफी बदलाव देखने को मिला है।

मैंने रणनीति के तहत लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा : प्रियंका

'भाजपा ने श्री राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए मैं रायबरेली में डटी हुई हूं। 'मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकती: प्रियंका गांधी वाड्रा

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी तथा रायबरेली को अपने परिवार का घर बताते हुए कहा है कि उन्होंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा है और यदि वह दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को होता। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि रायबरेली और अमेठी को गांधी परिवार कभी छोड़ ही नहीं सकता इसलिए उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में वह दिन-रात उनकी जीत के लिए मेहनत कर रही है। उनका यह भी कहना था कि भाजपा ने श्री राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए वह रायबरेली में डटी हुई हैं। श्रीमती वाड्रा ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकतीं। मै कांग्रेस के लिए प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं इसलिए चुनाव नहीं लड़ी हूं। दूसरी बात अगर हम दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता।' भाजपा पर श्री राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी जी की छवि खराब करने के लिए भाजपा ने बहुत संगठित तरीके से काम किया और इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए। राहुल गांधी जी के बारे में भाजपा ने ढेरों गलत बातें फैलाई।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

महिंद्रा एंड महिंद्रा	5.97 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	2.36 प्रतिशत
अल्ट्रासिमको	1.85 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.50 प्रतिशत
आईटीसी	1.24 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

टीसीएस	1.70 प्रतिशत
एचसीएल टेक	1.11 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.00 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.85 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	0.73 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	73,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करेगा भारत : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। विश्व जीडीपी रैंकिंग में 2012 में भारत 11वें स्थान पर था और आज पांचवें स्थान पर है। एक दशक में देश छह स्थान आगे बढ़ा है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को कहा, दो-तीन वर्षों में जीडीपी के मामले में भारत दुनिया में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 के दूसरे दिन एक सत्र में राजेश कुमार सिंह ने कहा कि विकास दर में तेजी के आधार पर देश दुनिया के व्यापार और निवेश में अपनी ऐतिहासिक हिस्सेदारी फिर से हासिल करने में सफल होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उद्देश्य 'रणनीतिक स्वायत्तता' सुनिश्चित करना और 'असुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं' पर निर्भरता कम करना है। सिंह ने कहा कि पीएलआई की वजह से रोजगार में वृद्धि हुई। खासकर महिलाओं के लिए नौकरियों का सृजन अधिक हुआ।

दो-तीन वर्षों में जीडीपी के मामले में भारत दुनिया में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा : **राजेश कुमार सिंह**

विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने एक अलग सत्र के दौरान कहा कि आज व्यापार को और अधिक एकीकृत तरीके से देखा जाना चाहिए।

रवि ने कहा कि वस्तुएं, निवेश, सेवाएं, उद्योग और विनिर्माण सभी एकीकृत हैं। हम यह भी देखना शुरू कर रहे हैं कि जिस तरह से हम व्यापार को विकसित होते देख रहे हैं, उसमें वित्त, प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने श्रोताओं से कहा, व्यापार को अधिक समग्र और एकीकृत आर्थिक गतिविधि के रूप में देखा जाना चाहिए।

श्रम मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने एक सत्र में कहा कि अब तक 29 श्रम-संबंधित अधिनियमों को चार नए कोड में समेकित किया गया है। उन्होंने बताया, व्यवसाय करने में आसानी, सरलीकरण और अनुपालन बोझ में कमी, गैर-अपराधीकरण और निर्बाध विवाद समाधान, श्रम बाजार लचीलेपन को बढ़ावा देने, महिला भागीदारी को बढ़ाने, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अर्थव्यवस्था की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने को ध्यान में रखते हुए श्रम सुधार किए गए हैं।

2035-40 के बीच वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में भारत का योगदान होगा लगभग 30 प्रतिशत : अमिताभ कांत

__नई दिल्ली।__ जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने शनिवार को कहा कि 2035-2040 के बीच वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत का योगदान 30 प्रतिशत तक होने की संभावना है।

नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट 2024 के दूसरे दिन शनिवार को एक सत्र में अपने संबोधन में कांत ने कहा कि ढांचागत सुधारों ने देश को 'कमजोर 5' से 'शीर्ष 5' में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रों में हुए भारी सुधारों के कारण पिछली तीन तिमाहियों में लगभग 8.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

कांत ने 'वैश्वीकरण का भविष्य : भारतीय उद्योग के लिए चुनौतियां 'विषय पर अपने संबोधन में कहा कि 2027 तक हम जर्मनी और जापान से आगे निकल जाएंगे। विश्लेषकों का यह कहना सही है कि 2035-2040 के बीच वैश्विक जीडीपी वृद्धि में भारत का योगादान 30 प्रतिशत तक हो जाएगा।

कांत ने विकास में तेजी लाने के लिए भारतीय उद्योग जगत से राज्यों के साथ तालमेल बनाकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कर 12-13 राज्य प्रति वर्ष 10-11 प्रतिशत की दर से विकास कर सकते हैं।

ढांचागत सुधारों ने देश को 'कमजोर 5' से 'शीर्ष 5' में पहुंचा दिया है : **अमिताभ कांत**

गौरतलब है कि हाल ही में एसएंडपी की ग्लोबल रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगले तीन वर्षों में दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र ने भी 2024 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.9 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले जनवरी में 6.2 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था।

मार्च तिमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील का मुनाफा घटा

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। सज्जन जिंदल प्रवर्तित जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 64.5 फीसदी फिसल गया। लाभ पर कम राजस्व, अन्य आय और एकमुश्त कर लागत का असर पड़ा। वित्त वर्ष 25 के लिए कंपनी ने वॉल्यूम छह फीसदी बढ़कर 2.84 करोड़ टन रहने का अनुमान जताया है। कंपनी ने नए मुख्य वित्त अधिकारी की नियुक्ति और मोजांबिक में कोकिंग कोल खदान के अधिग्रहण की घोषणा की।

तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,299 करोड़ रुपए रह गया, जो एक साल पहले 3,664 करोड़ रुपए रहा था। शुद्ध बिक्री भी सालाना आधार पर 1.5 फीसदी घटकर 45,646 करोड़ रुपए रह गई। इस अवधि में खर्च तीन फीसदी बढ़ा। कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में संयुक्त रूप से 2.66 करोड़ टन सालाना उत्पादन हासिल किया।

कंपनी ने कहा कि एकल स्तर पर तिमाही प्रदर्शन में अपनी अमेरिकी सहायक के लिए 1,279 करोड़ रुपए का एम्पेयरमेंट प्रावधान और नीदरलैंड डिविजन के लिए 1,039 करोड़ रुपए के एम्पेयरमेंट प्रावधान की वापसी शामिल है। एकीकृत स्तर पर नतीजे में पिछले वर्षों का 136 करोड़ रुपए का कर प्रभाव भी प्रतिबिंबित होता है।

2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में भारत : पनगड़िया

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी अगर इसी तरह की वृद्धि दर बनी रही तो भारत 2026-27 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। हालांकि अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष2027-28 में यह उपलब्धि हासिल करने की उम्मीद अधिक है।

भारत के कृषि श्रमबल को अब औद्योगिक व सेवा क्षेत्र की तरफ मोड़ने की जरूरत है : **अरविंद पानगड़िया**

पानगड़िया ने कहा, 'हम वास्तविक रूप से डॉलर के संदर्भ में बीते 20 वर्षों के दौरान करीब 8 फीसदी की दर से बढ़े हैं। हमने इस बीच वैश्विक आर्थिक संकट और कोविड महामारी का सामना किया। हम वास्तव में जो आजकल जो कुछ देख रहे हैं, उसे बीते दो दशकों में हासिल किया गया है।'

पानगड़िया ने सीआईआई के सालाना कारोबार सम्मेलन में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी की स्थिति को लगभग खत्म कर दिया है। लेकिन भारत के कृषि श्रमबल को अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र की तरफ मोड़ने की जरूरत है। पानगड़िया ने जोर देकर कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्रम कानूनों में सुधार और बाजार को श्रम साध्य उद्योगों में पूंजी लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत की 45 फीसदी आबादी अब भी कृषि कार्य से जुड़ी हुई है।

नई ईवी नीति में कोई भी फर्म लगा सकेगी कारखाना

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। देश में पहले से वाहन बना रही कंपनियों समेत सभी कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बनाने के लिए नई परियोजना या संयंत्र में निवेश की इजाजत दी जा सकती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आज कहा कि केंद्र सरकार हाल में मंजूर ईवी नीति के तहत कंपनियों को नए निवेश के लिए अनुमति देने की योजना बना रही है।

भारी उद्योग मंत्रालय विस्तृत दिशानिर्देश तैयार कर रहा है, जिसमें इससे जुड़ा पूरा ब्योरा स्पष्ट किया जाएगा और इसकी घोषणा भी की जाएगी। अधिकारी ने कहा, 'उद्योग के साथ बातचीत का दूसरा दौर शुरू होने को है।'

उद्योग के साथ शुरू होने को है बातचीत का दूसरा दौर

अमेरिका की नामी ईवी कंपनी टेस्ला के ईलॉन मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने आने वाले थे। मगर करीब एक महीने पहले मस्क ने बहुत अधिक व्यस्त होने के कारण यह बैठक रद्द कर दी। अब मस्क इस साल के अंत में भारत आ सकते हैं। उनकी यात्रा रद्द होने के कुछ समय बाद ही अधिकारी ने इस योजना की जानकारी दी है।

मार्च में घोषित ईवी नीति में उन विनिर्माण कंपनियों के लिए आयात शुल्क कम करने की बात कही गई है, जो कम से कम 50 करोड़ डॉलर निवेश का वादा करेंगे और तीन साल के भीतर देश में कारखाना लगाएंगे। उन्हें काम शुरू करने के तीन साल के भीतर भारत में ही 25 फीसदी मूल्यवर्धन शुरू करना होगा। पांचवें साल तक इसे बढ़ाकर 50 फीसदी करना होगा।

सार संक्षेप

एएसके ऑटोमोटिव का मुनाफा 112 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। वाहनों के लिए कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड ने मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में 47.76 करोड़ रुपए का सकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 22.51 करोड़ रुपए की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 785.86 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 571.13 करोड़ रुपए की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 173.77 करोड़ रुपए का सकल लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष के 122.95 करोड़ रुपए की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में कंपनी का राजस्व 3004.95 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष के 2566.28 करोड़ रुपए की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने एक रुपया प्रति शेयर अर्थात 50 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।

संजीव जैन बने विप्रो के नए सीओओ

नई दिल्ली। विप्रो ने संजीव जैन को नया मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि अमित चौधरी के इस्तीफा देने के बाद तत्काल प्रभाव से जैन की नियुक्ति की गई है। कंपनी के बाहर अवसर तलाशने के लिए चौधरी ने इस्तीफा दिया है। वह मई के अंत तक कंपनी में रहेंगे। यह हाल के दिनों में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के इस्तीफे का नया मामला है। इससे पहले मुख्य कार्य अधिकारी थिएरी डेलापोर्टे और मुख्य वित्त अधिकारी जतिन दलाल ने त्यागपत्र दिया था। जैन कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी श्रीनिवास पालिया को रिपोर्ट करेंगे और विप्रो की कार्यकारी समिति के सदस्य बने रहेंगे। वह बेंगलूरु में रहेंगे। जैन साल 2023 में बतौर वैश्विक प्रमुख विप्रो में शामिल हुए थे। उनके पास बड़ी, विविध टीमों का नेतृत्व करने और वैश्विक परिचालन को बढ़ाने का 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की एचके टोल का कर्ज हुआ एनपीए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के कई बड़े बैंकों ने एचके टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित ऋणों को जनवरी-मार्च तिमाही में गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) करार दे दिया है। एचके टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की विशेष उद्देश्य इकाई है। इस वर्ष जनवरी में एक्विटे रेटिंग्स ने एचके टॉल को बैंकों से मिले 510.39 करोड़ रुपए के कर्ज की दीर्घ अवधि की रेटिंग 'बी' से घटाकर 'डी' कर दी थी। इस रेटिंग एजेंसी ने 15.61 करोड़ रुपए के ऋणों की दीर्घ अवधि की रेटिंग भी 'बी' से घटाकर 'सी' कर दी थी। एक्विटे ने कहा कि कंपनी बैंकों को सावधि ऋणों का मूलधन नहीं चुका पाई। एक्विटे रेटिंग्स ने कहा कि ब्याज चुकाने में देर नहीं हुई है मगर कंपनी के पास पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण मूलधन नहीं चुकाया गया है।

विशेष कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के

- सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 अंक पर
- निफ्टी 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 अंक पर बंद

मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की खरीद की।

नियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था।

एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा।

विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। जेएसडब्लू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

निवेशकों का देश बन रहा भारत : उदय कोटक

पूंजीगत बाजार बनेगा विकास का इंजन

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की वार्षिक बिजनेस समिट में कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और निदेशक उदय कोटक ने कहा कि भारत तेजी से निवेशकों का देश बन रहा है। यह बदलाव काफी उत्साहजनक है।

कोटक ने कहा कि अगर भारत को अपने भविष्य को वित्त पोषित करना है तो पूंजीगत बाजार इसके लिए एक विशाल इंजन है। म्यूचुअल फंड में एसआईपी तेजी से बढ़ रही है और एयूएम में भी काफी तेजी से इजाफा हो रहा है। हमें पूंजी आधारित बाजार बनाने की इच्छा को लेकर स्पष्ट होना होगा, लेकिन, हम बाजार की स्थिरता को नहीं छोड़ सकते। हमने अपने बाजारों में वृद्धि देखी है। हमें फंडामेंटल का ध्यान रखना होगा, क्योंकि स्टॉक बाजार का आखिरी उद्देश्य पूंजी बनाना होता है। इसलिए, अटकलें, लेन-देन, मात्रा में वृद्धि इस मूलभूत लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं कि यह देश के विकास के लिए पूंजी जुटाने की इच्छुक कंपनियों के लिए इंजन होनी चाहिए।

अगर भारत को अपने भविष्य को वित्त पोषित करना है तो पूंजीगत बाजार इसके लिए एक विशाल इंजन है : **उदय कोटक**

कोटक ने आगे कहा कि भारत में निवेशकों का विकास होना चाहिए और उन्हें पूंजीगत बाजार में पूंजी बनाने के पूरे मौके मिलने चाहिए। जोखिम को कम करने के लिए मध्यस्थता होना भी पूंजीगत मार्केट के विकास के लिए अनिवार्य है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि हमने पिछले दो दशकों में काफी तरक्की की है।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6400-6500, दाल चना 7400-7500, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 10600-10700, उड़द दाल 12300-12400, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2750-2850 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

पेटीएम ट्रैवल कार्निवल में घरेलू उड़ानों पर समझौता

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने 'पेटीएम ट्रैवल कार्निवल' लॉन्च किया, जिसके तहत फ्लाइट, ट्रेन और बसों समेत यात्रा बुकिंग पर विशेष समर डील तथा डिस्काउंट मिलेंगे। स्पेशल सेल 17 से 21 मई तक चलेगा।

यूजर पेटीएम के माध्यम से घरेलू उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें शून्य सुविधा शुल्क और अधिकतम 750 रुपए तक 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड "INTLSALE" के इस्तेमाल पर अधिकतम दो हजार रुपए तक आठ प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा सभी फ्लाइट बुकिंग पर नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी होगी जिसके तहत एक तरफ की यात्रा या राउंड-ट्रिप टिकट के लिए सबसे कम कीमत सुनिश्चित की जाएगी।

पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा कि गर्मियों में लोग यात्रा करना चाहते हैं और इसलिए समर ट्रैवल सेल की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है जिसमें उड़ानों, ट्रेन और बसों के टिकट पर सबसे ज्यादा छूट उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य इन ऑफरों के साथ हमारे ग्राहकों को नए गंतव्यों को जानने और बिना ज्यादा लागत के गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने में सक्षम बनाना है।



- ट्रेन व बस बुकिंग पर मिलेगी छूट
- बुकिंग के लिए प्रोमो कोड का कर सकते हैं इस्तेमाल

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाली पेटीएम प्रोमो कोड "CRAZYSALE" के इस्तेमाल पर बस टिकटों पर 500 रुपए की छूट दे रही है। इसके अलावा चुनिंदा ऑपरेटरों के साथ बुकिंग पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। पेटीएम के जरिये बुक कराए गए बस टिकट के साथ बस की लाइव ट्रैकिंग, नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी मिल रही है। महिला यात्रियों की कंफर्ट और सुरक्षा के लिए बस रेटिंग, महिलाओं द्वारा सबसे ज्यादा बुक कराई गई और फीमेल फेवरेट जैसे फीचर दिए गए हैं ताकि वे विश्वसनीय जानकारी के आधार पर विकल्प चुन सकें। ट्रेन टिकट के मामले में पेटीएम यूपीआई से टिकट बुकिंग कराने पर लगने वाला कोई भी शुल्क नहीं लेगा। इसके साथ ही लाइव ट्रेन स्टेटस अपडेट, आसान तत्काल बुकिंग, पीएनआर चेक, सीट की गारंटी और नि:शुल्क कैंसिलेशन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं ताकि ट्रैवल प्लानिंग का अनुभव बेहतर बनाया जा सके। इस फ्लेक्सिबिलिटी से हमारे ग्राहकों का यात्रा अनुभव बेहतर बनेगा, उन्हें दिमागी शांति मिलेगी और वे बिना किसी झंझट के यात्रा की योजना बना सकेंगे।

खेल जगत

हम डोप अपराधियों के कोचों को भी निलंबित कर देंगे : सुमारिवाला

नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने खुलासा किया कि अगर कोई एथलीट डोप टेस्ट में फेल हो जाता है तो उनके कोच और एथलीट दोनों पर समान जुर्माना लगाया जाएगा। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा कि यह पहल कोचों को जवाबदेह बनाने और स्वच्छ खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। एएफआई द्वारा अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में पथप्रदर्शक निर्णय लेने के बाद एक आभासी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुमारिवाला ने कहा कि जो एथलीट डोपिंग के लिए पकड़े गए हैं और उन पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनके कोचों को भी इसी तरह की सजा मिलेगी। अब समय आ गया है कि लोगों को बुलाया जाए, उनका नाम लिया जाए और उन्हें शर्मिंदा किया जाए।

राजस्थान रॉयल्स अब केकेआर से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में स्थान बनाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

आईपीएल 2024

■ राजस्थान रॉयल्स को अखरेगी विस्फोटक जोस बटलर की कमी

■ पराग, संजू व यशस्वी को केकेआर के वरुण, सुनील और रसेल से पार पाना होगा

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। शानदार आगाज के बाद अपने पिछले पांच में लगातार चार हार राह भटक 13 मैचों में आठ जीत और पांच हार से राह भटकने वाली राजस्थान रॉयल्स अपने दूसरे घर' गुवाहाटी में भी फिलहाल इतने ही मैचों में पिछले लगातार चार सहित कुल 9 मैच जीतने और गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश से धुलने के बावजूद कुल 19 अंकों के साथ शीर्ष पर रह सबसे पहले आईपीएल 2024 के प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर चुकी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से रविवार को रिटर्न मैच भी जीत दूसरे स्थान पर रहकर प्ले ऑफ में स्थान बनाने के मकसद से उतरेगी। सुनील नारायण के विस्फोटक शतक के बावजूद के जोस बटलर के दूसरे शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाला नाइट राइडर्स से आखिरी गेंद पर दो विकेट से मैच जीता लिया था। अब जोस बटलर के आईपीएल के अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने पर टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए वापस अपने देश इंग्लैंड लौटने से राजस्थान रॉयल्स के लिए रिटर्न मैच जीतना खासी मुश्किल चुनौती होगा।

राजस्थान रॉयल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स पर अपने पहले मैच की जीत को दोहराना है रन बनाने में चार अर्द्धशतकों सहित के लिए सबसे आगे चल रहे लोकल बॉय' रेयन पराग (कुल 533 रन), पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (कुल 504 रन) और एक शतक और एक अर्द्धशतक वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (कुल 348 रन) को खासतौर पर मेहमान टीम के सबसे कामयाब लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (कुल 18 विकेट) व सुनील नारायण (कुल 15 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज हर्षित राणा (10 मैच, 16 विकेट), आंद्रे रसेल (कुल 15 विकेट) और मौजूदा आईपीएल के रिकॉर्ड सबसे महंगे तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (11 मैच, 12 विकेट) से पार पाना होगा। अब बटलर के स्वदेश लौटने जीत के मकसद से यशस्वी जायसवाल के साथ कप्तान संजू सैमसन का केकेआर के खिलाफ पारी का आगाज करना राजस्थान रॉयल्स की तुरुप चाल साबित हो सकता है। राजस्थान रॉयल्स का ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को पिंच' हिटर के रूप मे भेजने का दांव अब तक तो उलटा ही पड़ा है। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स सलामी बल्लेबाज खासतौर पर यशस्वी जायसवाल से बड़ी पारी खेल कर बड़ा स्कोर खड़ा करने और ध्रुव जुरैल से फिनिशर की भूमिका निभा उसकी नैया किनारे लगाने की उम्मीद करेगा। वहीं सबसे पहले शीर्ष पर रहकर प्ले ऑफ में जगह पक्की कर चुकी केकेआर के सबसे कामयाब बल्लेबाज सुनील नारायण (कुल 461 रन), एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर (कुल 287 रन), वेंकटेश अय्यर (कुल 267 रन) , आंद्रे रसेल (कुल 222 रन) व रिंकू सिंह (कुल 168 रन) की कोशिश राजस्थान रॉयल्स के सबसे कामयाब लेग स्पिनर (कुल 17 विकेट) व देर से रंग मे आने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (7 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज आवेश खान(कुल 13 विकेट), ट्रेंट बोल्ट (कुल 12 विकेट) व चतुर स्विंग गेंदबाज संदीप शर्मा (कुल 10 विकेट) शुरू से दे दनादन कर उनकी लय बिगाड़ने की होगी। केकेआर की टीम ने जिस तरह मौजूदा संस्करण में अब तक दे दनादन अंदाज मे बल्लेबाजी की उसके मद्देनजर राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती खासतौर पर उन पर लगाम लगाने की होगी।

केएसएसआर निशानेबाजी में खेल मनोविज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालने वाली कार्यशाला की मेजबानी करेगा : बिंद्रा

■ राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) बिभु कल्याण नायक हैं

नई दिल्ली, 18 मई (देशबन्धु)। निशानेबाजों की जिंदगी में खेल मनोवैज्ञानिकों की अहम भूमिका पर केंद्रित पांच दिवसीय प्रमाणन कार्यक्रम 20 से 24 मई तक यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (केएसएसआर), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर), नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया(एनआरएआई), टारगेट ओलंपिक पॉडियम स्कीम(टॉप्स) और नेताजी सुभाष नैशनल इंस्टिटयूट ऑफ स्पोटर्स (एनएसएनआईएस), पटियाला के सहयोग से करेगा। देश के अपने किस्म के इकलौते राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) बिभु कल्याण नायक हैं। इस प्रमाणन कार्यक्रम में 2008 के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा, भारतीय निशानेबाजी के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर डॉ. पियरे बियूचैम्पस निशानेबाजी प्रशिक्षक समरेश जंग, रौनक पंडित और अन्य चैंपियन खिलाड़ी और प्रशासक जैसे वक्ता इसमें शिरकत करेंगे। जाने माने खेल वैज्ञानिकों, हाई परफॉमेंस प्रशिक्षकों, निशानेबाजी चैंपियनों और प्रशासकों के नेतृत्व में व्याख्यानों, पैनल चर्चा, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के संयोजनों के माध्यम से यह कार्यक्रम इसमें शिरकत करने वालों को अत्याधुनिक रणनीतियों और व्यवहारिक हस्तक्षेपों से परिचित कराने का वादा करता है। इस प्रमाणन कार्यक्रम का मकसद निशानेबाजों की कामयाबी में खेल मनोविज्ञान की अहम भूमिका को पहचानते हुए, प्रशिक्षकों और निशानेबाजों को जरूरी प्रशिक्षण उपकरणों से सज्जित करना है। इस गहन कार्यक्रम का मकसद निशानेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निशानबाजों के लि मानसिक स्वास्थ्य मदद में मौजूदा अंतर को पाटना है। यह कार्यक्रम भी बताता है कि निशानेबाज मनोवैज्ञानिक बाधाओं को कारगर ढंग से हल करने, शूटिंग रेंज में खुद को मनमाफिक प्रदर्शन करने के लिए ढालने, दबाव में संयम बनाए रखने, अहम व निर्णायकों क्षणों उत्कृष्ट प्रदर्शन की तकनीक कैसे तैयार कर सकता है।

भारतीय टीम को कोचिंग देना 'दुनिया का सबसे बड़ा काम' है : जस्टिन लैंगर

■ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ लगभग चार साल तक काम किया : जस्टिन लैंगर

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने खुद को भारत के अगले मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर कर दिया है और कहा है, यह दुनिया का सबसे बड़ा काम है और जब वह ऑस्ट्रेलिया की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए इस पद पर थे तो उनकी तमन्ना पूरी हो चुकी थी।

इस सप्ताह की शुरुआत में, बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर भारत के मुख्य कोच पद के लिए 27 मई की समय सीमा निर्धारित करते हुए आवेदन आमंत्रित किए थे। भारत के पूर्व कप्तान और भारत के वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग नहीं करेंगे। नौकरी विवरण के अनुसार, भारत की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच तीनों प्रारूपों के लिए होगा और जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक प्रभारी रहेगा। भारत के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का मूल अनुबंध नवंबर में 2021 पुरुष टी-20 विश्व कप के बाद शुरू हुआ था और घरेलू मैदान पर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया और इसे इस साल के पुरुष टी-20 विश्व कप तक बढ़ा दिया गया। लैंगर ने शनिवार को मुंबई इंडियंस पर एलएसजी की मैच में 18 रन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि क्रिकेट की विशाल मात्रा और भारी अपेक्षाओं के कारण भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनना क्रिकेट में लगभग सबसे बड़ा काम होगा। यह एक बड़ी चुनौती होगी, यह बहुत मजेदार होगा। यह आईसीसी खिताब जीतने का एक शानदार मौका होगा, लेकिन इन सभी चीजों के साथ, समय सही होना चाहिए। लैंगर, जिन्होंने इस साल आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोचिंग दी थी, ने कहा कि मैंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ लगभग चार साल तक काम किया। यह सर्वव्यापी है। यह थका देने वाला है और मुझे लगता है कि राहुल द्रविड़ जैसा कोई और शायद आपको वही बात बताएगा, रवि शास्त्री आपको वही बात बताएंगे। भारतीय टीम पर जीत का दबाव बहुत ज्यादा है। इसलिए। मुझे यकीन है कि नौकरी पाने वाला अगला व्यक्ति वास्तव में इस परियोजना के लिए उत्सुक होगा। अपने सीज़न के खट्टे-मीठे अंत में, लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल 2024 के अपने अंतिम मैच में उस दृढ़ता और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसकी उनके कप्तान केएल राहुल ने पूरे अभियान के दौरान इच्छा की थी।

निखत, मीनाक्षी के स्वर्ण सहित भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 12 पदक

एलोर्डा कप 2024

अस्ताना (कजाकिस्तान), 18 मई (एजेंसियां)। मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन और हमवतन मीनाक्षीने स्वर्ण पदक जीते और भारतीय दल ने शनिवार को यहां 12 पदकों के साथ एलोर्डा कप 2024 अभियान का समापन किया। निखत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा, भारतीय मुक्केबाजों ने कजाकिस्तान के अस्ताना में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन में दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर अपने पिछले संस्करण के पांच पदकों के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। निखत जरीन (52 किग्रा) ने मौजूदा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखा और कजाकिस्तान की ज़ज़ीरा उरकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपनी प्रतिष्ठित पदक संख्या में एक और स्वर्ण जोड़ लिया। मीनाक्षी ने भारत के लिए दिन की धमाकेदार शुरुआत की जब उन्होंने महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस बीच, अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फ़ाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। अनामिका ने बहादुरी से संघर्ष किया लेकिन मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

पदक विजेता

स्वर्ण: मीनाक्षी (48 किग्रा) और निखत ज़रीन (52 किग्रा)

रजत : अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा)

कांस्य

पुरुष : याईफाबा सिंह सोइबम (48 किग्रा), अभिषेक यादव (67 किग्रा), विशाल (86 किग्रा) और गौरव चौहान (92+ किग्रा),

महिला : सोनू (63 किग्रा), मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा), शलाखा सिंह संसनवाल (70 किग्रा) और मोनिका (81+ किग्रा)।

सार संक्षेप

भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें यूरोप दौरे के लिए रवाना

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार को यूरोप के दौरे पर रवाना हुईं। दौरे के दौरान, भारतीय जूनियर पुरुष टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश और जर्मनी से प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से भिड़ेगी। कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 21 मई को ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 26 मई को जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटने से पहले 24 मई को बेल्जियम से मुकाबला करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी। वे 27 मई को फिर से जर्मनी का सामना करने के लिए डसेलडोर्फ की यात्रा करेंगे, जिसके बाद 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के साथ मुकाबला खेलने के बाद अपना यूरोप दौरा समाप्त करेगी।

मिजोरम ने असम को 5-1 से हराया, सेमीफाइनल में दिल्ली से मुकाबला

नारायणपुर (छत्तीसगढ़)। मिजोरम ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में असम पर 5-1 से जीत के साथ पुरुष स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। मिजोरम ने शानदार फॉर्म के साथ मैच में प्रवेश किया और अपने तीन ग्रुप मैचों में 15 गोल किए और सभी नौ उपलब्ध अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया। मिजोरम की इस टीम की गोल स्कोरिंग क्षमताओं के बारे में ज्यादा संदेह नहीं था और उन्होंने यह साबित कर दिया जब उन्होंने मैच के दूसरे ही मिनट में लालरेमत्लुआंगा की फ्री किक के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की। असम ने पहले हाफ में संघर्ष दिखाया और उत्तम लिंबू के गोल की बदौलत 18वें मिनट में मैच बराबर कर लिया, जो अभिनाश बोरो के क्रॉस पर हुआ। बॉक्स के बाहर से इमानुएल लालहरुइजेला की बाएं पैर की वॉली से मिजोरम ने 43वें मिनट में शानदार अंदाज में बढ़त बना ली और पहला हाफ 2-1 से समाप्त हुआ।

प्रणवी, दीक्षा सहित तीन भारतीयों ने जर्मन मास्टर्स में कट पार किया

ब्रैंडनबर्ग(जर्मनी)। इस सप्ताह शुरुआत करने वाली सात भारतीयों में से तीन गोल्फर जर्मन मास्टर्स में दो राउंड के बाद कट पार करने में कामयाब रहीं। इन तीन खिलाड़ियों में नवोदित खिलाड़ी प्रणवी उर्स, दो बार की एलईटी विजेता दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक शामिल हैं। प्रणवी (73) और दीक्षा (73) दो राउंड के बाद तीन ओवर के स्कोर और संयुक्त 30वें स्थान पर हैं जबकि त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर और संयुक्त 55वें स्थान के साथ कट पार करने में कामयाब रहे।

निलंबित होने के कारण अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही।

परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है।

केन्याई धावक क्वेमोई पाए गए ब्लड डोपिंग के दोषी, छह साल का प्रतिबंध

■ क्वेमोई को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ब्लड बूस्टर के इस्तेमाल का दोषी पाया गया

नैरोबी, 18 मई (एजेंसियां)। केन्या के ओलंपियन और 10 हजार मीटर में पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन रोजर क्वेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने ब्लड डोपिंग के लिए छह साल का प्रतिबंध लगा दिया है। शिन्हुआ ने बताया कि क्वेमोई को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ब्लड बूस्टर के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। इसका खुलासा उनके एथलीट्स बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) से हुआ। एआईयू ने प्रतिबंध के फैसले पर 24 अप्रैल को ही मुहर लगा दी थी, हालांकि इसे सार्वजनिक किया गया। अब 27 साल के हो चुके धावक को पोलैंड में 2016 में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में उनकी जीत के बाद पूर्व अफ्रीकी देश की लंबी दूरी की ट्रैक रनिंग का भविष्य माना जा रहा था। डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन जजों के लंदन स्थित पैनल ने क्वेमोई को ब्लड

डोपिंग का दोषी करार दिया। साथ ही 18 जुलाई 2016 से 8 अगस्त 2023 के बीच उनके द्वारा जीते गए सभी खिताब, रिकॉर्ड और इनामी राशि वापस लेने का भी फैसला सुनाया गया है। इसके अतिरिक्त मामले की सुनवाई के खर्च के रूप में उन्हें वर्ल्ड एथलेटिक्स को तीन हजार डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। वर्ष 2022 में इस्तांबुल हाफ मैराथन में 59.15 मिनट का रिकॉर्ड बनाने वाले क्वेमोई ने लंदन के एक वकील के जरिये तीन जजों के समक्ष सुनवाई का विकल्प चुना।

अब टी-20 विश्व कप में 'शर्मा जी के बेटे' का समर्थन करूंगा : राहुल

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान के.एल. राहुल ने कहा कि अब वह अपने ससुर के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शर्मा जी का बेटा और अपने साथियों को प्रोत्साहित करेंगे। लखनऊ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने आखिरी मैच में रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को वानखेड़े स्टेडियम में धूल चटाई। वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी द्वारा मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराने के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बात करते हुए राहुल ने कहा कि मुझे अब मेरे ससुर का समर्थन मिला है और हम दोनों टी20 विश्व कप में शर्माजी का बेटा (कप्तान रोहित शर्मा,भारत) के लिए जयकार करेंगे।

एक बल्लेबाज के रूप में मैं उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा : रोहित

मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया है कि आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने साथ ही कहा कि खराब प्रदर्शन के बावजूद उनका ध्यान सही दिशा में है और वह अपनी कमियों को दूर करने पर काम कर रहे हैं। आईपीएल 2024 सत्र से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या ने रोहित की जगह संभाली थी। रोहित ने टूर्नामेंट में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के आखिरी मैच में 38 गेंदों पर 68 रन की जबरदस्त पारी खेली थी। उन्होंने 14 मैचों में 32.08 के औसत तथा 150 के स्ट्राइक रेट से 417 रन बनाये जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। रोहित ने जियोसिनेमा से कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में मैं जानता हूं कि मैं उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा हूं लेकिन इतने वर्षों तक खेलने के बाद मैं जानता हूं कि मैं ज्यादा सोचूंगा तो मैं खेल नहीं पाऊंगा। मैं सिर्फ यही कोशिश कर रहा हूं कि मेरी सोच सकारात्मक रहे और मैं सही दिशा में अभ्यास करता रहूं और अपने खेल की कमियों को दूर करता रहूं। मुंबई का इस आईपीएल सत्र में उम्मीदों से नीचे प्रदर्शन रहा और शुक्रवार रात वे वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रन से हारकर अंक तालिका में 10वें और सबसे आखिरी स्थान पर रहे। रोहित ने साथ ही कहा कि एक कारण तो यह रहा कि हम अपनी योजना के अनुसार नहीं खेले। हमें खुद को जिम्मेदार ठहराना होगा क्योंकि सत्र में हमने काफी गलतियां कीं। हमने कई मैच गंवाए जो हमें जीतने चाहिए थे लेकिन यह आईपीएल की प्रकृति है।

रोहित की बल्लेबाजी से प्रभावित हुए गावस्कर

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस आईपीएल सीजन का अपना आखिरी मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रन से हार गई। मैच के बाद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की 38 गेंदों में 68 रनों की पारी की प्रशंसा करते हुए इसे बहुत ही सुखद बताया। मुंबई और लखनऊ के बीच मैच एक अजीब तरह का मुकाबला था क्योंकि दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं। लखनऊ ने निकोलस पूरन की तूफानी पारी के दम पर कुल 214/6 रन बनाए, जिन्होंने 29 गेंदों पर 75 रन बनाए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बात करते हुए कहा कि ख़ैर, यह देखना बहुत अच्छी बात थी। क्योंकि देखिए, हम जानते हैं कि मुंबई इंडियंस क्वालिफाई नहीं कर सकती है, लेकिन लगभग 15 दिन बाद शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना, यह बहुत खुशी की बात है। यह बिल्कुल वही है जो आप चाहते हैं। आप चाहते हैं कि रोहित शर्मा टीम को अच्छी शुरुआत दें, ताकि निचले क्रम के बल्लेबाज आकर इसे खत्म कर सकें।

कोहली ने रोहित का समर्थन किया

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की उस टिप्पणी के बाद, जिसमें उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना की थी, विराट कोहली अपनी राष्ट्रीय टीम के कप्तान के समर्थन में आए हैं और इस नियम के खिलाफ बोले हैं क्योंकि यह खेल के संतुलन को बिगाड़ता है। कोहली ने जियो सिनेमा से कहा कि मैं रोहित से सहमत हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन इसमें कोई संतुलन नहीं है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 आईपीएल सीज़न में पेश किया गया था और टीमों के खेल के प्रति दृष्टिकोण में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा गया है। 2024 सीज़न में आईपीएल इतिहास के तीन उच्चतम स्कोर बनाए गए हैं (एसआरएच बनाम आरसीबी, एसआरएच बनाम एमआई और केकेआर बनाम डीसी।) आईपीएल के सर्वकालिक अग्रणी रन स्कोरर ने कहा कि गेंदबाजों को लग रहा है कि उन्हें क्या करना चाहिए। मैंने कभी भी ऐसा अनुभव नहीं किया है जहां गेंदबाज सोचते हों कि वे हर गेंद पर चौका या छक्का खाएंगे। हम उच्च स्तर की क्रिकेट खेल रहे हैं और मेरी राय में इसे इतना हावी नहीं होना चाहिए।